हिन्दी दैनिक
# तीसरा विकल्प न्यूज़
(लखनऊ से प्रकाशित)
वर्षः- 02, अंकः-251, पृष्ठः-08, मूल्यः- 2 रु.
लखनऊ, सोमवार 24 फरवरी 2025



गोरखपुर में होगा मछुआरों की विशाल रैलीः पूर्व सांसद...02

तत्काल टिकट के लिए रात से ही लाइन, सुबह मिल...06



शेयर बाजार में इस हफ्ते उतार-चढ़ाव का अनुमान




टॉप-10 कंपनियों में 8 की वैल्यू 1.66 लाख करोड़ गिरी




31 मार्च तक करें टैक्स सेविंग इन्वेस्टमेंट

## संक्षिप्त समाचार

### राम मंदिर के ट्रस्टी रहे दिवंगत कामेश्वर चौपाल के घर 50 लाख की चोरी

**पटना, एजेंसी।** पुलिस के तमाम दावों के बावजूद राजधानी पटना में चोरी की घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रहीं। इस कड़ी में अब बेखौफ बदमाशों ने चोरी की बड़ी घटना को अंजाम दिया है। इस बार अपराधियों ने अयोध्या के श्री राम मंदिर निर्माण में पहली ईंट रखने वाले दिवंगत कामेश्वर चौपाल के घर को अपना निशाना बनाया है। परिजनों के अनुसार, करीब 50 लाख की संपत्ति की चोरी हुई है। दरअसल, बीते सात फरवरी को कामेश्वर चौपाल का निधन हो गया था। उनके परिजन श्राद्ध कर्म के लिए सुपौल जिले में स्थित अपने पैतृक गांव गए हुए थे।। इसी बीच पटना के बेउर स्थित उनके घर में भीषण चोरी कर ली गई। घर का ताला तोड़कर एक-एक कमरे को खंगाल गया और चोरों ने अलमारी तोड़कर कैश, जेवर समेत एक मुकुट भी चोरी कर लिया।

### अगर पार्टी को मेरी जरूरत नहीं, तो मेरे पास विकल्प हैं: शशि थरूर

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ सांसद शशि थरूर को केरल की एलडीएफ सरकार की अर्थव्यवस्था को लेकर की गई टिप्पणी पर अंदरूनी आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। थरूर ने पार्टी के भीतर नए मतदाताओं को आकर्षित करने की जरूरत पर जोर दिया और कहा कि केरल कांग्रेस में एक मजबूत नेता की कमी हो रही है। उन्होंने यह भी कहा कि तिरुवनंतपुरम से चार बार सांसद चुने जाने से यह साबित होता है कि लोगों ने उनके स्वतंत्र विचारों को समर्थन दिया है। थरूर ने कांग्रेस के वर्तमान हालात पर चिंता जताते हुए कहा कि पार्टी को अब अपने पारंपरिक वोटरों से बाहर जाकर और नए लोगों को जोड़ने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस अपनी अपील बढ़ाने की कोशिश नहीं करती, तो पार्टी को अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में फिर से विपक्ष में बैठना पड़ेगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा,

# महाशिवरात्रि पर वसंत पंचमी और माघी पूर्णिमा जैसी हो तैयारी

**प्रयागराज, संवाददाता।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाशिवरात्रि स्नान पर भी वसंत पंचमी और माघी पूर्णिमा स्नान पर्व जैसी व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। शनिवार को महाकुंभ नगर आए मुख्यमंत्री ने औपचारिक वार्ता में



अफसरों को निर्देश दिए कि ज्यादा से ज्यादा श्रद्धालु संगम में स्नान कर सकेंगे ऐसी व्यवस्था हो। शुक्रवार को आए मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और डीजीपी प्रशांत कुमार ने महाशिवरात्रि स्नान पर्व की तैयारियों की समीक्षा करने के साथ मुख्यमंत्री के निर्देशों से भी स्थानीय अफसरों को अवगत करा दिया था। इसी क्रम में शनिवार को यहां आए मुख्यमंत्री वीकएंड तथा महाशिवरात्रि स्नान पर्व पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखकर समुचित व्यवस्था के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से करीब डेढ़ बजे अरैल पहुंचे। मुख्यमंत्री के करीब एक घंटे बाद केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का आगमन हुआ। इस बीच मुख्यमंत्री ने मंत्रियों तथा अफसरों संग महाकुंभ आयोजन में शेष बचे पांच दिन तथा महाशिवरात्रि स्नान पर्व की तैयारियों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री का श्रद्धालुओं की सुविधा, संगम पर पर्याप्त जल और यातायात प्रबंधन पर उनका विशेष ध्यान रहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्हें कम से कम पैदल चलना पड़े इसका भी ध्यार रखा जाए। मुख्यमंत्री ने यातायात को लेकर बनी योजनाओं को पूरी तरह से लागू करने के निर्देश दिए। स्पष्ट कहा कि अनाधिकृत वाहन मेला क्षेत्र में नहीं दिखने चाहिए। पार्किंग स्थलों का योजनाबद्ध तरीके से उपयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि सुनिश्चित किया जाए कि सड़क पर वाहन न खड़े होने पाएं। इसी क्रम में कहा कि मेला क्षेत्र में जोनल प्लान पूरी तरह से लागू किया जाए। यानि, लोगों को नजदीक के घाट पर नहलाया जाए। इसके लिए जरूरी डायवर्जन तथा ट्रैफिक प्लान तैयार कर लिया जाए। साथ ही उन्होंने यह भी कि मेला क्षेत्र में किसी को बेवजह रुकने न दिया जाए और न ही रोका जाए। लोग चलते रहें। मुख्यमंत्री ने स्नान के लिए पहले केंद्रीय मंत्री तथा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का स्वागत किया। इसके बाद दोनों नेता विशेष मोटरबोट से संगम पहुंचे और स्नान किया। साथ गंगा पूजन एवं आरती की। राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा मुख्यमंत्री ने हनुमान मंदिर एवं अक्षयवट में भी दर्शन-पूजन किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को फिर महाकुंभ नगर में आएंगे। अक्तूबर में महाकुंभ का लोगो जारी होने के बाद यह उनका 18वां दौरा होगा। मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर करीब ढाई बजे अरैल में उतरेगा। वहां से सेक्टर 21 स्थित सतुआ बाबा के शिविर में जाएंगे।

### मुख्यमंत्री ने परखी महाशिवरात्रि स्नान पर्व की तैयारी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्थलीय निरीक्षण के साथ हेलीकॉप्टर तथा मोटरबोट से भी महाशिवरात्रि तथा उससे पहले आने वाली भीड़ को ध्यान में रखकर की तैयारियों को परखा। मुख्यमंत्री ने प्रयागराज आते समय ही हेलीकॉप्टर से मेला क्षेत्र का अवलोकन किया। इसके बाद विशेष मोटरबोट से संगम तथा अन्य घाटों की स्थिति को देखा। इस दौरान केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा के साथ प्रदेश सरकार के कई मंत्री भी मौजूद रहे।

### कहीं न होने पाए जाम

शहर तथा मेला के प्रवेश वाले मार्गों के अलावा जिले की सीमावर्ती सड़कों पर लगातार जाम की समस्या बनी हुई है। शहरियों का तो घरों से निकलना भी मुश्किल हो गया है। बैठक में मुख्यमंत्री इस स्थिति को लेकर काफी सख्त दिखे। उन्होंने निर्देश दिया कि कहीं भी जाम की स्थिति न बनने पाए। इसके लिए हर प्रमुख स्थलों पर वरिष्ठ अफसर खुद तैनात रहें। उन्होंने सीमावर्ती जिलों के साथ समन्वय बनाकर यातायात प्रबंध सुचारू रखने के निर्देश दिए।

### आखिरी दिनों में होगा अतिरिक्त दबाव

मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुंभ के समापन में अब चार दिन ही शेष बचे हैं। इस दौरान बड़ी संख्या में सनातन धर्म को मानने वाले संगम स्नान के लिए आएंगे। इसलिए महाशिवरात्रि के अलावा अन्य दिनों में भी श्रद्धालुओं का दबाव होगा। इसे भी ध्यान में रखकर तैयारी की जाए। लोगों की श्रद्धा एवं आस्था का ध्यान रखते हुए सभी इंतजाम किए जाएं।

### संगम तथा अन्य घाटों पर हो पर्याप्त जल

संगम तथा अन्य घाटों पर पर्याप्त जल नहीं होने की लगातार शिकायत मिल रही है। इस पर मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि सभी घाटों पर पर्याप्त जल होना चाहिए। इसके लिए महाशिवरात्रि से पहले जो भी हो सके किया जाए। इसी क्रम में अफसरों ने बताया कि घाटों पर पर्याप्त जलस्तर बना रहे इसके लिए ड्रेजिंग करके सिल्ट हटाए जा रहे हैं।

## ट्रंप और मोदी को लोकतंत्र के लिए खतरा बताना दोहरा मापदंडः जियोर्जिया मेलोनी

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी ने हाल ही में वाशिंगटन में आयोजित कंजर्वेटिव पॉलिटिकल एक्शन कॉन्फ्रेंस में अपने वीडियो लिंक के जरिए वामपंथियों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि वामपंथी राजनेता डोनाल्ड ट्रंप, नरेंद्र मोदी और अर्जेंटीना के



राष्ट्रपति जेवियर मिल्ले जैसे नेताओं को लोकतंत्र के लिए खतरा बताकर दोहरे मानक अपना रहे हैं। उनका कहना था कि जब ये नेता बात करते हैं तो उन्हें आलोचना का शिकार बनाया जाता है, जबकि 90 के दशक में बिल क्लिंटन और टोनी ब्लेयर जैसे नेताओं को सम्मानित किया गया था। मेलोनी ने अपने भाषण में कहा, जब ट्रंप, मेलोनी, मिल्ले या मोदी बात करते हैं, तो उन्हें लोकतंत्र के लिए खतरा कहा जाता है। यह एक और दोहरा मापदंड है, लेकिन अब हम इसके आदी हो चुके हैं। अच्छे दिन की बात यह है कि लोग अब इन झूठों पर विश्वास नहीं करते, चाहे वे हम पर कितना भी कीचड़ उछालें।

दिल्ली विधानसभा का पहला सत्र

## आप और भाजपा ने विधायक दल की बैठक करके तय की रणनीति, हंगामे की पूरी संभावना



**नई दिल्ली, एजेंसी।** विधानसभा का पहला सत्र 24 फरवरी से शुरू हो रहा है और इसके हंगामेदार होने की पूरी संभावना है। भले ही यह सत्र केवल तीन दिन का हो, लेकिन जिस प्रकार से कार्यवाही की सूची सामने आई है और दिल्ली सरकार में सत्तारूढ़ भाजपा व विपक्षी आम आदमी पार्टी ने अपनी रणनीति तैयार की है, उससे यह साफ है कि विधानसभा में तीखी नोकझोंक होगी। दोनों पार्टियों ने सत्र के मद्देनजर अपनी रणनीति तय करने के लिए रविवार को अपने-अपने विधायक दल की बैठक की। सत्र 27 फरवरी तक चलेगा, जिसमें 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर कार्यवाही स्थगित रहेगी। सत्र के पहले दिन 24 फरवरी को विधानसभा के सदस्य शपथ लेंगे, जिसमें मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और उनके मंत्रिमंडल के सहयोगी भी शामिल होंगे। उनको प्रोटेम स्पीकर अरविंदर सिंह लवली शपथ दिलाएंगे। इसके बाद भाजपा के वरिष्ठ नेता विजेंद्र गुप्ता को स्पीकर पद के लिए चुना जाएगा। बताया जा रहा है कि विपक्षी आम आदमी पार्टी ने अपने किसी विधायक का नाम स्पीकर पद के लिए प्रस्तावित नहीं किया है, जिससे यह तय है कि विजेंद्र गुप्ता निर्विरोध स्पीकर चुन लिए जाएंगे। इसी तरह पहले दिन उपाध्यक्ष पद का भी चुनाव होगा।

# भारत ने पाकिस्तान को छह विकेट से हराया

### विराट कोहली ने वनडे करियर का 51वां शतक जड़ा

**दुबई, एजेंसी।** भारत ने पाकिस्तान को छह विकेट से हरा दिया है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान की टीम 49.4 ओवर में 241 रन पर सिमट गई थी। जवाब में भारत ने 42.3 ओवर में चार विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। विराट कोहली ने वनडे करियर का 51वां शतक लगाया। वह 111 गेंद 100 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत को 223 के स्कोर पर चौथा झटका लगा। शाहीन अफरीदी ने हार्दिक पांड्या को विकेटकीपर रिजवान के हाथों कैच कराया। वह आठ रन बना सके। भारत को 60 गेंद में 19 रन की जरूरत है। विराट कोहली को शतक बनाने के लिए 14 रन की जरूरत है। उनके साथ अक्षर पटेल क्रीज पर हैं। भारत को 214 के



स्कोर पर तीसरा झटका लगा। खुशदिल शाह ने श्रेयस अय्यर को इमाम के हाथों कैच कराया। वह 67 गेंद पर पांच चौके और एक छक्के की मदद से 56 रन बनाकर आउट हुए। श्रेयस ने कोहली के साथ 114 रन की साझेदारी निभाई। फिलहाल कोहली और हार्दिक क्रीज पर हैं। कोहली 51वें शतक के करीब हैं। भारत को जीत के लिए 20 रन चाहिए और कोहली को शतक के लिए 15 रन चाहिए। 37 ओवर के बाद भारत ने दो विकेट गंवाकर 201 रन बना लिए हैं। फिलहाल विराट कोहली 81 रन और श्रेयस अय्यर 50 रन बनाकर क्रीज पर हैं। भारत को जीत के लिए 78 गेंद पर 41 रन की जरूरत है। श्रेयस ने वनडे करियर का 21वां अर्धशतक लगाया। 35 ओवर के बाद भारत ने दो विकेट गंवाकर 189 रन बना लिए हैं। फिलहाल विराट कोहली 71 रन और श्रेयस अय्यर 48 रन बनाकर क्रीज पर हैं। भारत को जीत के लिए 90 गेंद पर 53 रन की जरूरत है। 32 ओवर के बाद भारत ने दो विकेट गंवाकर 175 रन बना लिए हैं। फिलहाल विराट कोहली 65 रन और श्रेयस अय्यर 41 रन बनाकर क्रीज पर हैं। दोनों के बीच अब तक 75 रन की साझेदारी हो चुकी है। श्रेयस भी अब खुलकर बल्लेबाजी कर रहे हैं। उन्होंने चार चौके और एक छक्के लगाए हैं। भारत को अब 67 रन की जरूरत है। कोहली ने 62 गेंद पर वनडे करियर का 74वां अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने 27वें ओवर में नसीम शाह की गेंद पर चौका लगाकर अर्धशतक पूरा किया। फिलहाल कोहली के साथ श्रेयस अय्यर क्रीज पर हैं। दोनों के बीच 30+ रन की साझेदारी हो चुकी है। 27 ओवर के बाद भारत का स्कोर दो विकेट पर 136 रन है। कोहली 53 रन और श्रेयस 14 रन बनाकर क्रीज पर हैं। टीम इंडिया को अब जीत के लिए 106 रन की जरूरत है। 24 ओवर के बाद भारत ने दो विकेट गंवाकर 124 रन बना लिए हैं। फिलहाल विराट कोहली 45 रन और श्रेयस अय्यर 10 रन बनाकर क्रीज पर हैं। भारत को अब 118 रन की जरूरत है। इससे पहले शुभमन गिल 46 रन बनाकर अबरार अहमद की गेंद पर क्लीन बोल्ड हुए थे।

## तेलंगाना टनल हादसा, अंदर 11 किमी पानी भरा

अधिकारी बोले, 8 मजदूरों के बाहर आने की उम्मीद कम, पानी-कीचड़ निकालने हेवी पंप मंगाया



**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना के नागरकुर्नूल जिले में निर्माणाधीन श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (एसएलबीसी) टनल का एक हिस्सा 22 फरवरी को ढह गया। इस दौरान 8 कर्मचारी फंस गए। एनडीआरडी-एसडीआरएफ रेस्क्यू ऑपरेशन चला रह है। राज्य सरकार के हक वाली कोयला खनन कंपनी सिंगरेनी कोलियरीज भी रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी है। कंपनी के जनरल मैनेजर श्रीनिवास रेड्डी ने रविवार को कहा कि सुरंग में कर्मचारियों के बाहर आने की उम्मीद कम है। नागरकुर्नूल डीएम बी संतोष ने कहा- रेस्क्यू टीमें सुरंग में वहां तक पहुंच गई हैं जहां बोरिंग मशीन काम कर रही थी। लेकिन अंदर फंसे कर्मचारियों से संपर्क नहीं सका। कीचड़ के कारण आगे बढ़ने में परेशानी आ रही है। एसडीआरएफ के अधिकारी के मुताबिक, सुरंग के अंदर जाने का कोई रास्ता नहीं है। घुटनों तक कीचड़ है। सुरंग के अंदर ऑक्सीजन भेजी जा रही है। पानी निकालने के लिए 100 हॉर्स पॉवर का पंप मंगवाया गया है। रेस्क्यू के लिए एनडीआरएफ के 145 और एसडीआरएफ के 120 जवान तैनात हैं। सेना की एक इंजीनियर रेजिमेंट, जो सिकंदराबाद में इन्फैंट्री डिवीजन का हिस्सा है। उसे भी रेस्क्यू में लगाया गया है। हादसा 22 फरवरी की सुबह करीब 8:30 बजे हुआ था। टनल के एंट्री पॉइंट से 14 किमी अंदर टनल की छत का करीब 3 मीटर हिस्सा ढहा है। इस दौरान टनल के अंदर करीब 60 लोग काम कर रहे थे। 52 लोग किसी तरह जान बचाकर निकल आए, लेकिन टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) चला रहे 8 लोग फंस गए। इनमें 2 इंजीनियर, 2 मशीन ऑपरेटर और चार मजदूर हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। तेलंगाना में धंसी सुरंग में फंसे श्री निवास (48) चंदौली जिले के सदर कोतवाली क्षेत्र के माटीगांव के रहने वाले हैं।

### 100 साल पुराना पुल भरभराकर गिरा, चुनावी मौसम में गरमाई राजनीति!

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर जिले के औराई प्रखंड में स्थित 100 साल पुराना पुल ताश के पत्तों की तरह ढह गया, जिससे इस क्षेत्र में आवागमन पूरी तरह से प्रभावित हो गया है। यह हादसा गरहां-हथौड़ी-अमनौर-औराई सड़क मार्ग पर अमनौर खाखर टोला के पास हुआ। हालांकि, गनीमत यह रही कि हादसे के कुछ मिनट पहले ही एक बस पुल से गुजर चुकी थी, जिसके कारण किसी तरह का जान-माल का नुकसान नहीं हुआ। लेकिन इस पुल के गिरने से औराई प्रखंड के अतरार अमनौर, महेश्वाड़ा, कटरा प्रखंड की बेरई दक्षिणी पंचायत सहित करीब डेढ़ लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हो गए हैं। अब इन इलाकों के लोग शहर जाने के लिए सात किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करेंगे, जिसमें अधिकतर रास्ता पैदल तय करना होगा। स्थानीय लोगों का आरोप है कि करीब डेढ़ साल पहले इस सड़क का मरम्मत कार्य कराया गया था।

## शत-प्रतिशत पूरा होगा महिलाओं से किया गया वादाः रेखा

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने विधानसभा चुनाव के दौरान महिलाओं से जो वादे किये हैं, उन्हें पूरा किया जायेगा। श्रीमती गुप्ता ने दिल्ली भाजपा के कार्यालय 14 में विधानसभा सत्र को लेकर हुई विधायक दल की बैठक के बाद संवाददाताओं से आज यहां कहा, दिल्ली को लेकर हमने जो वादे किये हैं, वे पूरे होंगे। आम आदमी पार्टी (आप) की पूर्ववर्ती सरकार ने हमारे लिए खाली खजाना छोड़ा है, इसके बावजूद सभी किए गए वादे पूरे होंगे। उन्होंने कहा, सोमवार को विधानसभा का सत्र शुरू होगा। नवनिर्वाचित विधायक शपथ लेंगे और विधानसभा के अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष का चयन होगा। इसके बाद उपराज्यपाल का अभिभाषण होगा। यह तीन दिनों का सत्र है। तीन दिनों के सत्र के दौरान सारे कामों, जो दिल्ली के जनता के हित के लिए हैं, पर चर्चा होगी। सदन में नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्ट रखी जाएगी। उन्होंने कहा, सदन का पहला



सत्र दिल्ली के लिए नए आयाम लेकर आएगा और बार-बार एक ही बात कहना चाहूंगी कि दिल्ली के लिए हमारी प्रतिबद्धता पूर्णता खरी है और वादे शत प्रतिशत पूरे किये जाएंगे। श्रीमती गुप्ता ने कहा,पिछले चार दिनों में लगातार बैठकें कर रहे हैं। जो स्थिति पिछली सरकार ने हमारे सामने छोड़ी है, उसे जब अधिकारियों के साथ बैठकर सरकार की वित्तीय स्थिति देखते हैं, तो सारे सरकारी खजाने खाली हैं। उन्होंने कहा, महिला सम्मान योजना को लेकर कई बैठकें कर चुके हैं। आज सरकार का खजाना खाली है। दिल्ली की महिलाओं के लिए हम जरूर लाएंगे, अपने वादे को शत प्रतिशत पूरा करेंगे।जनता की अपेक्षा को पूरी करना हमारी जिम्मेदारी है। साथ ही, जिन्होंने दिल्ली को लूटने का काम किया और ठगने का काम किया तथा जिस झूठ को प्रचारित करने का काम कर रहे हैं, उनका मुंह बंद करवाना हमारा काम है। जनता के एक-एक पैसे का हिसाब लिया जाएगा। इस मौके पर दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि कल से विधानसभा का नया सत्र शुरू होने जा रहा है।

## महाकुंभः नाव वाले 20 गुना किराया वसूल रहे

बाइकर्स 2 किमी के 500 ले रहे, 84 गाड़ी सीज, संगम की ओर जाने वाले रास्ते फुल



**प्रयागराज, एजेंसी।** महाकुंभ का आज 42वां दिन है। मेला खत्म होने में 3 दिन और बचे हैं। आखिरी वीकेंड पर श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ गई है। ऑटो, ई-रिक्शा, बाइक वालों के साथ नाव वाले भी मनमाना पैसा वसूल रहे हैं। भास्कर रिपोर्टर ने मौज गिरी घाट से संगम तक नाव बुक करने की बात की तो नाविक ने 20 हजार रुपए मांगे। सामान्य दिनों में नाव बुक करने पर एक हजार रुपए लेने वाले नाविक आज 20 गुना रुपए वसूल रहे हैं। सिविल लाइंस रेलवे स्टेशन के पास बाइकर्स गैंग है। ये यात्रियों को मेला तक पहुंचाने के लिए महज दो किमी के 500 रुपए वसूल रहे। इनके खिलाफ पुलिस ने अभियान चलाया। पुलिस ने 84 बाइकें सीज की हैं। स्टेशन से संगम की ओर जाने वाले रास्तों पर पैदल चलना भी मुश्किल है। भीड़ इतनी है कि पैर रखने की जगह नहीं। शाम 6 बजे तक 1.18 करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान किया। 13 जनवरी से अब तक 61.61 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। एयरपोर्ट पर चाय-कॉफी के लिए लाइन लग गई। एयरपोर्ट के अंदर ज्यादा भीड़ होने की वजह से यात्रियों को बाहर पार्किंग की तरफ रोका गया। फ्लाइट आने के 3 घंटे पहले अंदर एंट्री दी जा रही है।

### फर्जी वोटरों की मदद से बंगाल विधानसभा चुनाव जीतना चाहती है भाजपा

**कोलकाता, एजेंसी।** टीएमसी नेता कुणाल घोष ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए दावा किया है कि बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव जीतने के लिए वह षड्यंत्र रच रही है। टीएमसी नेता ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि भाजपा यहां के मतदाताओं के दम पर चुनाव नहीं जीत सकती है। इसलिए वोटर लिस्ट में फर्जी वोटर जोड़े जा रहे हैं। महाराष्ट्र और दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान विपक्षी पार्टियों ने फर्जी वोटरों का मुद्दा उठाया था। महाराष्ट्र और दिल्ली चुनाव में भाजपा को जीत मिलने के बाद भाजपा का अगला टारगेट बंगाल है।

## पीएम मोदी बोले, कुछ नेता हमारे पर्व-परंपरा को गाली देते हैं

कहा, मैंने पर्ची निकाली, धीरेंद्र शास्त्री की मां के मन में इनके ब्याह की बात चल रही

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बागेश्वर धाम में कहा- नेताओं का एक दल ऐसा है, जो धर्म का मखौल उड़ाता है। ये हमारे पर्व और परंपराओं को गाली देते रहते हैं। हिंदू आस्था से नफरत करने वाले ये लोग सदियों से किसी न किसी भेष में रहते



रहे हैं। ये हमारी मान्यताओं, संस्कृति और मंदिरों पर हमला करते रहते हैं। विदेशी ताकतें भी इन लोगों का साथ देती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले के बागेश्वर धाम में बालाजी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर का डिजिटल शिलान्यास किया। इससे पहले धीरेंद्र शास्त्री ने पीएम नरेंद्र मोदी को बालाजी का विग्रह भेंट किया। उन्होंने सनातन धर्म पर लिखी किताब और स्मृति चिह्न भी भेंट किया। पीएम ने बागेश्वर धाम में बालाजी के दर्शन भी किए। पीएम मोदी ने बताया कि उन्होंने पंडित धीरेंद्र शास्त्री की माता जी की पर्ची निकाली। इसके बारे में धीरेंद्र शास्त्री ने मंच पर कहा कि प्रधानमंत्री जी माता जी से कह रहे थे।

### कैंसर से सुरक्षा के लिए सावधान और जागरूक होना पड़ेगा

प्रधानमंत्री ने कहा कि कैंसर से सुरक्षा के लिए आपको भी सावधान और जागरूक होना पड़ेगा। समय से कैंसर की पड़ताल हो। एक बार कैंसर फैल गया तो ठीक करना मुश्किल हो जाता है।

### एकता के महाकुंभ में नेत्र महाकुंभ चल रहाः मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ को एकता का महाकुंभ कहा। उन्होंने कहा कि एकता के इस महाकुंभ में नेत्र महाकुंभ चल रहा है।

हिन्दी दैनिक
तीसरा विकल्प न्यूज़
लखनऊ से प्रकाशित
सोमवार, 24 फरवरी, 2025


# गोरखपुर में होगा मछुआरों की विशाल रैली : पूर्व सांसद जयप्रकाश निषाद



**तीसरा विकल्प न्यूज़ ब्यूरो**

गोरखपुर। विशाल मछुआ सम्मेलन को लेकर आज एनेक्सी भवन में गोरखपुर आजमगढ़ बस्ती मंडल के मछुआरों की एक आवश्यक बैठक पूर्व सांसद जयप्रकाश निषाद के नेतृत्व में किया गया। बैठक की शुरुआत करने से पहले मछुआ समाज का क्रांतिकारी युवा नेता स्व धर्मात्मा निषाद के स्मृति में 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। बैठक की अध्यक्षता सेवा निवृत सरवन निषाद ने किया मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद जयप्रकाश निषाद रहे। बैठक का में तीनों मंडलों से आए मछुआ समाज के प्रबुद्ध वर्ग के लोगों ने गोरखपुर में विशाल रैली की तैयारी पर अपनी अपनी सुझाव रखा। वही समाज के लोगों ने कहा 2027 में मछुआ समाज को ज्यादा से ज्यादा विधानसभा में भेजने पर जोर दिया गया। गोरखपुर में मछुआ सम्मेलन को सफल बनाने को लेकर सभी जिलों में तैयारी बैठक करने पर निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद जयप्रकाश निषाद ने कहा मेरा केवल एक ही उद्देश्य है मछुआरों का उत्थान उन्होंने कहा जबतक मछुआरों की ताकत पार्टी नहीं देखेगी तो इनको सीधे कैसे टिकट देगी, बिचौलियों की सौदेबाजी खत्म कर के मोदी योगी सीधे मछुआरों को लाभ देना चाहते है, वो चाहे राजनीत में हो या किसी भी क्षेत्र में। जयप्रकाश ने महाकुंभ की चर्चा करते हुए कहा आज महाकुंभ में हजारों मछुआरों को अगर लाभ मिल रहा है तो वो मोदी योगी की देन है। उन्होंने कहा आज भाजपा मछुआरों को हर प्रदेश में सम्मान दे रही है आगे भी हम सभी को अपनी ताकत दिखानी होगी ताकि 2027 में भाजपा मछुआरों को सीधे ज्यादा से ज्यादा टिकट दे। उन्होंने कुछ दूषित मानसिकता वाले पर कटाक्ष करते हुए कहा जो मुख्यमंत्री एक सफल महाकुंभ का नेतृत्व किया उनके ऊपर हर समय आरोप लगाने वाली पार्टियों को जनता ने नकार दिया है, आने वाले 2027 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में मछुआरा समाज कदम से कदम मिलकर साथ चलेगा। वही आगामी सम्मेलन को लेकर सभी लोगों से अपील किया कि आज से ही सब लोग लग जाइए हर जिले में मीटिंग कराने के लिए। वहीं बैठक को संबोधित करते हुए समाज सेवी चंदन निषाद ने कहा मछुआरों की बैठक जहां भी होती है सबसे पहले हम सभी मछुआरों को यह संकल्प लेना होगा की आपस में एक दूसरे को गिराने के लिए कभी कार्य न करें क्योंकि आज अगर आपका भाई आपके समाज का अगर आगे बढ़ रहा है तो कहीं ना कहीं पूरे मछुआ समाज का नाम होता है, और आगे कहां हम अगर मछुआरे हैं तो ऐसा नहीं कि सिर्फ अपने समाज का ही मदद करें समाज में हर वर्ग के जो दबे कुछ ले गरीब तबका है उन सभी को मदद के लिए यह मछुआरे जब आगे आएंगे तब समाज का नाम होगा। सम्मेलन में 5 लाख लोगों की आने का टारगेट है। बैठक में मुख्य रूप से राम रती नायक मुनीम निषाद राम जगत निषाद राजेश निषाद ओमप्रकाश निषाद पार्षद उदयभान निषाद पार्षद रामनाथ निषाद गोरख निषाद ध्रुव निषाद शंभू निषाद अंबिका निषाद शारदा निषाद श्रवण कुमार निषाद धर्मेंद्र जायसवाल, अशोक निषाद, रविप्रताप सिंह, बालमुकुंद निषाद, वेद प्रकाश अमित चंद डॉक्टर आप साहनी प्रदीप बिंद सुभाष निषाद अवधेश निषाद अभय निषाद शिव साहनी रमेश चंद निषाद मुकेश निषाद रामदीन निषाद ब्लॉक प्रमुख राममिलन ब्लॉक प्रमुख भोला निषाद अंबिका प्रसाद निषाद अनिल अग्रहरि राधेश्याम निषाद रामकिशन निषाद संजय साहनी धर्मेंद्र निषाद इंद्रेश निषाद मेवा लाल निषाद सुनील निषाद राजेश साहनी संजय साहनी बिरजू साहनी डॉक्टर स्वामीनाथ साहनी मुकेश निषाद मोहन निषाद विनोद निषाद भागीरथी निषाद सुरेंद्र कुमार भारती संजीत निषाद सबलू साहनी जिला पंचायत सदस्य अरुण कुमार पांडे सरजू गुप्ता मुन्ना निषाद विजय शंकर गौड़ अभिषेक निषाद सिंधु प्रसाद निषाद रामविलास निषाद विजय निषाद आदि काफी संख्या में निषाद समुदाय के लोग उपस्थित हैं।

## कृतिका सिंह ने उत्तीर्ण किया यूजीसी नेट परीक्षा



**तीसरा विकल्प न्यूज़ ब्यूरो**

गोरखपुर। महात्मा गांधी इंटर कालेज के हिंदी प्रवक्ता डा.जनार्दन सिंह की पुत्री कृतिका सिंह ने यूजीसी की नेट परीक्षा उत्तीर्ण किया है। इन्होंने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के अन्तर्गत राजनीति विज्ञान में 98 परसेंटाइल अंक अर्जित किया है। गोरखपुर निवासी कृतिका सिंह ने कार्मल गर्ल्स इंटर कालेज से हाई स्कूल व इंटरमीडिएट , महात्मा गांधी पीजी कालेज से स्नातक व दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय से परास्नातक में प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण किया है। प्राथमिक शिक्षा से ही मेधावी छात्रा रहीं हैं। इन्होंने उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान द्वारा आयोजित युवा रचनाकार के निबंध प्रतियोगिता में प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है।इन्होंने प्रथम प्रयास में सफलता हासिल किया है। यूजीसी नेट परीक्षा उत्तीर्ण करने पर केंद्रीय हिंदी संस्थान आगरा के उपाध्यक्ष व पूर्व कुलपति प्रो.सुरेंद्र दुबे, प्रबंधक मंकेश्वर पांडेय,प्रो.विमलेश मिश्र,डा मुन्ना त्रिपाठी,डा.दीपक त्यागी,डा.महेंद्र राय,डा.प्रत्युष दुबे, प्रधानाचार्य ओमप्रकाश सिंह,डा.रामनाथ वर्मा, शशिभूषण श्रीवास्तव,डा.वीरेंद्र कुमार पटेल,महेंद्र मोहन गुप्त, ओमप्रकाश मिश्र,डा.राजेश श्रीवास्तव, प्रतिमा सिंह, भास्कर त्रिपाठी,अलगू राम,अंगद यादव, जगदीश वर्मा, विनोद कुमार यादव, सुनील गुप्ता,दिलीप पांडेय, विवेकानंद मिश्र,भरत चौहान,जगदीश आनंद, मनोज शर्मा, दीपक कुमार सहित अन्य शिक्षक, शिक्षिकाओं ने खुशी व्यक्त किया है।

## तीसरे दिन भी तलाश जारी गोता खोरों की टीम युवक को खोजने में जुटी

**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता मैनपुरी**



मैनपुरी। थाना औंछा क्षेत्र के ग्राम चीतई महानन्द निवासी जितेंद्र कुमार पुत्र महावीर सिंह शाक्य उम्र लगभग 35 वर्ष 21 फरवरी 25 को लगभग 1:00 बजे अपने घर से मैनपुरी की कहकर निकला था मगर लौटकर वापस घर नहीं पहुंचा था जिसकी सूचना किसी थाना दन्नाहार पुलिस को सूचना दी थी कि एक मोटरसाइकिल दन्नाहार नहर पुल पर लावारिस हालत में खड़ी है मौके पर थाना पुलिस पहुंची गई थी मौके पर एक मोटरसाइकिल खड़ी मिली थी पास में ही एक खाली पर्स व मोबाइल पड़ा हुआ था पर्स में पुलिस को आधार कार्ड मिल गया था आधार कार्ड से पता किया गया तो आधार कार्ड जितेंद्र कुमार पुत्र महावीर शाक्य ग्राम चीतई थाना औंछा का निकला था आधार कार्ड से जितेंद्र के परिजनों को सूचना दी गई थी तभी से पुलिस व परिजनों द्वारा नहर में तलाश की जाने लगी 23, फरवरी को दन्नाहार थाना प्रभारी रविन्द्र सिंह के द्वारा गोता खोरों की टीम को मौके पर बुलाया गया जो स्टीमर के साथ जितेंद्र सिंह की नहर में तलाश कर रही है।

## मैथन में चौबीस कुण्डीय गायत्री महायज्ञ को लेकर प्रेसवार्ता, 25 फरवरी से 28 फरवरी तक भव्य आयोजन



**तीसरा विकल्प न्यूज़ ब्यूरो**

चिरकुंडा /धनबाद। अपने पूर्व निर्धारित कार्यकम 25 फरवरी से 28 फरवरी तक मैथन के रांची कॉलोनी में गायत्री यज्ञ को लेकर रविवार को मैथन रांची कॉलोनी स्थित गायत्री प्रज्ञा मंडल के प्रांगण में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया और यज्ञ के संदर्भ में जानकारी साझा की गई,जानकारी देते हुए यज्ञ संयोजक पुरूषोतम पाण्डे ने बताया कि मैथन में पहला चौबीस कुण्डीय गायत्री महायज्ञ होने जा रहा है आगामी 25 फरवरी भव्य कलश यात्रा के साथ यज्ञ की विधिवत शुरुआत होगी, प्रातः नव बजे मंगल कलश शोभा यात्रा 251 महिलाओं द्वारा नगर भ्रमण करते हुए मैथन के गोगना छठ घाट से पवित्र जलपात्र में जल भरकर यज्ञ स्थल लाया जायेगा। 26 फरवरी को प्रातः आठ बजे से गायत्री महायज्ञ प्रारंभ एव चौबीस कुण्डीय गायत्री हवन किया जायेगा। 27 फरवरी प्रातः आठ बजे से गायत्री महायज्ञ,दीक्षा आदि विविध संस्कार एव संध्या 5 बजे से भव्य दीप यज्ञ का आयोजन किया जायेगा,28 फरवरी प्रातः आठ बजे से गायत्री महायज्ञ की पूर्णाहुति समापन समारोह टोली विदाई एव भव्य भंडारा का आयोजन होगा।यज्ञ प्रारम्भ से पूर्णाहुति तक प्रत्येक दिन संध्या पांच बजे से शांतिकुंज हरिद्वार से आए टोलीयो द्वारा मधुर भजनों एव प्रवचन का भी आयोजन होगा।इस महायज्ञ का मुख्य उद्देश्य नारी सशक्ति करण को लेकर किया जा रहा है। मौके पर मुख्य रूप से गायत्री परिवार के अशोक कुमार पाठक,पिंटू साव,लक्ष्मण सिंह,रामअवतार शास्त्री,वैद्यनाथ राय,अजीत कुमार,कृष्ण मुरारी सिंह,ऊषा पाण्डे,अनिता पाठक,माया देवी,सत्यभामा देवी,मोना कुमारी,सोनी कुमार,मोनी कुमारी सहित दर्जनों की संख्या में गायत्री परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

# भगवान भोलेनाथ की महिमा का जितना वर्णन किया जाए कम है – कौशिक महाराज

**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता मैनपुरी**



मैनपुरी। शहर के देवी रोड स्थित शीतला माता मंदिर परिसर में आयोजित गौतीर्थ तुलसी तपोवन गौशाला के सहायतार्थ आयोजित शिव महापुराण कथा का तृतीय दिवस पुराण मनीषी पूज्य श्री कौशिक जी महाराज के पावन सानिध्य में कथा परीक्षित डॉक्टर कौशलेंद्र दीक्षित व उनकी धर्मपत्नी शुभा दीक्षित एवं यजमान सर्वेश तिवारी, श्रीमती साधना तिवारी ने मंत्रोच्चारण के बीच भगवान की पूजा अर्चना की। पुराण मनीषी पूज्य श्री कौशिक जी महाराज ने भगवान महादेव की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान भोलेनाथ की महिमा का जितना वर्णन किया जाए कम है भगवान भोलेनाथ अपने भक्तों द्वारा सच्चे मन से की गई थोड़ी सी पूजा अर्चना करने से प्रसन्न हो जाते है। उन्होंने कहा मिट्टी से शिवलिंग बनाकर भगवान शंकर की पूजा पूजा करना सर्वश्रेष्ठ है। उन्होंने कहाकी पार्थिव शिवलिंग की पूजा करने से उम्र बढ़ती है तथा लड़कियों को अच्छा वर मिलता है। महाराज श्री ने कहा कि शिव की महिमा बहुत है शिव मंदिर के ध्वज का दर्शन करने से 10 अश्वमेध यज्ञ का फल प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि शिव पुराण की कथा का बहुत महत्व है इस कथा के श्रवण करने से संसार का प्रपंच खत्म हो जाता है। महाराज श्री ने कथा वक्ता के बारे में कहा कि जो वक्त स्त्री से पांव दब बाता हो वह व्यास पीठ पर बैठने की लायक नहीं है व्यसनी वक्त कथा कहने का अधिकारी नहीं है, घर में किसी स्त्री से लड़कर कथा में नहीं आना चाहिए। कथा के दौरान महाराज श्री ने बिंदेश्वरी संहिता तथा रुद्राक्ष की महिमा वर्णन किया। कथा के दौरान महाराज श्री ने श्रद्धालुओं को भगवान शिव पर एक लोटा जल, बेलपत्र आदि चढ़ाने के महत्व को विस्तार से समझाया। कथा के दौरान कौशिक जी महाराज के भजनों पर श्रद्धालू भगवान शिव की भक्ति में लीन नजर आए। कथा के विश्राम पर परीक्षित डॉक्टर कौशलेंद्र दीक्षित व उनकी धर्मपत्नी शुभा दीक्षित, यजमान सर्वेश तिवारी, श्री मती साधना तिवारी, मुख्य अतिथि विधायक भोगांव राम नरेश अग्निहोत्री, कथा आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ संजीव मिश्रा वैद्य जी, प्रदीप गुप्ता, अभिषेक तिवारी, महेश अग्निहोत्री, वीर सिंह भदोरिया, किशन दुबे, विमल पांडेय, आयोजन समिति के सचिव संदीप चतुर्वेदी, प्रदीप दत्त दुबे, राधारानी दुबे, अजय पाल सिंह चौहान आदि ने भगवान शिव की आरती की। कथा का संचालन पंडित रामदेव शास्त्री ने किया। कथा में सौरभ अग्निहोत्री, वेदपाल परमार, नरेंद्र राठौर, डॉ विनोद दीक्षित, प्रशांत मिश्रा, सीमा चौहान, मीडिया प्रभारी आकाश तिवारी, डॉ चन्द्र मोहन सक्सेना, राजीव मिश्रा पप्पे, आदित्य कुमार गुप्ता, सौरभ चौहान, दीपक चौहान, शुभम गुप्ता, गिरजेश लोधी सभासद, बजरंग सिंह जादौन, डॉ वी के मिश्रा, सत्यनारायण गुप्ता, चिराग गुप्ता, गंगाप्रसाद शर्मा आदि बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे।

## लड़की को भगा ले जाने वाले आरोपी को ठाकुरगंज पुलिस ने गिरफ्तार किया

**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता इरफान कुरैशी**



लखनऊ। लखनऊ कमिश्नर अमरेन्द्र कुमार सेंगर दिशा निर्देश द्वारा थाना ठाकुरगंज पुलिस को वादी मुकदमे के द्वारा तहरीर दी गई, 14 वर्ष की पुत्री घर से बिना बताए कहीं चली गई है, इस सूचना पर थाना स्थानीय पर मुकदमा बनाम अज्ञात पंजीकृत कराया, मुखबिर की सूचना प्राप्त हुई, नाबालिक लड़की को बहला फुसलाकर ले जाने के सम्बन्ध में साक्ष्य मिली, आरोपी नीतीश सोनी निवासी लालाबाग पाम सिटी नाला किनारे थाना ठाकुरगंज लखनऊ को आरोपी को जिसके घर से गिरफ्तार किया गया, नाबालिक अपहृता को बरामद किया, इस क्रम (पश्चिम) डीसीपी, द्वारा दिशा निर्देश पर गठित कि कई टीमें लगातार अपराधियों को धरपकड़ कर रही हैं,थाना ठाकुरगंज निरीक्षक श्रीकांत राय के नेतृत्व में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर, नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गया है।

## मिशन सुरक्षा परिषद द्वारा मनाई गई संत गाडगे महाराज जी की 149 वीं जयंती

**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ**



आलमबाग। मिशन सुरक्षा परिषद उत्तर प्रदेश यूनिट द्वारा रविवार को कानपुर रोड स्थित कैलाश पैलेस हिन्द नगर में संत गाडगे महाराज जी की 149 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गयी। इस दौरान संगठन के मुख्य प्रदेश अध्यक्ष संतोष कुमार यादव सहित एस सी एस टी प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष विशाल आनन्द गिहार सन्त गाड़गे महाराज की प्रतिमा पर पुष्पांजली अर्पित करके उन्हे श्रद्धांजली अर्पित किया। इस दौरान मिशन सुरक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व ओ एस.डी. मुख्य मंत्री उ.प्र. गंगाराम अम्बेड़कर ने उपस्थित पदाधिकारी से आगामी 26 मार्च 2025 को लखनऊ चारबाग रविन्द्रालय में आठवें स्थापना दिवस पर पूरे देश भर के संगठन से जुडे लोगों को पूरी तैयारी के साथ अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर कामयाब बनाने का आहवाहन किया है।

# हाउसिंग कॉलोनी से श्री श्री 108 हरिहर और मां दुर्गा की प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर निकाली गई भव्य कलश शोभा यात्रा



**तीसरा विकल्प न्यूज़ ब्यूरो**

धनबाद। चिरकुंडा में श्री श्री 108 हरिहर एवं मां दुर्गा की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर शनिवार ( 22 फरवरी 2025 ) की सुबह तालडांगा हाउसिंग कॉलोनी स्थित दुर्गा मंदिर से हजारों की संख्या में भव्य कलश शोभा यात्रा गाजा बाजा के साथ निकाली गई, यह यात्रा गाजे-बाजे के धार्मिक धुन भक्ति भजन व गीतों के साथ बराकर नदी घाट पहुंची जहां अयोध्या से आए पुरोहितों ने नदी घाट और कलश का पूजा पाठ करवाया इसके बाद यहां से सभी श्रद्धांलुओं के कलश में नदी से जल भरवाया गया और वे पुनः मंदिर की ओर लौटे , इस दौरान क्षेत्र का पूरा वातावरण जय श्री राम के उद्घोष से गूंजयमान होता रहा , सभी श्रद्धालुओं ने अपने माथे पर हल्दी चंदन का टिका लगाए, साथ ही गले और माथे पर मां भगवती का पट्टा लगाया था, इस यात्रा के दौरान यजमान शिवरतन प्रसाद ने बताया कि 1500 से अधिक की संख्या में महिला श्रद्धालु कलश शोभा यात्रा में शामिल हुए हैं इसके अलावे सैंकड़ों पुरुष श्रद्धालू भी मौके पर उपस्थित रहें , कलश यात्रा तालडांगा से बराकर नदी घाट तक जाया गया. इसके बाद विभिन्न आयोजन के साथ शिव परिवार, मां दुर्गा, श्री राधा कृष्ण, श्री पंचमुखी हनुमान, श्री राम दरबार का प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होगा, सभी श्रद्धालुओं के लिए जलपान की व्यवस्था कमेटी द्वारा किया गया है, महायज्ञ को वैदिक संत राघव प्रपन्ना जी महाराज के सानिध्य में सोलह आचार्यों के दल संपन्न करवायेंगे। इसके साथ ही प्रतिदिन संध्या 6 बजे से राम कथा का आयोजन वृंदावन धाम से आयी पूज्या दिव्या देवी द्वारा किया जाएगा, वहीं कार्यक्रम के अंतिम दिन 27 फरवरी को महाभंडारा दोपहर 2 बजे से भक्तों के आगमन तक चलेगा, उन्होंने सभी भक्तों से अपील किया कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर महायज्ञ में शामिल हों तथा महाप्रसाद ग्रहण करें , कलश शोभा यात्रा में किसी तरह की कोई परेशानी न हो इसको लेकर चिरकुण्डा पुलिस एवं चिरकुण्डा नगर परिषद पूरी तरह से तैनात रहे , इस दौरान प्रवीण चौधरी , देवेंद्र सिंह अखिलेश सिंह, जयनाथ सिंह रंजीत मिश्रा , जय प्रकाश सिंह , डब्लू बाउरी, मंजीत सिंह, अनिल यादव, मोनू मिश्रा, अमित सिंह , मनीष गुप्ता सहित अन्य श्रध्दालु मौजूद थे।

## कार में टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त करने का आरोप,रिपोर्ट दर्ज

**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। अलीगंज के सेक्टर - जी निवासी सैयद नासिर ने ट्रक (एचआर 58 सी 0316) के अज्ञात चालक के खिलाफ स्विफ्ट कार में टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त करने का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि वह परिवार के साथ कानपुर जा रहा था, तभी ट्रक चालक ने टक्कर मार दी। जिससे कार में सवार पूरा परिवार डर गया। फिलहाल सरोजनीनगर पुलिस ने सैयद नासिर की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। सैयद नासिर का कहना है कि शनिवार रात करीब 11:30 बजे वह अपनी स्विफ्ट कार से परिवार सहित कानपुर जा रहा था। तभी सरोजनीनगर में बीमा अस्पताल के पास ट्रांसपोर्ट नगर स्थित रेलवे पुल के नीचे पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने उसकी कार में पीछे से दाहिने तरफ जोरदार ठोकर मार दी। पीड़ित ने अपनी कार में ब्रेक लगाया, तो ट्रक चालक कार को घसीटते हुए काफी दूर तक ले गया। जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई और पूरा परिवार सहम गया। फिलहाल पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है

## भाजपा की सत्ता देश और समाज के कुछ एक चुनिंदा लोगों की – अंकित परिहार

**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ**



उन्नाव। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव जी के निर्देशानुसार विधान सभा क्षेत्र 166 भगवंतनगर में अंकित सिंह परिहार के द्वारा प्रति दिन निरंतर गांव -गांव में पीडीए पंचायतों के माध्यम से जन संवाद का क्रम जारी है। इसी क्रम में आज सिकंदरपुर कर्ण ब्लॉक के गांव बन्थर एवं ब्लॉक बिछिया के गांव दुआ में पीडीए पंचायतों का आयोजन किया गया। आज की पीडीए पंचायतों में विचार व्यक्त करते हुए अंकित सिंह परिहार ने कहा की पीडीए पंचायत की यह मुहिम कोई चुनावी मुहिम नहीं है यह समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के अवाहन पर समाज के दबे कुचले कमजोर और वंचित लोगों को समाज की मुख्य धारा में लाकर उनके दरवाजे तक उनके हक अधिकारों को पहुंचाने की समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं की मुहिम है। अंकित सिंह परिहार ने कहा कि भाजपा की सत्ता देश और समाज के कुछ एक चुनिंदा लोगों तक ही सारे साधन और संसाधन सीमित रखना चाहती है लेकिन समाजवादी पार्टी चाहती है कि सपा सरकार आने के बाद सरकार की शक्ति का लाभ समाज के सबसे कमजोर लोगों तक पहुंचे। जब समाज का गरीब और शक्ति विहीन तबके तक सत्ता की ताकत पहुंचेगी तभी सही मायने में देश तरक्की का सही मुकाम हासिल कर पाएगा। आज के दौर में सभी को एकजुट होकर समाजवादी पार्टी को मजबूत करने का काम करना होगा तभी सही मायने में समाजवादी व्यवस्था से देश उन्नति करेगा। कार्यक्रम का संयोजन समाजवादी मजदूर सभा के जिला अध्यक्ष डा. बिंदेस्वरूप ने किया मुख्य रूप से जिला सचिव रमाकांत मिश्रा, ब्लॉक अध्यक्ष विजय यादव, जोनल अध्यक्ष सूरज राजपूत लोधी एवं उमा शंकर यादव, यूथ ब्रिगेड के जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र कुशवाहा, गंगा बक्श सिंह, राम आसरे लोधी, नरेश रावत, मो. असलम, के. बी. दुबे, रमेश गुप्ता, जितेंद्र मौर्या, अर्पित कुशवाहा, जीतू शास्त्री, सोनू मिश्रा, सीताराम लोधी, शुभम गौतम, राजा सिंह, अभिषेक रावत, राम बाबू मास्टर, देश राज टेलर, अनिल दुबे, श्रीपाल कुशवाहा, अन्नू रावत आदि लोग उपस्थित रहे।

## गोल्डन फिश बिल्डिंग में हुई आग की घटना मामले में बिल्डिंग मालिक और प्रबंधक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। सरोजनीनगर में बीते दिनों गोल्डन फिश बिल्डिंग में हुई आग की घटना मामले में पीड़ित ओम तिवारी के रिश्तेदार ने बिल्डिंग मालिक और प्रबंधक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताते चलें कि बीती 20 फरवरी को सरोजनीनगर के दरोगा खेड़ा स्थित पार्थ रिपब्लिक की गोल्डन फिश टावर नंबर -3 बिल्डिंग में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई थी। बिल्डिंग के चौथी तल पर रहने वाले ओम तिवारी आग की चपेट में आकर झुलस गए थे। इस मामले में ओम तिवारी के साले ठाकुरगंज के मल्लाही टोला में रहने वाले अश्र्वनीकांत पांडेय एडवोकेट ने आरोप लगाया है कि अपार्टमेंट के मालिक और प्रबंधक द्वारा मानको की अनदेखी कर अपार्टमेंट का निर्माण कराया गया। साथ ही बिल्डिंग में फायर सेफ्टी और पानी की कोई व्यवस्था न होने के कारण ओम तिवारी गंभीर रूप से जलकर घायल हो गए। आग से उनका काफी आर्थिक नुकसान भी हो गया। वर्तमान समय में ओम तिवारी श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल अस्पताल में भर्ती रहकर इलाज करा रहे हैं। फिलहाल सरोजनीनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# झारखंड राज्य सरकार में कार्यरत शिक्षकों के सेवा की उम्र 60 वर्ष से बढ़ाकर 62 वर्ष करने की मांग



**तीसरा विकल्प न्यूज़ ब्यूरो**

चिरकुंडा /धनबाद। झारखंड व बंगाल की सीमांत पर स्थित शैक्षणिक अंचल निरसा 1,2,3 के शिक्षकों ने 39निरसा विधानसभा क्षेत्र के विधायक अरूप चटर्जी के निरसा स्थित आवास पर रविवार को जाकर मुलाकात की और बजट सत्र के पूर्व राज्य के शिक्षकों हेतु सुनिश्चित वृति उन्नयन योजना की स्वीकृति एवं राज्य सरकार में कार्यरत शिक्षकों के सेवानिवृत्ति की उम्र 60 वर्ष सेबढ़ाकर 62 वर्ष करने की मांग के समर्थन के संबंध में अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के द्वारा एक ज्ञापन दिया गया। अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ शैक्षणिक अंचल निरसा 1,2,3 के अध्यक्ष ने कहा कि राज्य सरकार के शिक्षक, कर्मचारियों, पदाधिकारियों के काम ,दक्षता, सेवा अनुभव एवं तन्मयता का लाभ 60 वर्ष के स्थान पर 62 वर्षों तक जिम्मेवारी के साथ लिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि राज्य के शिक्षकों हेतु सुनिश्चित वृति उन्नयन योजना के स्वीकृति में अपना समर्थन दें। विधायक अरूप चटर्जी ने शिक्षकों को आश्वासन दिए कि एमएसीपी की मांग आप लोगों का सही है, सरकार से दिलवाने का भरपूर प्रयास करूंगा। इस अवसर पर अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष सुधीर पांडे ,प्रमोद कुमार झा, रविंदर तिवारी, राजीव रंजन मिश्रा, पुरुषोत्तम कुमार सिंह, अजीम अंसारी ,संजय सिंह, विनोद यादव ,विनोद चौधरी, प्रसन्न जीत मुखर्जी ,सुनील भगत, योगेंद्र प्रसाद ,मुकेश सिंह, रविंदर यादव, मंसूर रहमान, चुन्नलाल किसकू, प्रभात चतुर्वेदी, सजल संतलाल बैठा ,सोहेल अख्तर, सलीम, नूरलहुसन ,रामस्वरूप प्रसाद ,पूरन रजक, विनोद कुमार, कौशलकिशोर रजक, गौतम सिंह ,कैलाश प्रसाद नायक, धर्मेंद्र कुमार ,विनय कृष्ण बाउरी, विनीत कुमार मिश्रा, अशोक मिश्रा, राम उचित रजक आदि दर्जनों शिक्षक मौजूद थे।

# धुंधरी में मकसूदी मेडिकल स्टोर का भव्य उद्घाटन, ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाओं में मिलेगी राहत



**तीसरा विकल्प न्यूज़ ब्यूरो**

पीलीभीत। अमरिया क्षेत्र के ग्राम धुंधरी में आज मकसूदी मेडिकल स्टोर का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर गांव के सैकड़ों लोग मौजूद रहे और सभी ने नई चिकित्सा सुविधा के लिए प्रसन्नता व्यक्त की। गांव में मेडिकल स्टोर न होने के कारण अब तक लोगों को मामूली से मामूली दवाइयों के लिए अमरिया या अन्य कस्बों की ओर रुख करना पड़ता था। आपातकालीन स्थिति में यह समस्या और भी गंभीर हो जाती थी। इस परेशानी को देखते हुए डॉ. मुबारिक हुसैन ने गांव में एक अत्याधुनिक मेडिकल स्टोर खोलने का फैसला लिया। उनका उद्देश्य ग्रामीणों को सुलभ, किफायती और गुणवत्तापूर्ण दवाइयां एवं स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। उद्घाटन समारोह के दौरान मुख्य अतिथि ताहिर हुसैन ने रिबन काटकर मकसूदी मेडिकल स्टोर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर गांव के गणमान्य नागरिकों ने डॉ. मुबारिक हुसैन को इस सराहनीय पहल के लिए बधाइयां दीं और उनकी इस सेवा भावना की प्रशंसा की। इस शुभ अवसर पर गांव के कई प्रमुख लोग शामिल हुए, जिनमें हाजी फिदा हुसैन अंसारी, पूर्व प्रधान दिलशाद, ग्राम प्रधान इंद्रपाल वर्मा, रोजगार सेवक प्रेम शंकर मौर्य, मो. अहमद, माया प्रकाश, राजा भाई, मोहम्मद रफीक, मोहम्मद इदरीश, सफीकुल हसन, मोहम्मद वसीफ सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। गांववासियों ने बताया कि यह मेडिकल स्टोर उनके लिए किसी वरदान से कम नहीं है। अब छोटी-छोटी दवाइयों और चिकित्सा सुविधाओं के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा, जिससे समय और धन दोनों की बचत होगी। डॉ. मुबारिक हुसैन ने इस अवसर पर कहा कि वह न केवल दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे, बल्कि समय-समय पर स्वास्थ्य जागरूकता अभियान भी चलाएंगे, ताकि ग्रामीणों को स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक किया जा सके। मकसूदी मेडिकल स्टोर का उद्घाटन न केवल एक व्यवसायिक पहल है, बल्कि यह गांववासियों के लिए स्वास्थ्य सुविधा का एक नया द्वार खोलने जैसा है। यह कदम गांव में चिकित्सा क्षेत्र में एक नए युग की शुरुआत करेगा और लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त करने में सहायता करेगा।

## नशा मुक्त जन जागरण यात्रा निकाल लोगो को नशे से दूर रहने की अपील

**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता हरदोई**



हरदोई। मानव उत्थान सेवा समिति श्री हंस योग आश्रम हरदोई निकट सिविल लाइन तहसील के सामने डाकखाना रोड परिसर से नशा मुक्ति जन जागरण यात्रा निकली गयी! यात्रा को भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन,समाजसेवी राजवर्धन सिंह राजू व् श्री हंस योग आश्रम हरदोई प्रभारी महात्मा सुदासानन्द ने हरी झंडी देकर रवाना किया!यह यात्रा श्री हंस योग आश्रम हरदोई निकट रोडवेज बस स्टैंड नुमाइश चौराहा कोतवाली शहर से चलकर बड़ा चौराहा,रामदत्त चौराहा,भूसा मंडी चौराहा,छोटा चौराहा,मुन्नेमिया चौराहा,धर्मशाला रोड,सिनेमा चौराहा,सोल्जर बोर्ड चौराहा,घंटाघर रोड होते हुए श्री हंस योग आश्रम हरदोई परिसर में यात्रा पहुचकर एक महान सत्संग सामरोह में परिवर्तित हो गयी!यात्रा में चल रहे भाई बहन स्लोगन पट्टी लिए जो होगा नशे का आदी,उसके जीवन की होगी बर्बादी,जन जन तक यह सन्देश पहुचना है!नशे को हाथ भी नहीं लगाना है!जो नशे को गले लगाता है!वह मौत को पास बुलाता है!क्यों होते हो तुम बदनाम,बंद करो तुम नशे का पान,जन जन जागरूकता फैलाना है!सबको नशा मुक्त बनाना है!जैसे नारे लगाकर लोगो को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया!भाजपा के जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने कहा कि मानव उत्थान सेवा समिति द्वारा चलाए जा रहे नशा छोड़ो अभियान बहुत ही सराहनीय कार्यक्रम है!नशे का शिकार युवा विशेषकर किशोर अवस्था के बच्चे होते है!और इनको समाजिक तौर पर मार्गदर्शन करके सुधार किया जा सकता है!तभी महात्मा सुदासानन्द ने अपने संबोधन में कहा कि आजकल के तनाव पूर्ण जीवन से छुटकारा पाने के लिए व्यक्ति नशे की ओर बढ़ रहा है!तभी कहा गया है!नशा अंगशराब कर उतर जात प्रभात नाम खुमारी नानका चढ़ी रहे दिन रात!!हमें प्रभु के नाम का सहारा लेने की जरूरत है!ताकि हम नशे की आवश्कता से मुक्त हो सके!और हमारे जीवन का उत्थान हो सके इश्वर के ध्यान से हमें भौतिक ताप नहीं सताते है!हम विषम परिस्थितियों में बिना विचलित हुए अपने सामाजिक कर्तव्य का निर्वहन करने में सक्षम हो जाते है!और हमारे श्री गुरु महाराज जी का भी यही सन्देश है!इस मौके पर विमलेश शिवम् गुप्ता बिहारीलाल,रामदीन दिनकर,राम स्वरूप,जगतपाल रामचन्द्र चक्रपाल,राजाराम,अमरीश कुमार,नितेश,प्रेमा चौरसिया,शिवानी वर्मा,पाविता मिश्र,उषा, सूरजमुखी उर्मिला चौरसिया प्रान्ती शर्मा सहित सैकड़ो श्रद्धालु भक्तगन मौजूद रहे!

हिन्दी दैनिक
तीसरा विकल्प न्यूज़
लखनऊ से प्रकाशित
सोमवार, 24 फरवरी, 2025


# मौलाना ज़हीर अहमद खान इफ्तेख़ारी ने शिया कॉलेज और उसके भ्रष्टाचार के खिलाफ बयान दिया



**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। शिया कॉलेज बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज़ के सदस्य और प्रसिद्ध धर्मगुरु मौलाना ज़हीर अहमद खान इफ्तेख़ारी ने अपने हालिया बयान में शिया कॉलेज के भ्रष्टाचार और मिर्ज़ा यासूब अब्बास के मंसूबों पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि कुछ उर्दू अख़बारों में हज़रत क़ासिम (अ.स.) के रौज़े के निर्माण से जुड़ी खबरों के बाद यह स्पष्ट हो गया कि मिर्ज़ा यासूब अब्बास और उनके भाई अब शिया कॉलेज में हो रही भ्रष्ट गतिविधियों से ध्यान भटकाने के लिए वक्फ़ संपत्तियों पर नज़र गड़ाए हुए हैं, ताकि चंदा इकट्ठा किया जा सके। मौलाना ने कहा कि शिया कॉलेज में हो रहे भ्रष्टाचार और फ़र्ज़ी डिग्रियों की घटनाओं पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जबकि क़ौम के संजीदा और ईमानदार लोग लंबे समय से इसकी शिकायत कर रहे हैं। उन्होंने मिर्ज़ा एजाज़ अतहर अब्बू तुय्यब और कुछ अन्य कर्मचारियों पर आरोप लगाया कि वे वर्षों से ना तो क्लास में पढ़ा रहे हैं और ना ही अपनी डिग्रियां दिखा रहे हैं। मौलाना ज़हीर इफ्तेख़ारी ने कहा कि यह अफसोसजनक है कि इन मामलों की शिकायतें भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक नहीं पहुंच पा रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि शिया कॉलेज में हो रही अनियमितताओं और धोखाधड़ी के खिलाफ कार्रवाई के लिए ईमानदार उलमा और ज़ाकिरीन को एकजुट होना चाहिए और मिर्ज़ा एजाज़ अतहर से सार्वजनिक कार्यक्रमों में तक़रीर करने की चुनौती देनी चाहिए, ताकि उनकी असलियत सामने आ सके। इसके साथ ही, मौलाना ने सभी ईमानदार और इंसाफ़पसंद क़ौमी अफ़राद से अपील की कि वे इस मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग करें और सामाजिक बहिष्कार के जरिए इन भ्रष्टाचारियों के खिलाफ संघर्ष करें। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर इस पर जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो यह इतिहास में ऐसे भ्रष्ट लोगों के साथ उनके नाम का दर्ज होने का कारण बनेगा।

# क्रिएटिव कॉन्वेंट कॉलेज में अभिभावक दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया

**निर्देशिका ऋषिका सचान ने कहा, बच्चे देश का भविष्य हैं**

**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ**



लखनऊ। क्रिएटिव कॉन्वेंट कॉलेज के प्रांगण में आयोजित अभिभावक दिवस के अवसर पर बच्चों के माता पिता ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया और प्रदर्शनी का अवलोकन किया साथ ही साथ फेट का आनंद लिया इस अवसर पर रिदम अकैडमी की डायरेक्टर डॉक्टर श्रेया प्रजापति , रवींद्र गंगवार रिटायर्ड डायरेक्टर आर ई एस ,श्री बी आर वर्मा रिटायर्ड डी ई जी जेल एवम विद्यालय की निदेशिका ऋषिका सचान आदि उपस्थित रहे. क्रिएटिव कॉन्वेंट के प्रबंधक योगेंद्र सचान कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी युग मे कड़ी मेहनत और लगन से शिक्षा ग्रहण करना प्रत्येक विद्यार्थी का लक्ष्य होना चाहिए। कार्यक्रम में मौजूद मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज के बच्चे देश का भविष्य है बच्चों को स्कूली शिक्षा के साथ-साथ खेल, सांस्कृतिक शिक्षा भी आवश्यक है स्कूल के अध्यापकों के अलावा अभिभावक भी बच्चों को ध्यान दे धार के बच्चों के भविष्य में और निखार आ सके। इस मौके पर अन्य विशिष्ट लोग व कई अभिभावक मौजूद रहे।

# शहीद सय्यद हसन नसरुल्लाह और शहीद हाशिम सैफुद्दीन के लिए एसाले सवाब मजलिस का आयोजन संपन्न



**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। रविवार को लखनऊ के ऐतिहासिक छोटा इमामबाड़ा में शहीद सय्यद हसन नसरुल्लाह और शहीद सय्यद हाशिम सैफुद्दीन के लिए एक ईसाले सवाब मजलिस का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शाम 4 बजे आयोजित हुआ, जिसमें दोनों शहीदों की शहादत को याद करते हुए उनकी आत्मा की शांति और उच्च स्थान के लिए दुआ की गई। इन शहीदों ने इस्राइल-फिलिस्तीन युद्ध के दौरान अपनी जान कुर्बान कर इस्लाम और मानवता की रक्षा की थी। उनकी शहादत ने पूरी दुनिया को साहस, निष्ठा और बलिदान की एक मिसाल दी।मजलिस का संचालन मौलाना सय्यद सक़लैन बाक़री साहब ने किया। मौलाना सय्यद मंजर सादिक जैदी साहब ने तक़रीर करते हुए कहा कि शहीद हसन नसरुल्लाह और शहीद हाशिम सैफुद्दीन ने शहादत अपने व्यक्तिगत स्वार्थों के लिए नहीं दी, बल्कि इमाम हुसैन (अ.स.) के रास्ते पर चलते हुए इंसानियत की रक्षा के लिए दी थी। इसी कारण उनके जनाजे में पूरी दुनिया के लोग शामिल हुए। मौलाना सय्यद हसनैन बाक़री साहब ने शहीदों और शहादत की अहमियत को बताते हुए कहा कि जो लोग इंसानियत के लिए अल्लाह की राह में अपनी जान अर्पित करते हैं, उन्हें शहीद कहा जाता है, और शहीद हसन नसरुल्लाह उनमे से एक थे।मौलाना अली अब्बास खान साहब ने भी अपनी तकरीर में कहा कि शहीद हसन नसरुल्लाह और शहीद हाशिम सैफुद्दीन आज भी हमारे बीच जीवित हैं। उन्होंने कहा कि दुश्मन इंसान को मार सकता है, लेकिन उसकी सोच को नहीं, और इन दोनों शहीदों ने जो इंसानियत की सेवा की है, उसकी मिसाल नहीं मिलती।कार्यक्रम में मौलाना साबिर अली इमरानी साहब और जनाब शबीहुल हसन जौनपुरी साहब ने अपनी शायरी और कलाम के जरिए शोहादा-ए-कर्बला और फिलिस्तीन के संघर्ष को याद किया।यह प्रोग्राम लखनऊ की विभिन्न तंज़ीमों द्वारा आयोजित किया गया, जिनमें ऐनुल हयात ट्रस्ट, मजलिसे उलेमा ए हिन्द, शिया उलेमा असेम्बली, विलायत एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट, हैदरी एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी, ताहा फाउंडेशन, इदारे इल्मो दानिश शामिल थेकार्यक्रम के अंत में हिंदुस्तान में अमन और चैन की दुआ की गई और सभी से अनुरोध किया गया कि वे शहीदों की आत्माओं के लिए दुआ करें और उनके बलिदान को याद करते हुए मानवता और न्याय के मार्ग पर चलने का संकल्प लें।

## ‘विद्यालयों और शिक्षा विभाग के कार्यालयों पर पोस्टर चस्पा कर शिक्षकों से लिए जाएंगे उनके लंबित प्रकरण, नंबर किया जारी’

**बिना रिश्वत दिए शिक्षकों का नहीं हो रहा काम, बड़ी संख्या में लंबित पड़े है प्रकरणः महेंद्र सिंह, प्रदेश अध्यक्ष**



**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। विद्यालयों और शिक्षा विभाग कार्यालयों पर पोस्टर चस्पा कर आम आदमी पार्टी शिक्षकों से उनके लंबित प्रकरणों की जानकारी लेगी और उनका निराकरण कराएगी । आम आदमी पार्टी शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह ने बताया कि प्रथम चरण में 25 फरवरी से 15 मार्च तक राजधानी लखनऊ के सभी एडेड विद्यालयों और शिक्षा विभाग के कार्यालयों पर पोस्टर चस्पा किए जाएंगे.पोस्टर पर मोबाइल नंबर 9455006045, 9454672868 जारी किया गया है इस नबर के माध्यम से शिक्षक/ शिक्षणेत्तर कर्मचारी शिक्षा विभाग में अपने लंबित प्रकरण की जानकारी दे सकेंगे इसके बाद उन सभी प्रकरणों के निराकरण के लिए अधिकारियों से वार्तालाप की जाएगी, यदि अधिकारी अपने कर्तव्यों का पालन नहीं करते है तो बोर्ड परीक्षा के बाद विरोध प्रदर्शन,आन्दोलन का रास्ता अपनाया जाएगा । महेंद्र सिंह ने बताया कि जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय लखनऊ में चरम सीमा पर घूसखोरी है 7 बिना रिश्वत दिए शिक्षक/ शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का कोई काम नहीं होता बड़ी संख्या में प्रकरण लंबित पड़े हुए है । शिक्षकों को अपने वेतन, एरियर, चयन, प्रोन्नत वेतनमान पाने के लिए 25 प्रतिशत तक कमीशन देना पड़ता है, घूस न देने पर प्रकरण लटका दिया जाता है इस घूसखोरी से शिक्षक/ शिक्षणेत्तर कर्मचारी परेशान है । प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह ने कहा कि किसी भी शिक्षक/ शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को परेशान होने की जरूरत नहीं है अपने प्रकरण को जारी किए गए नंबर पर नोट करा दें, एक एक प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए उसका निराकरण कराया जाएगा । अधिकारी निरंकुश होते जा रहे है इस पर लगाम लगाई जाएगी ।

# स्थानीय निकाय अध्यक्ष एसोसिएशन उत्तर प्रदेश का समस्या समाधान, परिचर्चा पर की गई गोष्ठी




**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। स्थानीय निकाय अध्यक्षगणों के अधिकारों में प्रदेश सरकार द्वारा लगातार कटौती किया जाना बेहद दुभाग्यपूर्ण है और प्रदेश सरकार को इस दिशा में गम्भीरता से विचार करना चाहिए। उक्त उद्?गार स्थानीय निकाय अध्यक्ष एसोसियेशन के प्रदेश अध्यक्ष देशराज सिंह ने राजधानी लखनऊ के एक होटल में आयोजित अध्यक्षगणों की एक बैठक को सम्बोधित करते हुये व्यक्त किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा नगर निकायों में स्वकर प्रणाली लागू किये जाने से पूर्व निकाय अध्यक्षों से वार्ता करनी चाहिये थी। उन्होंने कहा कि स्वकर प्रणाली लागू होने से नगर की गरीब जनता पर अनावश्यक बोझ बढ़े गा। क्षेत्र की गरीब जनता के हित को देखते हुए अध्यक्ष एसोशिएशन इस स्वकर प्रणाली के विरुद्ध हाईकोर्ट जा रहा है और पूरी उम्मीद है कि न्यायालय से उन्हे न्याय मिलेगा। बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे नगर पालिका परिषद मऊ के अध्यक्ष अरशद जमाल ने कहा कि स्थानीय निकाय अध्यक्ष भी सरकार के ही एक अंग है और सरकार की जनकल्याण कारी योजनाओं के सफल संचालन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है ऐसी दशा में अध्यक्ष व नगर निकायों की मजबूती के लिये सरकार को विचार करना चाहिये। उन्होंने यह भी निकायों का संचालन नियमावली के अनुसार ही होना चाहिये। जमाल ने कहा कि निकायों में बढ़ता प्रशासनिक हस्तक्षेप निकाय की स्वायत्ता के विरुद्ध है और इससे अनावश्यक भृष्टाचार बढ़ता है। बैठक को सम्बोधित करते हुए वरिष्ठ उपाध्यक्ष सरिता गुप्ता ने कहा कि नगर निकाय अध्यक्षों का शोषण गलत है और प्रदेश की सरकार निकायों में प्रशासनिक हस्तक्षेप बढ़ाकर निर्वाचित प्रतिनिधियों व लोकतंत्र को अपमानित कर रही है। जिससे अध्यक्षगणों में आक्रोश बढ़ रहा है। बैठक में राम शरण पाठक अध्यक्ष, न.प. रामनगर, आलोक तिवारी अध्यक्ष न.प. हैदरगढ़, उमाशंकर अध्यक्ष न.प. रूपई डीहा, बिलासपुर, मो. कुंवर अली अध्यक्ष नगर पंचायत हर्रा मेरठ, गंगाराम अध्यक्ष न.प. सिधौली,अनवरी अध्यक्ष, न.प. मगहर श्री कौशलेन्द्र प्रताप सिंह अध्यक्ष न.प. हरैय्या बस्ती, श्रीमती नीलम सिंह राना अध्यक्ष न.प. नगर, बस्ती, श्री रोहित साहू अध्यक्ष न.प. काकोरी, राजेश कुमार अध्यक्ष मोहनलालगंज लखनऊ ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

## समाचार

### विकास प्राधिकरण द्वारा 83 इमारतों को तुड़वाने के आदेश को लेकर प्रेस वार्ता

**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ**



लखनऊ। ठाकुरगंज स्थित मंडप में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया, जिसमें वकीलों और बिल्डरों ने हालिया घटनाओं पर चर्चा की। हाई कोर्ट के वकील बृजेश कुमार और मिर्जा फैसल बाग ने इस मामले में अपने विचार व्यक्त किए। बृजेश कुमार ने कहा कि कोई भी वकील मुकदमा हारना नहीं चाहता, क्योंकि हर मुकदमे में दो पक्ष होते हैं—एक जीतता है और दूसरा हारता है। उन्होंने आगे यह भी बताया कि वकील का मुख्य उद्देश्य जनता के हित में काम करना है,और वे अवैध तरीके से बिल्डिंग बनाने वाले बिल्डरों के खिलाफ मुकदमे लड़ने को तैयार हैं। उनका मानना था कि आम जनता को अपने आशियाने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ती है, लेकिन धोखेबाज़ बिल्डरों के झांसे में आकर वे नुकसान उठाते हैं। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस का उद्देश्य आम जनता के पक्ष को सही तरीके से प्रस्तुत करना और उनके हितों की रक्षा करना था। इसके अलावा, हाल ही में विकास प्राधिकरण द्वारा 83 इमारतों को तुड़वाने का आदेश दिया गया था, लेकिन उच्च न्यायालय ने इस आदेश पर हस्तक्षेप करते हुए उसे रोक दिया। इस फैसले के बाद वकीलों ने कोर्ट के निर्णय का सम्मान करते हुए उसकी सराहना की। वकीलों का कहना था कि कोर्ट ने सही कदम उठाया है और यह आदेश बिल्डरों और आम जनता दोनों के हित में है। यह निर्णय विकास प्राधिकरण के आदेश के खिलाफ एक महत्वपूर्ण हस्तक्षेप था,जिससे वकीलों और बिल्डरों में राहत की भावना पैदा हुई।

### एलडीए के मकान दिलाने के नाम पर ठगी करने वाला ठाकुरगंज पुलिस के हत्थे चढ़ा

**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता इरफान कुरैशी**



लखनऊ। लखनऊ कमिश्नर अमरेन्द्र कुमार सेंगर दिशा निर्देश द्वारा थाना ठाकुरगंज पुलिस को वादिनी नुसरत जहां पत्नी आबिद हुसैन निवासी 350/340/14/16/मोहन रोड नजदीक आलमनगर अशोक बिहार लखनऊ के द्वारा लिखित तहरीर देकर सूचित किया, विपक्षी आरोपी रियाज निवासी गुलाब सिटी जेहटा रोड टीवीएस एजेंसी के सामने थाना दुबग्गा लखनऊ, आरोपी अपने आप को सरकारी नौकर बढ़कर जालसाजी व धोखाधड़ी करके एलडीए में, आवास दिलाने के नाम पर,2,90000, रुपए की ठगी की गई है, आरोपी को यह पता चला हमारे नाम पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है वांछित चल रहा था, पुलिस की सूझबूझ से आरोपी को गिरफ्तारी हुई, इस क्रम (पश्चिम) डीसीपी, द्वारा दिशा निर्देश पर गठित कि कई टीमें लगातार अपराधियों को धरपकड़ कर रही हैं,थाना ठाकुरगंज निरीक्षक श्रीकांत राय के नेतृत्व में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर, नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गया है।

# भोजन से ज्यादा आत्मसम्मान परोसती इण्डियन हेल्पलाइन का प्रकल्प ब्रज की रसोई, जरूरतमंदों के लिए सेवा और मानवता का मिशन जारी



**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी के प्रमुख विपिन शर्मा द्वारा संचालित ब्रज की रसोई आशियाना क्षेत्र में निराश्रित, गरीब, असहाय, अकिंचन और जरूरतमंदों को निःशुक्ल पोषक भोजन प्रदान कर रही है। यह केवल भोजन वितरण का अभियान नहीं, बल्कि जरूरतमंदों को सम्मान और सहारा देने की एक अनूठी पहल है। संस्था के सदस्य संजय श्रीवास्तव का मानना है कि यह प्रयास आर्थिक रूप से कमजोर तबके को राहत देने का माध्यम है। दीपक भुटियानी के अनुसार, इस मुहिम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी व्यक्ति खाली पेट न सोए। दिव्यांशु राज इसे एक महान पुण्य बताते हैं, जबकि संजय सिंह का कहना है कि यह पहल कुपोषित बच्चों और बेसहारा लोगों के लिए किसी वरदान से कम नहीं। मुकेश कनौजिया के अनुसार, भोजन की गुणवत्ता और संतुलन बेहद अहम हैं, और संस्था इस पर विशेष ध्यान देती है। गीता प्रजापति इसे निस्वार्थ सेवा की प्रेरणादायक मिसाल मानती हैं। निशांत सिंह बताते हैं कि यह अभियान लगातार विस्तार पा रहा है और समाज के विभिन्न वर्गों का सहयोग प्राप्त कर रहा है। आज के भोजन वितरण में 915 जरूरतमंदों को पौष्टिक अरहर दाल और जीरा चावल परोसा गया। यह भोजन रतन खंड पानी टंकी के पास स्थित झुग्गियों, निर्माणाधीन विद्यालयों के श्रमिकों और उनके परिवारों, जोन-8 की झुग्गियों और श्रमिक परिवारों तक पहुंचाया गया। इस नेक पहल में संजय श्रीवास्तव, दीपांशु आनंद, संजय सिंह, दीपक भुटियानी, नवल सिंह, निशांत सिंह, मुकेश कनौजिया, अशोक कुमार और गीता प्रजापति सहित कई समाजसेवियों ने योगदान दिया। संस्था के संस्थापक विपिन शर्मा ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह अभियान सेवा, सद्भाव और मानवता की अद्भुत मिसाल है। ब्रज की रसोई यह संदेश देती है कि जब समाज एकजुट होकर प्रयास करता है, तो कोई भी व्यक्ति भूखा नहीं रह सकता।

## सरस अनागत काव्य/सम्मान गोष्ठी संपन्न

**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ**



लखनऊ। अखिल भारतीय अनागत साहित्य संस्थान एवं साहित्य की दुनिया के तत्वावधान में सरस्वती एकेडमी स्कूल भरत नगर सीतापुर रोड लखनऊ में एक सरस अनागत काव्य एवं सम्मान गोष्ठी आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ शायर खालिद हुसैन ने की। मुख्य अतिथि इंजीनियर नमिता सिंह नमी थी, गोष्ठी का कुशल संचालन डॉक्टर प्रवीण पांडेय आवारा ने किया।समारोह का आरंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। डॉक्टर प्रवीण पांडेय आवारा ने वाणी वंदना अवधी में किया। इस अवसर पर डॉक्टर अजय प्रसून, वरिष्ठ शायर खालिद हुसैन,डॉक्टर प्रवीण पांडेय आवारा, डॉक्टर राम राज भारती,इंजीनियर नमिता सिंह नमी एवं पंडित विजय लक्ष्मी ने अपनी गीत,गजल,छंद एवं मुक्तकों से सबका मन मोह लिया। डॉक्टर अजय प्रसून ने सुंदर अनागत गीत 卐इतना मन को छुओ न श्यामल, तन की प्यास रेख हो जाए। ऐसा भी शर्माना क्या है, दर्पण शिलालेख हो जाए।卐 पढ़कर वाहवाही लूटी। वरिष्ठ साहित्यकार खालिद हुसैन ने उम्दा गजल卐लो आ गया फसलें बहार का मौसम।किसी से प्यार के इजहार का मौसम।आओ इसकी खुशबुओं में कहीं खो जाएं। यही है दिलों के बेकरार का मौसम।卐पढ़कर सबका मन मोह लिया। डॉक्टर राम राज भारती ने मुक्तक 卐गांधी जी के आंदोलन की जान तिरंगा है। बल्लभ भाई नेहरू की मुस्कान तिरंगा है卐 पढ़ा। इंजीनियर नमिता सिंह नमी ने होली पर गीत 卐क्यों किए हो खुद को तुम बेजार होली में।हम कर ही देंगे इश्क का इजहार होली में।卐 पढ़कर सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। डॉक्टर प्रवीण कुमार पांडेय ने अवध गीत 卐बीत गा बसंत बौराय लागे अमवा।卐 पढ़ा वहीं पंडित विजय लक्ष्मी ने 卐जो करे पीठ पर उस वार की ऐसी तैसी।卐पढ़कर सबको हसने पर मजबूर कर दिया। अंत ने डॉक्टर राम राज भारती ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

### जान से मारने की प्रयास करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता इरफान कुरैशी**



लखनऊ। थाना मड़ियांव पुलिस को वादी मुकदमा अखिलेश पांडे निवासी सेक्टर बी अलीगंज थाना अलीगंज लखनऊ के द्वारा उपस्थित थाना आकर प्रार्थना पत्र दिया, वादी के ऊपर विपक्षीगण द्वारा एक मत होकर अवैध तमंचे से तीन बार फायर किया और फायर मिस होने से, गाली गलौज करने लगा व जान से मारने की धमकी देने के संबंध में, दाखिल किया तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया, आरोपी राजकुमार नि0 अम्बे हॉस्पिटल के सामने मधुपुरम कॉलोनी भिठौली थाना मड़ियांव लखनऊ को किया गिरफ्तार, कब्जे से अवैध तमंचा 315 बर एक जिंदा कारतूस 315 बर बरामद हुआ, इसी क्रम में , डीसीपी, दिशा-निर्देश पर गठित की कई टीमें लगातार अपराधियों इसको धर पकड़ कर रही है। जिसमें आज थाना मड़ियांव प्रभारी निरीक्षक शिवानंद मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर, नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गया है।

### जानलेवा हमला करने के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया

**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता इरफान कुरैशी**



लखनऊ। लखनऊ पुलिस आयुक्त अमरेन्द्र कुमार सेंगर द्वारा चलाए जा रहे अभियान में अपराधियों की धर पकड़ में राजधानी लखनऊ (दक्षिणी) क्षेत्र में, थाना बिजनौर क्षेत्र के सरयू बिहार कालोनी में एक मकान के किराये के कमरे में आरोपी सूरज यादव उर्फ कल्याण सिंह उर्फ हुकुम निवासी ग्राम अहमदखेड़ा थाना मोहनलालगंज लखनऊ द्वारा अपनी प्रेमिका की हत्या कर देने की सूचना प्राप्त होने पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कराया, आरोपी फरार चल रहा था, तलाश जा रही थी मुखबिर की सूचना पर आरोपी को अलीनगरखुर्द वाले किसानपथ के अन्डरपास से गिरफ्तार किया, आरोपी को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी अरविंद कुमार राणा का अहम रोल नजर आया, इसी क्रम में (दक्षिणी) डीसीपी, द्वारा दिशा-निर्देश पर गठित की पुलिस टीम लगातार अपराधियों को धर पकड़ कर रही है। जिसमें आज थाना बिजनौर प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राणा के नेतृत्व में आरोपी को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गई है,

# सामाजिक परिवर्तन हेतु राष्ट्रीय भागीदारी आंदोलन ने चलाया अभियान




**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। जवाहरलाल नेहरू युवा केंद्र, हुसैनाबाद लखनऊ में राष्ट्रीय भागीदारी आंदोलन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के विभिन्न वक्ताओं ने भागीदारी के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। इस बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष पीसी कुरील ने की और बैठक में राष्ट्रीय भागीदारी कार्यक्रम पर विस्तार से चर्चा की गई। पीसी कुरील ने समाज से आवाहन किया कि 卐उठो, बढ़ो, संगठित हो, शिक्षित और शक्तिशाली बनो卐। उन्होंने कहा कि आज सबकी भागीदारी की आवश्यकता है। राष्ट्रीय भागीदारी आंदोलन के राष्ट्रीय महासचिव मुर्तजा अली ने कहा कि भागीदारी का मतलब केवल सामाजिक और आर्थिक संसाधनों में बराबर की हिस्सेदारी है, जिसमें कृषि भूमि, खनिज पदार्थ, कल-कारखाने, आदि सभी संसाधन शामिल हैं। बैठक में राष्ट्रीय भागीदारी आंदोलन के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद सईक सिद्दिकी ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को उसकी योग्यता अनुसार सेवा, नौकरी, रोजगार, आर्थिक सहायता, ब्याज मुक्त ऋण, शिक्षा, स्वास्थ्य और पेंशन जैसी सुविधाएं मिलनी चाहिए। साथ ही, भागीदारी आंदोलन को अंगीकार करने वालों को सदस्यता आसानी से प्रदान की जाएगी। बैठक में अनीस अंसारी, रिटायर्ड आईएएस, ने कहा कि आबादी के हिसाब से हम सभी की हिस्सेदारी होनी चाहिए। रोहित अग्रवाल ने भागीदारी के मतलब को स्पष्ट करते हुए कहा कि इसमें हम सब में एकता बनी रहे और हम एक बड़ी शक्ति बन सकें। रसूलुल्लाह खान ने कहा कि यह भागीदारी आंदोलन हमें आजादी की भागीदारी की ओर बढ़ाना होगा। पूर्व विधायक आचार्य रामलाल जी ने कहा कि यह एक हिस्सेदारी की लड़ाई है, हमें संगठित होकर संघर्ष करना होगा। इसके अलावा, अन्य वक्ताओं ने भी अपनी बात रखी। पंकज त्रिपाठी, सर्वेश द्विवेदी, फहीम सिद्दीकी, के.के. वत्स्य, जमील वासिफ, मौलाना अब्दुल अजीज, मोहम्मद जफर खान, शमशेर और कई अन्य लोगों ने भी भागीदारी के महत्व पर अपने विचार साझा किए। बैठक में कार्यकारिणी गठन के संबंध में भी चर्चा की गई और सर्वसम्मति से पदाधिकारी का चयन किया गया, जिसमें जगदीश (पूर्व जज), आचार्य रामलाल (पूर्व विधायक), के.के. गौतम (पूर्व मंत्री), भानू प्रताप सिंह, रामबाबू रस्तोगी, सतवीर जाट, मौलाना अली हुसैन कुम्मी, अजय कुमार रवी, पप्पू ताराचंद, सी एल राजन, ईशरत जहा, जगदीश्वर पटेल, गुरु प्रसाद, इंद्र प्रकाश बौद्ध, विमल किशोर, साबरा, फैजुद्दीन सिद्दीकी, राजेश कुमार सिद्धार्थ, सोनम गौतम, मोनी सिंह, यासिर जमील खान, अरशद शफीपुरी, फसीउल्लाह खान, सुनील पटेल, अनस सिद्दीकी, एस एन कुशवाहा, मोहम्मद आफाक, शिवकुमार, नरेंद्र यादव, सुभाष गौतम सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। अंत में, सईक सिद्दिकी ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## आरपीआई कार्यालय में मनाई गई महान संत गाडगे महाराज की जयंती

**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ**



लखनऊ। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के कसमंडा, हजरतगंज स्थित कार्यालय में महान संत गाडगे जी महाराज की जयंती मनाई गई। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए शिक्षा, स्वच्छता को लेकर किए गए उनके अद्भुद योगदान से प्रेरणा लेते हुए उन्हें आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। आरपीआई के प्रदेश प्रवक्ता पीसी चौधरी ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष पवन भाई गुप्ता जी के निर्देश पर आज पार्टी कार्यालय में संत गाडगे जी महाराज की जयंती मनाई गई। संत गाडगे महाराज ने अपने जीवन को समाज सुधार और शिक्षा के प्रचार-प्रसार के लिए समर्पित किया। वे मानते थे कि शिक्षा ही समाज की उन्नति का सबसे बड़ा साधन है। प्रदेश महामंत्री आलोक कुमार ने कहा कि संत गाडगे जी महाराज ने अपने प्रवचनों और कार्यों के माध्यम से लोगों को शिक्षित होने और अपने बच्चों को शिक्षा देने के लिए प्रेरित किया। संत गाडगे महाराज, गांव-गांव घूमकर शिक्षा का महत्व बताते थे और लोगों से अपने बच्चों को स्कूल भेजने की अपील करते थे। आरपीआई प्रबुद्ध प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मंगलेश शुक्ला ने कहा कि संत गाडगे महाराज ने समाजसेवियों और दानदाताओं की मदद से कई स्कूल और शिक्षण संस्थानों की स्थापना की। वे गरीब और वंचित वर्गों की शिक्षा पर विशेष जोर देते थे। उन्होंने बच्चों को मुफ्त शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए समाज से चंदा इकट्ठा कर विद्यालयों का निर्माण किया। महिला प्रकोष्ठ की कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष शानू मल्ल कौशल ने कहा कि संत गाडगे महाराज जी मानते थे कि स्वच्छता और शिक्षा साथ-साथ चलती हैं। इसी कारण उन्होंने गांवों में सफाई अभियान चलाए और लोगों को शिक्षित होने की प्रेरणा दी। गाडगे महाराज ने शिक्षा को अंधविश्वास और कुरीतियों को मिटाने का सबसे बड़ा माध्यम माना। उन्होंने समाज को जागरूक किया कि शिक्षित व्यक्ति ही सही और गलत में अंतर कर सकता है। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ मोनिका मिश्रा, प्रदेश महामंत्री इंद्रेश गौतम, प्रदेश सचिव महिला प्रकोष्ठ सुमन जायसवाल, प्रदेश सचिव राजेश कुमार, महामंत्री युवा प्रकोष्ठ लखनऊ महानगर ओमकार, प्रदेश उपाध्यक्ष लाल बाबू यादव, सदस्य महिला प्रकोष्ठ नारायणी श्रीवास्तव सहित तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

# संपादकीय

## बजट पर भारी पड़ती मुफ्त योजनाए

केन्द्र एवं राज्य सरकार जब भी बजट पेश करती है उनके सामने आगामी चुनाव छाया की तरह नजर आता है। सरकारों को शायद अब इस बात की चिंता बिल्कुल नहीं रह गई है कि मुफ्त की योजनाएं चलाने से खजाने पर पड़ने वाले बोझ की भरपाई कहां से हो पाएगी। मुफ्त योजनाओं को लेकर सर्वोच्च न्यायालय भी नसीहत दे चुका है और अनेक अर्थ शास्त्री मुफ्त योजनाओं को लेकर समय समय पर सावधान करते रहे हैं, पर हर सरकार चुनावी समीकरण को ध्यान में रखते हुए न केवल पहले से चल रही मुफ्त की योजनाओं को जारी रखने का प्रयास करती हैं, बल्कि कुछ नई योजनाएं भी घोषित करती देखी जाती है। उत्तर प्रदेश सरकार का इस वर्ष का बजट इसका ताजा उदाहरण है। वहां पहले से विद्यार्थियों, खासकर छात्राओं को मुफ्त लैपटाप, टैबलेट, मोबाइल फोन आदि बांटने की योजना चल रही है। अब 25-26 के बजट में मेधावी छात्राओं को मुफ्त स्कूटी बांटने के लिए चार सौ करोड़ रुपए का आबंटन किया गया है। आठ लाख आठ हजार सात सौ छत्तीस करोड़ रुपए के इस बजट में पिछले वर्ष की तुलना में 9.8 फीसद अधिक धन का प्रावधान किया गया है। मगर बजट का काफी बड़ा हिस्सा मथुरा वृंदावन और मीरजापुर जैसी जगहों पर धार्मिक गलियारों के विकास, मंदिरों के जीर्णोद्धार - पुनरुद्धार और द्रुतगामी मार्गों के लिए आबंटित किया गया है। पहले से चल रही लखपती दीदी जैसी योजनाओं का दायरा और बढ़ाने के लिए बड़ी राशि आबंटित की गई है। बजट सरकार एवं सरकारों के कामकाज का आईना होते हैं। बजट संकेत देता है कि कोई सरकार अगले एक वर्ष में क्या काम करने जा रही है और उसकी प्राथमिकता क्या होगी। जनअपेक्षा की जाती है कि सरकारें जनकल्याण और सामाजिक कल्याण के कार्यों पर अधिक खर्च करें। ऐसी योजनाओं को प्रोत्साहित करें, जिससे राज्य और देश के आर्थिक विकास को बल मिले। जबकि मुफ्त की योजनाओं का व्यापक अनुभव यही रहा है कि वे अनुत्पादक साबित होती हैं। उनसे सरकार पर वित्तीय बोझ ही बढ़ता है। पिछले दिनों सर्वोच्च न्यायालय ने कड़े शब्दों में कहा कि सरकारें मुफ्त की योजनाएं चला कर लोगों को अकर्मण्य बना रही हैं। अब उत्तर प्रदेश सरकार ने अपने बजट में चार सौ करोड़ रुपए मुफ्त स्कूटी बांटने के लिए आबंटित किए हैं, तो जाहिर है, उसका मकसद अगले चुनाव में लोगों को आकर्षित करने का है, इसके कोई उत्पादक नतीजे नहीं निकलने वाले। इसके बरक्स विचित्र है कि सरकार ने उच्च शैक्षिक संस्थानों और राज्य विश्वविद्यालयों में आधारभूत ढांचा मजबूत करने के लिए महज पचास करोड़ रुपए आबंटित किए हैं। नए बन रहे महाविद्यालयों के लिए भी पचास करोड़ रुपए तय किए हैं।उत्तर प्रदेश में शिक्षा के स्तर को लेकर अनेक बार अंगुलियां उठती रही हैं। बोर्ड परीक्षाओं में नकल, प्रतियोगी परीक्षाओं में पर्चाफोड़ और अनियमितताओं आदि को लेकर सवाल उठते रहे हैं। ऐसे में अगर मेधावी छात्राओं को मुफ्त स्कूटी दे भी दी जाए, तो उनके जीवन में कितना बदलाव आ जाएगा, कहना मुश्किल है। अगर शिक्षा का स्तर सुधारने को लेकर सरकार सचमुच संजीदा होती, तो वह शैक्षिक संस्थानों के बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने, विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक सुविधाएं बेहतर बनाने, स्कूल-कालेजों में अध्यापकों के खाली पदों पर भर्ती आदि पर जोर देती। स्कूटी, लैपटाप, टैबलेट, मोबाइल जैसे साधन देने से वास्तव में उन्हें कितना लाभ मिलेगा, इसका आकलन शायद नहीं किया गया। मुफ्त योजनाओं पर यह सवाल दो साल पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ही खड़ा किया था, जब कांग्रेस ने कर्नाटक, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश के चुनावों में भी महिलाओं और नौजवानों के लिए ऐसे ही वादे किए थे। हिमाचल में कांग्रेस ने दस चुनावी वादे किए थे। तीनों जगह महिलाओं और नौजवानों को लुभाने के लिए उन्हें हर महीने भत्ता देने का वादा हुआ। कह सकते हैं, पार्टी को इसका फायदा भी मिला। लेकिन तेलंगाना में केसीआर और आंध्र में जगन मोहन रेड्डी अपनी सरकारों की कल्याणकारी योजनाएं गिनाते रह गए और वोटरों ने उनका साथ नहीं दिया। जबकि मध्य प्रदेश में भाजपा की जीत में ऐसी ही योजनाओं की बड़ी भूमिका मानी जा रही है। राज्यों के चुनाव को छोड़ भी दें, तो देश की राजनीति में किसान सम्मान योजना, मुफ्त रसोई गैस, मुफ्त शौचालय, मुफ्त घर और मुफ्त अनाज योजना ने जो भूमिका निभाई है, उसे भला कैसे नजरंदाज करेंगे ?नोबेल विजेता अर्थशास्त्री भी अब कह रहे हैं कि आने वाले वक्त में सबके लिए काम जुटाना संभव नहीं होगा, ऐसे में सरकारों को न सिर्फ गरीबों को मदद देने, बल्कि बिना उनके आत्मसम्मान को चोट पहुंचाए मदद का इंतजाम करना पड़ेगा।

## हिंदी-तमिल लड़ाई

तमिलनाडु और उससे पहले मद्रास प्रांत में हिंदी भाषा का विरोध बहुत पुराना है। सबसे पहले ब्रिटिश भारत में 1937 में हिंदी-विरोधी आंदोलन छेड़ा गया। भारत में जब कांग्रेस की प्रथम सरकार थी, तब भी सी. राजगोपालाचारी के नेतृत्व में आंदोलन सुर्ख हुआ। बाद में पेरियार (ईवी रामासामी) और विपक्षी न्यायमूर्ति पार्टी (बाद में द्रविड़ कषगम) ने आधिकारिक भाषा के तौर पर हिंदी का विरोध किया। संविधान निर्माण के दौरान भी यह गरम बहस का मुद्दा बना रहा। जब 26 जनवरी, 1950 को संविधान लागू हुआ और हिंदी को देश की आधिकारिक भाषा तय कर दिया गया, तो 1965 के बाद कुछ गैर-हिंदी राज्यों ने उसे स्वीकार नहीं किया। वे राज्य अंग्रेजी के ही उपयोग के पक्षधर थे और अपनी क्षेत्रीय भाषाओं को लेकर दुराग्रही थे। 1967 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सरकार ने आधिकारिक भाषा हिंदी और अंग्रेजी के अनिश्चित उपयोग के मद्देनजर आधिकारिक भाषा अधिनियम में संशोधन किए। जब केंद्र में जनता पार्टी की सरकार बनी, तो तत्कालीन प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई और द्रमुक नेता अन्नादुरई के बीच त्रि-भाषा फॉर्मूले पर संवाद तो हुआ, लेकिन हिंदी-विरोध के पूर्वाग्रह आक्रामक ही रहे। करीब 88 साल लंबा वक्त गुजर चुका है। शीर्षस्थ नेता दिवंगत होकर अतीत बन चुके हैं। अब विवाद केंद्र की मोदी सरकार और तमिलनाडु में स्टालिन की द्रमुक सरकार तक आ पहुंचा है, लेकिन तमिलनाडु में प्रचारित किया जा रहा है कि हिंदी को राष्ट्रभाषा, राजभाषा और उसके अध्ययन के लिए थोपा जा रहा है। तमिलनाडु को यह स्वीकार्य नहीं है। वोट बैंक का भी सवाल है। केरल, कर्नाटक, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना सरीखे दक्षिणी राज्यों में हिंदी-विरोध के आंदोलन और पूर्वाग्रह अपेक्षाकृत कम हैं। वे उग्र भी नहीं हैं। अब केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन के बीच यह मुद्दा सुलगता जा रहा है। हालात टकरावपूर्ण हैं, क्योंकि 2026 में विधानसभा चुनाव भी हैं। भारत सरकार का सहज आग्रह है कि तमिलनाडु को संवैधानिक व्यवस्था को स्वीकार करना चाहिए। लड़ाई छात्रों के नाम पर लड़ी जा रही है, लेकिन उनके शैक्षिक भविष्य और बाद में कौशलपूर्ण रोजगार पर विमर्श शून्य है। केंद्र ने 'समग्र शिक्षा योजना' के तहत तमिलनाडु के हिस्से के आर्थिक संसाधन फिलहाल रोक दिए हैं। यह रोक तब तक जारी रहेगी, जब तक तमिलनाडु भारत सरकार की भाषायी व्यवस्था को स्वीकार नहीं करता। तमिल सरकार हिंदी के अध्ययन को छात्रों पर अतिरिक्त मानसिक बोझ और 'सांस्कृतिक आक्रमण' करार दे रही है, लिहाजा समग्र शिक्षा के बजट को रोकना संघीयवाद का उल्लंघन मान रही है। शायद राज्य सरकार सर्वोच्च अदालत की चौखट भी खटखटाए! हालांकि हम बजट को रोकना 'असंसदीय' मानते हैं और इसे अनधिकार चेष्टा भी करार देते हैं। इस संदर्भ में शैक्षणिक योग्यता ही मानदंड होना चाहिए। एक हालिया रपट में खुलासा किया गया है कि तमिलनाडु में सरकारी स्कूल की 5वीं कक्षा के 36 फीसदी छात्र कक्षा 2 के स्तर के पाठ्य को ही पढ़ पाते हैं, जबकि 21 फीसदी छात्र ही भाग का सवाल कर पाते हैं। ऐसे छात्रों का राष्ट्रीय औसत क्रमशः 49 फीसदी और 31 फीसदी है। साफ है तमिलनाडु का भविष्य कमजोर और अक्षम है।

# एआई में हासिल महारत बनाएगी विकसित भारत

लोकमित्र गौतम

"महान वैज्ञानिक चंद्रशेखर वैंकटरमण के 'रमण प्रभाव' खोज को समर्पित भारतीय विज्ञान दिवस हर साल देश व समाज की वैज्ञानिक दिशा तय करने के लिए एक थीम या केंद्रीय विषय का चुनाव करता है"



महान वैज्ञानिक चंद्रशेखर वैंकटरमण के 'रमण प्रभाव' खोज को समर्पित भारतीय विज्ञान दिवस हर साल देश व समाज की वैज्ञानिक दिशा तय करने के लिए एक थीम या केंद्रीय विषय का चुनाव करता है। इस साल की राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की थीम, 'विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार' है। इस थीम का मकसद वैश्विक नेतृत्व हेतु भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना है। यह भी कि देश के मौजूदा विकास और भविष्य की वैज्ञानिक दिशा को तय करने के लिए नवाचारों को महत्व देना है। युवाओं को इनकी तरफ आकर्षित करना है। इसके लिए भला आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के अलावा दूसरी मंजिल क्या हो सकती है? जिसके लिए हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस में आयोजित एआई समिट में कहा, 'भारत देश और दुनिया की समृद्धि के लिए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस पर फोकस करेगा।' एक अनुमान के मुताबिक, साल 2035 तक आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस में सकारात्मक योगदान से देश के कुल जीडीपी में एक ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का इजाफा होगा। इससे समझा जा सकता है कि हमारे खुद के लिए और दुनिया के भविष्य के लिए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस कितनी महत्वपूर्ण है। अकारण नहीं है कि अगले पांच सालों में अकेले यूरोपीय यूनियन 43 बिलियन डॉलर का निवेश इस फील्ड में करने जा रहा है, तो चीन, अमेरिका, जापान, दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा सहित सारी दुनिया अगले एक दशक में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस में लगभग 50 ट्रिलियन तक का निवेश करेगी। अब के पहले किसी भी दौर में तकनीक में किसी क्षेत्र विशेष पर दुनिया न तो इतना फोकस हुई थी और न ही इतने बड़े पैमाने पर किसी क्षेत्र में निवेश हुआ है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस पर दुनिया कितना बड़ा दांव लगा रही है और ऐसा हो भी क्यों न, जब हर कोई यह मान रहा हो और मानने से ज्यादा देख रहा हो कि एआई हमारी रोजगार की दुनिया में हर क्षेत्र में चमत्कारी ढंग से बदलाव कर रही है। भारत के लिए इस समूचे परिदृश्य में सबसे बड़े संतोष की बात यह है कि हम भले वर्तमान में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के क्षेत्र में कोई बड़ी ताकत न दिखते हों, लेकिन दुनियाभर के एआई विशेषज्ञों का मानना है कि भविष्य में इस क्षेत्र का सबसे बड़ा खिलाड़ी हम ही होंगे। एआई द्वारा विकसित पहले विस्तृत, लैंग्वेज मॉडल, चौटजीपीटी के आविष्कारकों में से सैम अल्टमैन, जो कि ओपन एआई के सीईओ हैं, ने नई दिल्ली में सार्वजनिक रूप से कहा है कि भारत आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के भविष्य का सबसे बड़ा खिलाड़ी है। यह इसलिए अतिश्योक्ति नहीं लगता, क्योंकि आज भी हमारे पास एआई का भले कोई प्रोडक्ट न हो, जिसने हाल के दिनों में दुनियाभर में तहलका मचाया हो, लेकिन एआई के गढ़ सिलिकान वैली में जो सबसे ज्यादा स्किल्ड इंजीनियर एआई की दुनिया को नई दिशा दे रहे हैं, उनमें अधिकतम भारतीय ही हैं। स्किल्ड मैनपॉवर की बदौलत पूरी दुनिया एआई और भारत की तरफ देख रही है। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और रोबोटिक्स ने पूरी दुनिया का चेहरा बदल दिया है। आज के सारे नवाचार इसी तकनीकी में आ सिमटे हैं। भारत इस वजह से भी इस क्षेत्र का आने वाले सालों में बड़ा खिलाड़ी होगा। क्योंकि हमने पहले से ही एआई का व्यापक उपयोग शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि क्षेत्रों में शुरू कर दिया है। हालांकि इस सबके कारण समाज में यह व्यापक धारणा भी बन चुकी है कि एआई बड़े पैमाने पर भारतीयों को बेरोजगार कर रही है। लेकिन लगता है इस धारणा का खंडन करने के लिए ही प्रधानमंत्री मोदी ने पेरिस में दिये गये अपने एक कीनोट एड्रेस में कहा कि कोई भी तकनीक नौकरियां नहीं छीनती, शायद उनका इशारा उन लोगों को जवाब देना था, जो एआई के विरोध में आंदोलन छेड़ने की कोशिश कर रहे हैं। 90 के दशक में देश में जैसे रोजमर्रा की जिंदगी में कंप्यूटर को पेश किया गया था, तब भी कंप्यूटर की बहुत मुखालफत हई थी, लेकिन आज कोई छोटे से छोटा ऑफिस या प्रोफेशनल बिना कंप्यूटर के कुछ भी कर पाने में असमर्थ है। ठीक यही स्थिति आने वाले दिनों में एआई की होने जा रही है। वास्तव में एआई बहुत तेजी से भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ बनने जा रही है। नेस्कॉम की एक रिपोर्ट के मुताबिक साल 2035 तक एआई भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 500 बिलियन डॉलर का इजाफा कर सकती है। आज उत्पादन यानी मैन्यूफैक्चरिंग, ई-कॉमर्स और सेवा क्षेत्रों में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की कोर भूमिका है। भारतीय शिक्षा संस्थानों जैसे आईआईटीज और दूसरे प्रमुख विश्वविद्यालय इस समय एआई को लेकर बहुत तेज रफ्तार से रिसर्च करने में जुटे हुए हैं। भारत सरकार ने इंडिया एआई मिशन के तहत एआई अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने की रणनीति बनायी है। यूं तो सभी क्षेत्रों में एआई का इस्तेमाल तेज रफ्तार से बढ़ रहा है, मगर जिस तरह से स्वास्थ्य के क्षेत्र में मसलन डिजिटल हेल्थ मिशन में एआई आधारित डायग्नोसिस और टेली-मेडिसिन तूफानी रफ्तार से बढ़े हैं, वैसा एआई का इस्तेमाल शायद ही किसी दूसरे क्षेत्र में हुआ हो। एक तरफ जहां आने वाले दिनों में सेवा क्षेत्र पूरी तरह से एआई तकनीक पर निर्भर रहेगा, ठीक उसी तरह हेल्थ केयर सेक्टर में भी एआई पावर्ड रोबोटिक्स, सर्जरी और चिकित्सा इमेजिंग का उपयोग कैंसर और टीबी जैसी असाध्य बीमारियों की पहचान और उन्हें खत्म करने में जैसी भूमिका निभायेगा, वैसी दूसरे किसी क्षेत्र में देखना मुश्किल होगा।

# धरती पर 'मिनी सूरज' उगाने का संकल्प

अपराजिता

हाल ही में अपनी फ्रांस यात्रा के दौरान भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इंटरनेशनल थर्मो न्यूक्लियर एक्सपेरिमेंटल रिएक्टर (आईटीईआर), यानी दुनिया के उस प्रोजेक्ट को देखने गए, जिसके तहत धरती में कृत्रिम 'मिनी सूरज' बनाने की कोशिश हो रही है। यह कोशिश दुनिया के कई देशों के वैज्ञानिक मिलकर कर रहे हैं, जिनमें भारतीय भी हैं। प्रधानमंत्री मोदी इस प्रोजेक्ट को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ देखने गए थे। उल्लेखनीय है कि भारत भी तो इस प्रोजेक्ट का एक अहम हिस्सेदार है। हम न केवल इस प्रोजेक्ट की लागत में हिस्सेदारी कर रहे हैं बल्कि हमारे कई वैज्ञानिक इस प्रोजेक्ट की कोर टीम का हिस्सा हैं। दरअसल सूरज में जिस प्रक्रिया से ऊर्जा उत्पन्न होती है, इस प्रोजेक्ट का मकसद उसी प्रक्रिया से बिजली उत्पन्न करना है। एक तरह से वैज्ञानिक धरती में कृत्रिम 'मिनी सूरज' बनाने की कोशिश कर रहे हैं। यह अब तक का दुनिया का सबसे महंगा और महत्वाकांक्षी एक्सपेरिमेंटल प्रोजेक्ट है,जो अगर सफल हुआ तो असीमित मात्रा में बिजली पैदा करेगा।

इस प्रोजेक्ट के तहत दुनिया की सबसे बड़ी 'टोकामक' बनायी जा रही है। टोकामक रशियन शब्द है जिसका मतलब एक ऐसी मशीन है,जिसका इस्तेमाल परमाणु संलयन से ऊर्जा पाने के लिए किया जाता है। वास्तव में यह एक प्रायोगिक डिवाइस है, इसमें चुंबकीय क्षेत्र का इस्तेमाल करके प्लाज्मा को 'डोनट' के आकार में सीमित कर दिया जाता है। इस आकार को वैज्ञानिकों की भाषा में टोरस कहते हैं। यह वैक्यूम वेसल 'सुपरकंडक्टिंग मैग्नेट' होता है। टोकामक में गरम प्लाज्मा को एक निश्चित आयतन में बनाए रखने के लिए डिजाइन किया गया होता है। टोकामक में बनी ऊर्जा बर्तन की दीवारों में गर्मी के रूप में अवशोषित होती है। इसे थर्मल इन्सुलेशन के लिए बड़े क्रायोस्टेट में रखा जाता है। अनुमान है कि प्रोजेक्ट के सफल होने पर इस पावर प्लांट से 500 मेगावाट न्यूक्लियर एनर्जी का उत्पादन किया जाएगा। दुनिया के इस सबसे बड़े एक्सपेरिमेंटल प्रोजेक्ट आईटीईआर की शुरुआत साल 2006 में फ्रांस के राष्ट्रपति भवन में हुई, जहां दुनिया के सात देश इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट पर साथ-साथ काम करने को राजी हुए। ये देश थे- अमेरिका, यूरोपीय यूनियन, रूस, चीन, भारत और दक्षिण कोरिया। आज इस प्रोजेक्ट में 30 देश अपना योगदान दे रहे हैं। इस प्रोजेक्ट का लक्ष्य है न्यूक्लियर फ्यूजन यानी परमाणु संलयन में महारत हासिल करना। न्यूक्लियर फ्यूजन सूर्य और बाकी तारों में होने वाली एक प्रक्रिया है,जिससे उनमें गर्मी पैदा होती है। लेकिन पृथ्वी पर न्यूक्लियर फ्यूजन की नकल करके एक मिनी सूरज बना लेना बेहद मुश्किल है। लेकिन यदि ऐसा हो गया तो फिर हमें असीमित मात्रा में ऊर्जा मिल सकती है। साथ ही यह ऊर्जा जीवाश्म ईंधन की तरह ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन भी नहीं करेगी। न्यूक्लियर फ्यूजन में किसी तरह का रेडियोएक्टिव कचरा नहीं निकलता। इस मिनी सूरज प्रोजेक्ट का सात सालों तक नेतृत्व करने वाले फ्रांस के बर्नार्ड बिगोट ने एक बार कहा था, 'हम यहां जो करने की कोशिश कर रहे हैं, अगर उसमें सफल रहे यानी मिनी सूरज बना लिया तो फिर इंसान द्वारा बनाया गया यह सूरज कभी नहीं डूबेगा यानी यह 'फ्यूजन पावर प्लांट' हर समय चलता रहेगा।'इस प्रोजेक्ट के तहत जो एक मिनी सूरज बनाया जा रहा है,उसमें असीमित ऊर्जा उत्पन्न करने के लिए दो हाइड्रोजन परमाणुओं को बहुत अधिक वेग से एक दूसरे की तरफधकेला जाता है, इससे ये दोनों जुड़कर हीलियम परमाणु बनाते हैं। साथ ही इस दौरान न्यूट्रॉन भी बनता है,जिससे अत्यधिक मात्रा में ऊर्जा निकलती है। प्रोजेक्ट के विशेषज्ञों का मानना है कि फ्यूजन एनर्जी पैदा करना मुश्किल नहीं है, इसे लगातार बनाए रखना मुश्किल है। आईटीईआर प्रोजेक्ट का आकार इतना बड़ा है, जिसमें 39 बड़ी इमारतें बन सकती हैं। साइट पर मौजूद वैज्ञानिकों का कहना है कि न्यूक्लियर फ्यूजन के लिए इस्तेमाल की जाने वाली डिवाइस टोकामक का वजन 23,000 टन है। यह वजन तीन एफिल टावर के संयुक्त वजन के बराबर है। इस रिएक्टर में दस लाख घटक शामिल हैं, जो कम से कम एक करोड़ छोटे भागों में बंटे हुए हैं। रिएक्टर में लगभग 4,500 कंपनियों से जुड़े सैकड़ों वैज्ञानिक और कर्मचारी दिन-रात काम कर रहे हैं। शुरु में प्रोजेक्ट की अनुमानित लागत करीब 5 अरब डॉलर थी लेकिन समय के साथ यह बढ़कर 22 अरब डॉलर हुई मगर अब अमेरिका के ऊर्जा विभाग का अनुमान है कि प्रोजेक्ट की कीमत 65 अरब डॉलर तक हो सकती है। इसे दुनिया का सबसे मंहगा वैज्ञानिक प्रोजेक्ट कहा जा रहा है। पहले माना जा रहा था कि प्रोजेक्ट 2020 तक पूरा हो जाएगा लेकिन जुलाई 2024 तक रिएक्टर सिर्फपूरी तरह से असेंबल हो पाया था। अब वैज्ञानिकों का अनुमान है कि 2039 तक यह प्रोजेक्ट काम करना शुरू कर सकता है। भारत इस प्रोजेक्ट में 10 प्रतिशत खर्च की जिम्मेदारी उठा रहा है व 17,500 करोड़ रुपए देने का वादा किया है। साथ ही करीब 25 से 30 भारतीय वैज्ञानिक हमेशा इस प्रोजेक्ट में मौजूद होते हैं। यूरोपीय संघ प्रोजेक्ट की लागत का 45 प्रतिशत खर्च उठा रहा है। हमारा इस मायने में एक और अहम योगदान है कि रिएक्टर को ठंडा करने के लिए जिस 'क्रायोस्टेट फ्रीजर' का इस्तेमाल हो रहा है,उसे हमारी लार्सन एंड टुब्रो कंपनी ने ही बनाया है। यह दुनिया में अपनी तरह का सबसे बड़ा फ्रीजर है। इससे रिएक्टर को-193 डिग्री सेल्सियस तक ठंडा किया जायेगा। क्रायोस्टेट 54 यूनिट्स से मिलकर बना है, इसे 2020 में फ्रांस भेजा गया था। इस क्रायोस्टेट का वजन 3,800 टन है और इसकी ऊंचाई कुतुब मीनार की आधी है। इस फ्रीजर की वजह से इस 'न्यूक्लियर फ्यूजन टेक्नोलॉजी' में हमें 100 फीसद तक एक्सेस मिल रही है।




**मेष**:- आज का दिन सावधानीपूर्वक बिताएं। नए कार्य शुरू न करें। क्रोध, आवेश और अनैतिक आचरण आपको कठिनाई में डाल सकते हैं। दुर्घटना से बचें।

**वृषभ**:- मन की दुविधा ठोस निर्णय पर आने से रोकेगी जिससे हाथ आए अवसर आप खो देंगे। झक्की व्यवहार के कारण संघर्ष में उतरने की संभावना है। नए कार्य के लिए दिन अच्छा नहीं है।

**मिथुन**:- आज का दिन लाभदायक साबित होने की आशा रख सकते हैं। सुबह से ताजगी और प्रसन्नता का अनुभव होगा। आर्थिक लाभ मिलने के साथ-साथ कहीं से गिफ्ट प्राप्त हो सकता है।

**कर्क**:- शरीर और मन में बेचैनी और अस्वस्थता का अनुभव होगा। मन की संदिग्धता और दुविधा आपकी निर्णयशक्ति को कसौटी के शिखर पर चढ़ाएंगे। वाद-विवाद से दूर रहें।

**सिंह**:- आज के दिन आपको विविध लाभ मिलने की संभावना है। ऐसे समय में मन का ढीलापन आपको लाभ से वंचित न कर दे, इसका ख्याल रखें। पदोन्नति और आय वृद्धि का योग है।

**कन्या**:- नए कार्य शुरू करने के लिए निर्मित योजनाओं को अमल में लाने का आज उत्तम समय है। व्यापार में लाभ होगा। बकाया वसूली के पैसे वापस मिलेंगे। पिता की तरफसे लाभ होगा।

**तुला**:- लंबी दूरी की यात्रा या धार्मिक स्थान की मुलाकात होगी। विदेश यात्रा के लिए अनुकूलता रहेगी। फिर भी आपको संतान और स्वास्थ्य के सम्बंध में चिंता रहेगी। धन का खर्च होगा।

**वृश्चिक**:- शारीरिक- मानसिक भय रहेगा। कुटुंबीजनों के साथ वाद-विवाद होगा। माताजी का स्वास्थ्य खराब होगा। अनचाही घटनाओं से आपके उत्साह में कमी आएगी। अनिद्रा से परेशान रहेंगे।

**धनु** :- बौद्धिक, तार्किक, विचार-विनिमय और लेखन कार्य के लिए शुभ दिन है। भागीदारी में लाभ होगा। जीवनसाथी के साथ के सम्बंधों में अधिक घनिष्ठता रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा।

**मकर**:- आज से आपके व्यापार-धंधे का विकास होगा। आर्थिक रूप से लाभदायक दिन होने से पैसे की लेन-देन में सरलता रहेगी। परिवार में सुख- शांति का माहौल रहेगा।

**कुंभ**:- आज आप संतान और अपने स्वास्थ्य के सम्बंध में चिंतित रहेंगे। अपच, पेट-दर्द से परेशान होंगे। विचारों में तेजी से परिवर्तन मानसिक स्थिरता में खलल पहुंचाएगा।

**मीन**:- विचारों की अस्थिरता आपको उलझनपूर्ण परिस्थिति में डालेगी। नौकरी-व्यवसाय के क्षेत्र में स्पर्धायुक्त वातावरण रहेगा। नए कार्य करने के लिए प्रेरित होंगे। प्रवास की संभावना है।

# कॉरपोरेट सरकार में निशाने पर आदिवासी



आलेख : संजय पराते

भाजपा आदिवासियों के विकास और उनकी भलाई के बारे में लंबे चौड़े-दावे करती है। इन दावों की पड़ताल जल-जंगल-जमीन पर उनके स्वामित्व के अधिकार के संदर्भ में की जानी चाहिए, क्योंकि अधिकांश आदिवासी आज भी वन क्षेत्र में रहते हैं और उनकी आजीविका भी जंगलों से प्राप्त उत्पादों पर ही निर्भर करती है। आदिवासी वनाधिकार कानून में इस बात को स्वीकार किया गया है कि आदिवासी समुदाय सदियों से ऐतिहासिक अन्याय से पीड़ित है और यह कानून उनकी इस पीड़ा को दूर करेगा। मध्यप्रदेश में भाजपा पिछले 20 सालों से राज कर रही है। इसलिए आदिवासियों की हालत जानने-समझने के लिए इस राज्य का अध्ययन उपयोगी हो सकता है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, मध्यप्रदेश में आदिवासियों की आबादी 1.53 करोड़ थी। आज उनकी संख्या 18 करोड़ से अधिक होने का अनुमान लगाया जा सकता है। आदिवासियों पर चल रहे मुकदमों को माफ करने की घोषणा भाजपा का प्रिय शगल है, क्योंकि यह एक लोक लुभावन घोषणा होती है। इसी शगल के चलते मई 2024 में भाजपा राज्य सरकार ने घोषणा की थी कि आदिवासियों पर चल रहे 8000 आपराधिक मुकदमों को वापस लिया जाएगा। भाजपा सरकार ने इस पर काफी वाहवाही भी बटोरी थी। लेकिन मुख्य वन संरक्षक, भोपाल ने यह जानकारी दी है कि 9 महीनों में लगभग 4500 मुकदमों को ही वापस लिया गया है। लेकिन क्या आदिवासियों पर केवल 8000 मामले ही दर्ज थे? वन विभाग के रिकॉर्ड के अनुसार, वर्ष 2015-24 के बीच दस सालों में वन विभाग ने पूरे प्रदेश में आदिवासियों पर 5,18, 091 मुकदमे दर्ज किए हैं। यदि 2015 से पहले के भी इतने ही मुकदमे मान लिए जाएं, तो आज मध्यप्रदेश में आदिवासी समुदाय अपने खिलाफ लगभग 10 लाख मुकदमे झेल रहा है। इसका अर्थ है कि औसतन 18-20 आदिवासियों में से एक आदिवासी पर वन विभाग ने मुकदमा ठोंक रखा है। इतने बड़े पैमाने पर अन्य किसी भी राज्य में आदिवासी समुदाय मुकदमेबाजी में फंसा नहीं होगा। भाजपा सरकार ने जिन 4500 मुकदमों को वापस लिया है, उसका विश्लेषण करें, तो आदिवासियों के खिलाफ ये मुकदमे जिन अपराधों के लिए दायर किए गए हैं, उनमें प्रमुख हैं : जंगल की कटाई ; खनन ; अतिक्रमण ; तेंदूपत्ता, शहद, बांस, कुकुरमुत्ते जैसे लघु वनोपजों का संग्रहण ; खूंखार की श्रेणी में नहीं आने वाले जंगली जानवरों, जैसे सुअर आदि का और पक्षियों का शिकार ; मछली पकड़ना और कृषि और घर निर्माण के लिए और जलाने के लिए सूखी लकड़ी का संग्रहण आदि। ये सभी मुकदमे वनाधिकार कानून को दरकिनार कर भारतीय वन अधिनियम 1927 तथा वन्य प्राणी संरक्षण कानून 1972 के तहत दर्ज किए गए हैं। जिन वन अपराधों के लिए आदिवासियों पर मुकदमे दायर किए गए हैं, वे सभी वनाधिकार कानून के अंतर्गत अपराध नहीं रह गए हैं, क्योंकि आदिवासियों के साथ सदियों से किए जा रहे ऐतिहासिक अन्याय को दूर करने के लिए वनों पर और वनों के उपयोग और प्रबंधन से संबंधित सभी अधिकार आदिवासी समुदाय को दे दिए गए हैं। इसके साथ ही, वनाधिकार कानून में यह प्रावधान किया गया है कि यदि अन्य किसी भी प्रचलित कानून के प्रावधान इस कानून से टकराते हैं, तो वनाधिकार कानून को सर्वोच्चता दी जाएगी। इसलिए जिन वन अपराधों पर आदिवासियों के खिलाफ मुकदमे बनाए गए हैं, वे अवैध है और सभी 5.2 लाख मुकदमे वापस लिए जाने की/निरस्त किए जाने की जरूरत है। वे सभी मुकदमे, जो वनाधिकार कानून लागू होने के बाद आदिवासियों पर थोपे गए हैं, उसके लिए प्रशासन के अधिकारी पूरी तरह से दोषी हैं और फर्जी मुकदमे थोपे जाने के अपराध में संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही करने की जरूरत है। किसानों और आदिवासियों के लिए एक बड़ी समस्या आवारा पशुओं और जंगली जानवरों, विशेषकर सुअरों से खेती बाड़ी की रक्षा करना है। मध्यप्रदेश और पूरे देश में ही किसान समुदाय इस समस्या का सामना कर रहा है, लेकिन सरकार और प्रशासन को आदिवासियों के खेतों और खेती को जो रहे नुकसान से कोई लेना-देना नहीं है। हां, इन जंगली पशुओं के हमलों का सामना करते हुए अपनी खेती और जीवन की रक्षा के लिए यदि कोई पशु मारा जाता है, तो वन विभाग का अमला आदिवासियों को सजा देने के लिए जरूर सक्रिय हो जाता है। लेकिन सवाल यह है कि ऐसा क्यों हो रहा है, जबकि वनाधिकार कानून जल जंगल और जमीन पर आदिवासियों को मालिकाना हक देता है? इसका उत्तर भी बहुत सीधा है : आज केंद्र और राज्यों की भाजपा सरकारें जल जंगल, जमीन, खनिज और अन्य प्राकृतिक संसाधनों पर आदिवासियों को नहीं, कॉरपोरेटों को स्वामित्व देना चाहती है, ताकि वे इन संसाधनों का दोहन करके अपनी तिजोरियों को भर सकें। इस लूट का एक हिस्सा भाजपा और संघी गिरोह के पास भी जा रहा है। इसलिए वन भूमि पर काबिज आदिवासियों को पट्टा देकर मालिकाना हक देने के बजाए उन्हें अपने दमन उत्पीड़न का शिकार बना रहे हैं, ताकि उन्हें आसानी से वन भूमि से विस्थापित होने के लिए मजबूर किया जा सके। यह केवल मध्यप्रदेश की कहानी नहीं है। यह छत्तीसगढ़ की भी कहानी है। यहां अडानी को कोयला खनन के लिए हसदेव का जंगल देने के लिए फर्जी ग्राम सभाएं आयोजित होती हैं, जिस वन भूमि के पट्टे आदिवासियों को दिए भी गए हैं, उन्हें छीना जा रहा है। आरएसएस-भाजपा प्रायोजित सलवा जुडूम अभियान के बारे में तो पूरा देश जानता है, जिसके जरिए आदिवासियों को सैकड़ों गांवों को खाली करने के लिए मजबूर किया गया था और अंततः सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद ही इस मुहिम पर रोक लगी थी। अमूमन पूरे देश के आदिवासी आज कॉरपोरेटों के निशाने पर है और इन्हें भाजपा सरकार का पूरा समर्थन-संरक्षण हासिल हैं। सरकारों की इस कॉर्पोरेटपरस्ती के खिलाफ आम जनता के सभी तबकों की लामबंदी सुनिश्चित करनी होगी और आदिवासी अधिकारों की रक्षा के लिए एक व्यापक संघर्ष छेड़ना होगा। देश पर कॉर्पोरेट-निजाम थोपने वाली संघ-भाजपा और उसकी सहयोगी ताकतों के खिलाफ जन पक्षधर विकल्प के आधार पर राजनैतिक-सामाजिक ताकतों की कतारबंदी और जुझारू जन संघर्ष ही इसका मुकाबला कर सकती है।

### श्रीमद् भागवत कथा का कलश यात्रा के साथ हुआ प्रारंभ

संवाददाता

फ्तेहपुर। ग्राम सथरियाव पोस्ट ढकौली में श्रीमद् भागवत कथा एवं सप्ताह ज्ञान यज्ञ का प्रारंभ आज कलश यात्रा के द्वारा किया गया। जिसमें महिलाओं द्वारा पूरे गांव में कलश भ्रमण किया गया जिसमें कथावाचक योगानंद महाराज वृंदावन के द्वारा कथा प्रस्तुत की जाएगी। परीक्षित नरेंद्र सिंह चौहान उर्फ पप्पू, उनकी पत्नी पुष्पा सिंह चौहान, सहित सुनील सिंह चौहान, अमर सिंह गौर, रजोल सेन, मनोज सिंह चौहान, अजय सिंह चौहान, मानसिंह चौहान, रामस्वरूप सिंह चौहान, माता प्रसाद चौहान, प्रियंका सिंह चौहान, सहित समस्त चौहान परिवार एवं ग्रामवासी मौजूद रहे।

### असोथर पुलिस ने दो वारंटी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

संवाददता

फ्तेहपुर। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज थाना असोथर पुलिस द्वारा केस नम्बर 1075/2012 धारा 380,411 भादवि से सम्बंधित वारंटी अभियुक्तगण बुद्धराज उर्फदिलबर पुत्र शिवलाल चमार निवासी ग्राम पटैतापुर मजरे सेमरी थाना असोथर उम्र लगभग 35 वर्ष , पुरुषोत्तम पुत्र देशराज सिंगरौर निवासी ग्राम पटैतापुर मजरे सेमरी थाना असोथर जनपद फ्तेहपुर उम्र लगभग 40 वर्ष थाना असोथर को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक राजेन्द्र कुमार यादव,आरक्षी बिरेन्द्र सिंह शामिल हैं।

### बिंदकी पुलिस द्वारा दो वारंटी अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

संवाददता

बिंदकी/फ्तेहपुर। पुलिस अधीक्षक फ्तेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज थाना बिंदकी पुलिस द्वारा केश नं0 4489/12 व अ0सं0 270/17 धारा 323/504/506 भा0द0वि0 से सम्बंधित वारंटी अभियुक्त बड़के पुत्र जागेवर प्रसाद निवासी मो0 मीरखपुर कस्बा व थाना बिंदकी जनपद फ्तेहपुर तथा केश नं0 2736/03 व अ0सं0 260/91 धारा 452/323/504/506 भा0द0वि0 से सम्बंधित वारंटी हनीफ खाँ पुत्र खलील खाँ नि0 कोरवा थाना बिंदकी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक संजय सिंह परिहार उपनिरीक्षक राजबहादुर यादव चौकी जोनिंहा थाना बिन्दकी फ्तेहपुर शामिल हैं।

### संदिग्ध अवस्था में पेड से फांसी पर झूलता मिला युवक का शव

संवाददता

कानपुर। महाराजपुर थाना क्षेत्र के तिवारीपुर स्थित श्री राधे कृष्ण मुन्नी देवी कॉलेज के मेन गेट के पास नीम के पेड़ पर गमछे के सहारे (30) वर्षीय युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में शव लटकता देखा। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के मुताबिक, महाराजपुर क्षेत्र के तिवारीपुर स्थित श्री राधे कृष्ण मुन्नी देवी कॉलेज के मेन गेट के सामने नीम का पेड़ है। रविवार सुबह राहगीरों ने एक युवक का शव पेड़ पर गमछे के सहारे लटकता पाया गया, राहगीरों की सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को उतरवा कर कब्जे में लेकर शव की शिनाख्त की, जिसमें युवक की शिनाख्त महोली गांव निवासी रामबाबू पासवान के मंझिले बेटे गूंगा उर्फअंशु के रूप में हुई है। पुलिस ने घटना की जानकारी परिजनों को दी।वही परिजनों ने बताया कि अंशू मूकबधिर था, मेहनत मजदूरी करके अपना जीवन यापन करता था। वहीं महाराजपुर पुलिस का कहना है।

### राधाकुंड में नाहते समय डूबा पश्चिम बंगाल का युवक

संवाददता

मथुरा। गोवर्धन राधाकुंड के घाटों किनारे बंधी चेन किशोर के हाथ से छूट गई। किशोर गहरे पानी में चला गया। करीब आध घंटे बाद उसे बाहर निकाला जा सका। तब तक उसकी मौत हो गई। पश्चिम बंगाल के न्यू जलपाईगुड़ी जिला सिलीगुड़ी निवासी प्रीतम विश्वास पुत्र सपन विश्वास (17) अपने माता-पिता मामा अन्य परिजनों के साथ ब्रज दर्शन करने आए थे। यहां राधाकुंड राधा नगर कॉलोनी में एक आश्रम में रुके हुए थे। पिछले चार दिनों से ब्रज दर्शन और प्रतिदिन राधा कुंड में स्नान करते थे। रविवार की सुबह प्रीतम अपने माता-पिता और अन्य परिजनों के साथ राधाकुंड में स्नान करने के लिए पहुंचे। यहां कुंड में उतरते ही हाथ से चेन छूट जाने के गहरे पानी में चले गए। पास ही स्नान कर रहे परिजनों के शोर मचाने पर स्थानीय गोताखोरों ने किशोर को बचाने का प्रयास किया। करीब 30 मिनट बाद बाहर किशोर को बाहर निकाला जा सका। परिजन किशोर को अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने किशोर को मृत घोषित कर दिया। परिजनों का रो-रो रोकर बुरा हाल है। स्थानीय पंडा समाज द्वारा प्रशासन से मांग की गई है कि राधा श्याम कुंड के घाटों पर गोताखोरों की तैनाती की जाए। चौकी प्रभारी शैलेंद्र शर्मा ने बताया कि शव का पंचनामा भर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### बीएचआरसी-डॉ. श्रॉफआई केयर इंस्टीट्यूट द्वारा किया गया 07 किमी की मैराथन रैली आयोजन

संवाददता

वृन्दावन। मथुरा रोड़ स्थित बीएचआरसी-डॉ. श्रॉफ आई केयर इंस्टीट्यूट द्वारा ऑर्गेनाइजेशन फॉर रेयर डिजीज ऑफ इंडिया के साथ 07 किमी की मैराथन रैली आयोजन किया गया।जिसका मुख्य उद्देश्य दुर्लभ बीमारियों के प्रति जनता में जागरूकता पैदा करने के साथ-साथ समाज में इन लाइलाज बीमारियों की पहचान कैसे की जाए और उनका इलाज क्या है।ऑर्गेनाइजेशन फॉर रेयर डिजीज ऑफइंडिया के साथ लोंगों की मदद करने के लिए इस मुहिम में डॉ. श्रॉफ चौरिटी आई हॉस्पिटल वृंदावन भी शामिल हो गया है। श्रॉफ आई हॉस्पिटल के वरिष्ठ सर्जन डॉ. सुफियान दानिश और सभी चिकित्सा अधिकारियों को डॉ. कपिल दीक्षित ने दुर्लभ बीमारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ. श्रॉफआई केयर इंस्टीट्यूट वृंदावन के वरिष्ठ प्रशासक सीपी मैसी ने बताया कि वृंदावन में डॉ. श्रॉफचौरिटी आई हॉस्पिटल वर्ष 2014 से लगातार लोगों को अपनी बेहतरीन सेवाएं दे रहा है।साथ ही हम पूरे जिले में अंधता निवारण के लिए काम कर रहे हैं। जनमानस श्रॉफआई हॉस्पिटल की सेवाओं, अच्छे कार्यों, उपचारों और ऑपरेशनों से इतने खुश हैं कि यह हॉस्पिटल मथुरा वृंदावन में लगातार नई ऊंचाइयों पर पहुंच रहा है। कार्यक्रम में वृंदावन कोतवाली के एसएचओ और क्राइम एसएचओ, बीएचआरसी चिकित्सा अधीक्षक एवं हॉस्पिटल के समस्त स्टाफ ने भाग लिया।वरिष्ठ प्रशासक सी.पी.मैसी ने सभी का उनके सहयोग और भागीदारी के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# उत्तम उद्योग व्यापार मंडल जिला कार्यकारिणी के मनोनयन के साथ सम्पन्न हुआ शपथ ग्रहण समारोह

संवाददाता

फ्तेहपुर। फ्तेहपुर हरी मैरिज लॉन एंड गार्डन लखनऊ रोड बाईपास फ्तेहपुर पर, अध्यक्ष कृष्ण कुमार तिवारी की उपस्थिति पर उत्तम उद्योग व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश की फ्तेहपुर जनपद इकाई का मनोनयन किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल एवं विशिष्ट अतिथि भाजपा पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष अमित शिवहरे उपस्थित रहे। अध्यक्ष कृष्ण कुमार तिवारी ने संरक्षक मंडल विनील कुमार श्रीवास्तव, प्रशांत कुमार श्रीवास्तव, विकास कुमार, श्रीवास्तव सय्यद नाजिश रजा, राकेश कुमार गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, भंवर सिंह, अनिल कुमार साहू, को माल्यार्पण करने के पश्चात जिला कार्यकारिणी का गठन करते हुए जिलाध्यक्ष पद पर मनोज साहू, महामंत्री आशीष सिंह, संयुक्त महामंत्री जय किशन, कोषाध्यक्ष संदीप श्रीवास्तव, नगर अध्यक्ष अजीत कुमार विद्यार्थी, युवा जिला अध्यक्ष आकाश सिंह भदौरिया, अध्यक्ष लखनऊ बाईपास मोहम्मद असलम, महामंत्री लखनऊ बाईपास अजय कुमार पांडे, जिला अध्यक्ष कंस्ट्रक्शन संगठन राज गुप्ता जिला अध्यक्ष इलेक्ट्रॉनिक और संगठन विश्वास राज प्रवक्ता राकेश सिंह चौहान, मीडिया प्रभारी गोपाल जी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष धनंजय मिश्रा, उपाध्यक्ष प्रशांत सिंह चौहान, उदय प्रताप सिंह, सलामत अली, ओमप्रकाश द्विवेदी, अशरफ अली, शिवम त्रिवेदी, गौरव गुप्ता, शिवम गुप्ता, अनिल कुमार साहू, वीरेंद्र सिंह, राज किशोर, आंचल रस्तोगी, वैभव सिंह, गुलाब, अभिषेक साहू,



गंगासागर, अनुराग साहू, सौरभ गुप्ता, संजय गुप्ता, मोहम्मद इसराईल, मंत्री राजकुमार, साहिल. बक्शी, रमेश चंद्र साहू, लकी साहू, विमल कुमार शुक्ला, विवेक मिश्रा, कुलदीप कुमार मौर्य, सुशील कुमार, रंजीत कुमार, सुहेल अहमद, शिव प्रताप, राजेंद्र कुमार, अनीश अहमद, अनवर इलाही, विकास कुमार, अरविंद कुमार दीक्षित, विवेक शुक्ला, राजू राम, नरेश गुप्ता, अमित कुमार, मोहम्मद तौफीक, अंकित पुरवार, अजय सिंह, शनि तिवारी, संगठन मंत्री, मोहम्मद अहमद, मोहम्मद फैसल, फिरोज अहमद, अगन गुप्ता, मनोज कुमार, जिया उल हक, गुलाब सिंह, रविशंकर राजदीप, अजय कुमार साहू मोहम्मद रफी, विधि सलाहकार विशेष बाजपेई, विवेक सिंह, शिवम वत्सल, सिवांकन, श्रीवास्तव, अखिलेर्षेद्र प्रताप सिंह, सक्रिय सदस्य मनोज, राकेश कुमार, सुधीर कुमार, आशीष कुमार गुप्ता, सोनी देवी, राजेश कुमार गुप्ता, विनोद सोनी, गिरिजा शंकर गुप्ता, सर्वेश गुप्ता, एजाज अहमद, मोहम्मद नौशाद, जितेंद्र कुमार, मोहम्मद इरफान, शिव प्रकाश, मोहम्मद आसिफ, मुशीर अब्बास, जितेंद्र कुमार, प्रकाश केसरवानी को माल्यार्पण कर भनोनीत करते मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि के साथ पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। अध्यक्ष कृष्ण कुमार तिवारी ने कहा कि व्यापारी वर्ग की सेवा और उनकी समस्याओं के निराकरण करवाने का प्रयास हमारी प्रमुखता है और इसके लिए प्रदेश के सभी जिलों में कमेटी निर्माण का कार्य प्रारंभ है ताकि हम सभी व्यापारियों तक पहुंच कर उनकी समस्याओं का निराकरण का प्रयास कर सके। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मनोज साहू ने कहा कि व्यापारी समाज की सेवा ही मेरा मूल आधार है। संगठन के माध्यम से राष्ट्र हित, व्यापारी हिल, समाज हित में कार्य किया जाएगा। इस मौके पर उपाध्यक्ष प्रेमदत्त उमराव सहसचिव श्रवण दीक्षित सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## कूड़ा डालने को लेकर दो पक्षों में मारपीट

संवाददाता

कानपुर। महाराजपुर थाना क्षेत्र के अलावलखेड़ा गांव में कूड़ा डालने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। मामूली कहासुनी के बाद दोनों पक्षों में लाठी-डंडों से मारपीट हुई। इस घटना में दो लोग घायल हो गए। वही पहले पक्ष के सुमित सिंह ने बताया कि वह घर का कूड़ा गोबर के घूर में डाल रहे थे। इस दौरान पड़ोसी शिवप्रताप सिंह और उनकी पत्नी ने उन्हें ऐसा करने से मना किया। विरोध करने पर दोनों ने गाली-गलौज की और लाठी-डंडों से मारपीट की। व दूसरे पक्ष के शिवप्रताप सिंह ने बताया कि वह घरेलू काम कर रहे थे। इसी दौरान पुराने मुकदमे की रंजिश को लेकर पड़ोसी सुभम सिंह, ब्रजेन्द्र पाल, सुमित सिंह और संजय सविता ने उनके साथ गाली-गलौज की। इसके बाद लाठी-डंडों से मारपीट की।

## आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की भर्ती को लेकर दलाल सक्रिय, वसूली जोरों पर

संवाददाता

फ्तेहपुर। जिले में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की होने वाली भर्ती एवं आबकारी विभाग द्वारा शराब की दुकानों के आवंटन से पहले विभागीय व्यवस्था में सेंधमारी के दावे कर दलालों ने इंट्री मारी है।भर्ती एवं आवंटन के नाम पर लोगों के काम कराने का ठेका लिया जा रहा है जो विभाग के लिए फिलहाल सिर दर्द बना हुआ है। आबकारी एवं जिला कार्यक्रम विभाग ऐसे ठगों से सावधान रहने की अपील के अलावा फिलहाल कुछ भी नहीं कर पा रहा जबकि दलालों के इस गैंग ने पूरे जिले में अपना जाल फैला रखा है। जिस भारतीय जनता पार्टी की सरकार में जीरो टॉलरेंस की बात की जा रही है उसी सरकार के कुछ छुटभैया नुमाइंदे भी नेताओं से मजबूत पकड़ होने एवं अधिकारियों से सेटिंग की बात कर काम कराने का ठेका ले रहे हैं। फ्तेहपुर जिले में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की 353 भर्ती के लिए हुए आवेदन के बाद आबकारी विभाग द्वारा शराब की दुकानों के आवंटन के लिए आवेदन मांगे हैं।ई-लॉटरी से होने वाले आवंटन में आवेदन भी शुरू हो गए हैं ।लेकिन इसी बीच काम कराने का ठेका लेने वाले दलालों की ग्रैंड इंट्री हुई है।पैसों की वसूली का शुरू यह खेल जारी है। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के लिए जिले में 12000 से अधिक आवेदन आए हैं जिनके सत्यापन का काम शुरू है लेकिन 'इसी बीच विभाग के एक सेवानिवृत कर्मचारी का गैंग सक्रिय हुआ है।बिन्दकी क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग का एक कर्मचारी एवं विजयीपुर क्षेत्र में एक गुप्ता जी लोगों को काम कराने की गारंटी दे रहे हैं। जबकि हकीकत में सब कुछ पारदर्शी तरीके से नियमानुसार ही होना है।इनके बहकावे में अनगिनत लोग फंसकर आर्थिक शोषण का शिकार हो रहे हैं। इसी बीच शराब की दुकानों के आवंटन के लिए भी आवेदन मांग लिए गए।जो इन दलालों के लिए सोने पर सुहागा हो गया।इसी का नतीजा रहा कि काम कराने का ठेका लेने वाले दलाल यहां भी सक्रिय हो गए और शराब की दुकानों का आवंटन कराने के बदले मोटी रकम जमा कराने का इनका सिलसिला शुरू हो गया। जिस भारतीय जनता पार्टी की सरकार में पारदर्शी तरीके से काम कराने की गारंटी दी जा रही है उसी के छुटभैया नेता भर्ती गैंग का हिस्सा बने हुए हैं।शासन सत्ता व जिले के अधिकारियों से अपने आकाओं के रसूख का हवाला देकर ठगी के इस खेल में पूरी तरीके से सनलिप्त हैं।शराब की दुकानों के आवंटन में विभागीय अधिकारियों से मिलीभगत एवं पार्टी के बड़े नेताओं के संबंधों तथा एनआईसी में सेटिंग की दुहाई देकर लोगों को अपने जाल में फंसाने का ताना-बाना बुना गया है हलांकि शुरू इस खेल की भनक दोनों विभागों को हो गई है। जिला कार्यक्रम अधिकारी साहब सिंह यादव ने हेल्पलाइन नंबर 7668031700 जारी कर किसी भी व्यक्ति को पैसा न देने बात कही है तथा पैसा मांगने वाले की शिकायत दर्ज कराने को कहा है। आबकारी आयुक्त ने भी ऐसे लोगों से एवं फर्जी वेबसाइट नचमइबपेममसवजजमतलनचेकबहवअबव.पद से सावधान रहने को कहा है। शिकायत के लिए 7355304913 व 7838522111नम्बर भी जारी किया है। दोनों विभागों के बार-बार आगाह करने के बावजूद भी दलालों का गैंग पूरी तरीके से जिले में सक्रिय है और काम कराने का ठेका ले रहा है। अब देखना यह है कि जिला व पुलिस प्रशासन ऐसे ठग दलालों से निपट पाता है या फिर लोगों को अपने मकड़जाल में फंसाने में ये सफल रहेंगे।

### एनएसएस की छात्राओं ने प्रस्तुत किए रंगारंग कार्यक्रम

संवाददाता

मथुरा। बी.एस.ए. कॉलेज द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह सातवे दिन भव्य रंगारंग कार्यक्रमों के साथ हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा ,राष्ट्रीय सेवा योजना की समन्वयक प्रो. पूनम तिवारी ने छात्रों को राष्ट्रीय सेवा में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए किया प्रेरित किया। समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि एवं संवाद लेखक रामेन्द्र मोहन त्रिपाठी, वरिष्ठ कवि श्यामसुंदर शर्मा श्अकिंचनश् और वरिष्ठ रंगकर्मी लोकेंद्र नाथ ने की। समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन मुख्य अतिथि, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ललित मोहन शर्मा और विशिष्ट अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया। संपन्न किया। समापन समारोह में बी.एस.ए. कॉलेज एनएसएस वॉलंटियर्स छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। ब्रज के लोकगीतों पर नृत्य, राधा-कृष्ण पर आधारित भक्ति नृत्य और देश के अमर शहीदों पर कविता पाठ ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम को और अधिक प्रेरणादायक बनाने के लिए वरिष्ठ कवियों ने अपनी कविताओं सुनाकर छात्रों व श्रोताओं को आनंदित कर दिया। मुख्य अतिथि प्रो. पूनम तिवारी ने कहा कि ष्राष्ट्रीय सेवा योजना में भागीदारी केवल समाज सेवा तक सीमित नहीं, बल्कि यह आपके करियर और व्यक्तित्व विकास का भी मार्ग प्रशस्त करती है। उन्होंने छात्रों को अधिक से अधिक सामाजिक सेवा में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ललित मोहन शर्मा ने कहा कि, ष्यह शिविर केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि अनुशासन, सेवा, नेतृत्व और टीम वर्क का पाठ पढ़ाने वाला एक महत्वपूर्ण मंच है। समारोह में विशिष्ट अतिथि डॉ. अशोक कुमार कौशिक ,कार्यक्रम अधिकारी शांतनु, मीडिया प्रभारी डॉ. रवीश शर्मा, डॉ. बी.पी. राय, डॉ. बी.के. गोस्वामी, डॉ0 नवीन अग्रवाल, डॉ0 रामदत्त मिश्रा, डॉ0 कपिल कौशिक, मथुरा डॉ0 ममतारानी कौशिक, डॉ0 अजय उपाध्याय, डॉ. यू.के. त्रिपाठी, डॉ सतपाल सिंह,डॉ. आनंद त्रिपाठी, डॉ. चंचल शर्मा, डॉ. सतेंद्र त्रिपाठी, चंद्रेश अग्रवाल, डॉ. रेखा राय, डॉ. अनु गर्ग सहित कई गणमान्य शिक्षकों ने छात्रों को मार्गदर्शन दिया।

## प्रोजेक्ट अमृत के अंतर्गत स्वच्छ जल स्वच्छ मन के तहत संत निरंकारी मिशन के सेवादारों ने भृगु धाम भिटौरा घाट में किया सफाई अभियान

➢ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद नमामि गंगे के संयोजक शैलेंद्र शरन सिम्पल ने स्वच्छता की दिलाई शपथ ।



संवाददाता

फ्तेहपुर। संत निरंकारी मिशन सेवा भावना और प्रोजेक्ट अमृत के अंतर्गत स्वच्छ जल स्वच्छ मन परियोजना के तृतीय चरण का भव्य शुभारंभ 23 फरवरी 2025 को किया गया। परम श्रद्धेय सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं सत्कार योग्य निरंकारी राजपिता रमित जी के पावन सानिध्य में आज फ्तेहपुर की यूनिट नंबर 791 के सेवादारों के द्वारा भृगु धाम भिटौरा में ष्स्वच्छ जल, स्वच्छ मनष् के अंतर्गत सफाई अभियान कार्यक्रम संपन्न किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नमामि गंगे के जिला संयोजक शैलेंद्र शरण सिम्पल मौजूद रहे। वही भृगु धाम भिटौरा में यह सफाई अभियान कार्यक्रम संपन्न हुआ। वहीं इस मौके पर सेवा दल शिक्षक सुरेश चंद्र ने बताया कि संत निरंकारी मिशन ने बाबा हरदेव सिंह जी महाराज की प्रेरणादायक शिक्षाओं को आत्मसात करते हुए वर्ष 2023 में संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से प्रोजेक्ट अमृत का शुभारंभ किया था। इस दिव्य पहल का उद्देश्य केवल जल स्रोतों की स्वच्छता सुनिश्चित करना ही नहीं था बल्कि जल संरक्षण को मानव जीवन का अभिन्न अंग बनाने की सोच को विकसित करना है। नदियों, झीलों, तालाबों, कुओं और झरनों जैसे प्राकृतिक जल स्रोतों की स्वच्छता एवं संरक्षण को समर्पित इस महा अभियान ने अपने पहले दो चरणों में अभूतपूर्व सफलता प्राप्त की इसी प्रेरणा के साथ इस वर्ष तृतीय चरण को और अधिक व्यापक, प्रभावी एवं दूरगामी दृष्टि से आगे बढ़ाया गया है। ताकि यह अभियान निरंतर विस्तार पाकर समाज में जागरूकता, सेवा और समर्पण की एक सशक्त लहर उत्पन्न करे। इस दौरान अभियान को गति देने के लिए नमामि गंगे के संयोजक शैलेंद्र शरन सिम्पल ने सेवादारों, बहनों एवं आम जनमानस को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस मौके पर संत निरंकारी मिशन 791 यूनिट के अकाउंटेंट अशोक कुमार शुक्ला, राम भवन, नीरज श्रीवास्तव, रमेश चंद्र, रवि कश्यप, सुरेंद्र पाठक, कैलाश, अंकित, योगेंद्र नारायण, राज बाबू, शिव भोला, प्रेम, संतोष तथा बहनों में सारा देवी, अंशू, सुशीला, प्रीती, प्रिया, सत्यम सोनी, उर्मिला, पुत्तन समेत बड़ी संख्या में भाई-बहन सेवादार मौजूद रहे।

## सुदामा चरित्र व परीक्षित मोक्ष की कथा सुन भाव विव्हल हुए श्रोता

संवाददता

चौडगरा/फ्तेहपुर। मलवा विकासखंड के अभयपुर ग्राम सभा के रानीपुर गांव में चल रही सप्त दिवसी श्रीमद् भागवत कथा के सप्तम दिवस पर भागवत भूषण उपाधि से सम्मानित आचार्य महेश देव पांडे जी ने द्वारिका लीला श्री कृष्ण विवाह सुदामा चरित्र एवं परीक्षित मोक्ष की कथा बड़े ही विस्तार से कही। उन्होंने कहा कि परमपिता परमात्मा कहते हैं कि मैंने ही सभी प्राणियों को उत्पन्न किया है और वह सभी प्राणी परमात्मा को प्रिय है और उन प्राणियों में भी मनुष्य मुझे अधिक प्रिय है। सम्मुख होई जीव मोहि जबहीं जन्म कोटि अघ नासहिं तबहीं श्री कृष्ण कहते हैं कि



जैसे ही जीवात्मा जैसे ही परमात्मा के सामने सारे छल कपट छोड़कर निर्मल भाव से परमपिता परमेश्वर के सानिध्य में आता है वैसे ही उसके कई जन्मों के पाप नष्ट हो जाते हैं। संगीतमई , आनंदमई, भक्तिमई, श्रीमद् भागवत कथा में प्रमुख रूप से परीक्षित शिवराज सिंह पत्नी किरण देवी माता अनंती देवी, रजनीश, अवनीश, आशीष, ऋषि, आचार्य प्रवर महेश दत्त उपाध्याय अरविंद पाठक आशीष पाठक प्रियम द्विवेदी, जूली ,बंटी महाराज, दयाशंकर सिंह, राजन सिंह, आलोक गौड, रुद्रपाल सिंह, राजू सिंह, जय बहादुर सिंह ,शिव बहादुर सिंह, सुरभि, आराध्या, वसुंधरा, कक्कू सिंह गौतम, रविंद्र सिंह भदोरिया, राहुल, पारस प्रियांश परिहार शाहिद सैकड़ो की संख्या में भक्तगण श्रीमद् भागवत कथा का रसपान करते नजर आए।

## सांसद की मौजूदगी में महाशिवरात्रि के अवसर पर शिव सप्ताह मनाने का किया गया संकल्प




संवाददाता

फ्तेहपुर। जनपद में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर ब्रह्माकुमारीज ज्वालागंज द्वारा बहनों ने शिव सप्ताह मनाने का संकल्प किया गया। जिसका उद्घाटन शिव अवतरण समारोह के रूप ने 23 फरवरी रविवार को बाँकेबिहारी मंदिर में किया गया। इस अवसर पर केन्द -प्रभारी ज्वालागज सेवा केन्द्र की ब्रह्माकुमारी नौरा दीदी ने अपने वक्तव्य में कहा कि परमात्मा शिव का रूप ज्योर्तिबिंदु स्वरूप है इसी की यादगार में द्वादश ज्योर्तिलिंगम का महत्व है। शिंव में ज्योतिविन्दु स्वरू को सभी धर्म के लोग मानते है। मुस्लिम माई उन्हें नूरे खुदा कहते हैं, इसाई धर्म में उन्हें गॉड इन लाइट कहते हैं, वही सिक्ख नाई एको ओकार सतनाम कहते हैं,वहीं सनातन धर्म में उन्हें ज्योर्तिलिंगम के रूप में जाना जाता है। तभी यह सिद्ध होता हैं वो सबका मालिक है। ब्रह्माकुमारी ममता बहन ने महाशिवरात्रि का अर्थ स्पष्ट करते हुए बताया कि महाशिवरात्रि अर्थात् जब जब संसार में घोर कलियुग आ जाता है मानव दानव का रूप ले लेता है। पारार्दिक सरकार बन जाते है और मनुष्य मूल्यहीन हो जाते है। तब परमात्मा शिव का दिव्य अवतरण होता है। वही बीके पारुल बहन ने बताया कि शिव पर हम सभी धतूरा, बेल पत्री क्यो चढ़ाते है, इसका अर्थ है कि परमात्मा शिठ ज्योतिस्वरूप ब्रह्मा विष्णु और शकर लीनी देवताओं के भी रथविता है। आज कर्तमान समय इनारे अन्दर जो काम क्रोध, लोभ, मोह अहकार है उस काटों जैसी जहरीली वस्तुओं को हमें दिल से त्यागना ही सच्ची शिवरात्रि मनाना है न कि वस्तुओं या सामग्री पढना। इस अवसर पर जिले के सांसद नरेश उत्तम पटेल, सपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, प्रदीप गर्ग, डॉ अनुराग श्रीवास्तव, महर्षि स्कूल के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार, सहित सभी धर्म के विशिष्ट बन्धुजन हिन्दू मुस्लिम सिक्ख ईसाई मौजूद रहे। सभी ने मिलकर एक पिता परमात्मा की याद में दीप प्रज्जवलन करके विश्व बन्धुत्य की कामना का संकल्प किया। वही छोटे बच्चों ने आध्यात्मिक सांस्कृतिक कार्यकम करके सभी को भाव विभोर कर दिया। वही रवि साहू एण्ड पार्टी ने सुन्दर भजन प्रस्तुत करके सबको मगमुग्ध कर दिया। ब्रह्माकुमारी विमला बहन ने मंच संचालन किया। वहीं संगीता, शांति, सीमा, रंजीता, बहनों ने सभी का तिलक लगाकर स्वागत किया। दिनेश, चन्द्रपाल, विश्वनाथ शुक्ला, आदि अनेक भाईयों ने मिलकर प्रसाद वितरण का सेवा भार संभाला।

# बरसाना को 7 जोन व 18 सेक्टर बांटकर होगी सुरक्षा व्यवस्था

❑ ड्रोन कैमरा, 126 सीसीटीवी कैमरों से असमाजिक तत्वों की होगी निगरानी ❑ बरसाना की सड़कों को करें गड्ढा मुक्त रू लक्ष्मीनारायण ❑ होली पर श्री राधारानी जी मंदिर में दर्शन करने श्रद्धालु जूता-चप्पल न पहन कर जाएं ❑ असामाजिक तत्वों, हुड़दंग करने वालों एवं अफवाह फैलाने वालों पर होगी कड़ी कार्यवाही ❑ ड्यूटी में तैनात पुलिस कर्मी श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों करें विनम्र व्यवहार

संवाददाता

मथुरा। बरसाना की लड्डू व लट्ठमार होली का होगा भव्य आयोजन ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सभागार में हुई रंगोत्सव 2025 की बैठक। मथुरा उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सभागार में गन्ना विकास एवं चीनी मिल मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी की अध्यक्षता में रंगोत्सव 2025 की तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक हुई। मंत्री ने बरसाना की लड्डू व लट्ठमार होली को भव्य व आकर्षण बनाने के लिए मेला क्षेत्र को श्री राधाकृष्ण जी की लीलाओं के चित्रण से सजाने, लाइटिंग, प्रवेश द्वार, साज सज्जा आदि के निर्देश दिए। डीएम चंद्र प्रकाश सिंह ने अवगत कराया कि श्री राधारानी जी मंदिर के दर्शन को आने वाले श्रद्धालुओं को मंदिर में सीढ़ियों के रास्ते से प्रवेश कराया जाएगा। सभी श्रद्धालुओं को जयपुर मंदिर मार्ग से नीचे उतारा जाएगा। बैठक में लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अजय कुमार ने अवगत कराया कि बरसाना में 56 पार्किंग, 94 बैरियर, 7 कुंडों की बैरीकेडिंग, 6 वॉच टॉवर बनाए जा रहे है। नंदगांव में 16 पार्किंग तथा 35 बैरियर




बनाए जा रहे है। मंत्री ने अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए कि बरसाना को जोड़ने वाली समस्त सड़कों को गड्ढा मुक्त करे। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजा कांत मिश्र ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि रंगीली गली में जर्जर मकानों, गिरासू/ लटके छज्जों को हटाया जाए। नगर पंचायत बरसाना की अधिशासी अधिकारी जर्जर भवन स्वामियों को नोटिस जारी करे तथा जर्जर भवनों/ छज्जों को ध्वस्त कराए। श्री चौधरी ने पुलिस उपमहानिरीक्षक / वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय को निर्देश दिए कि रंगीली गली के मकानों के छतों पर पुलिस ड्यूटी लगाई जाए। मकानों के छतों व छज्जों पर किसी को न आने दे। ड्यूटी में तैनात समस्त पुलिस कर्मचारी श्रद्धालुओं व पर्यटकों से विनम्र रहे। उन्होंने निर्देश दिए कि समस्त सीसीटीवी कैमरों के पास बोर्ड लगाए कि आप कैमरे की निगरानी में है तथा पी.ए. सिस्टम से निरंतर अनाउंसमेंट करते रहे की आप कैमरे की निगरानी में है, जिससे शरारती, हुड़दंगी व असामाजिक तत्वों में भय बना रहे। पुलिस उपमहानिरीक्षक / वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय ने अवगत कराया है कि मेला क्षेत्र में नेटवर्क की समस्या के निदान हेतु समस्त मोबाइल कंपनी के मोबाइल टावर्स को लगाया जाएगा। ड्रोन कैमरा तथा 126 सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रहेंगी। मेला क्षेत्र को 7 जोन व 18 सेक्टर में विभाजित किया गया है। मंत्री ने जिला पंचायत राज विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया रोस्टर बनाकर सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि खंभों, ट्रांसफार्मर, तारों आदि का निरीक्षण करे। गली एवं सड़कों पर विद्युत के तार ढीले न दिखाई दें। खंभों की प्लास्टिक रैपिंग करना सुनिश्चित करें। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष श्री शैलजा कांत मिश्र ने सिंचाई विभाग को गोवर्धन ड्रेन की उत्कृष्ट साफसफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। नगर पंचायत को गौवंशों को गौशालाओं में पहुंचाने, अवैध होर्डिंग्स की हटाने तथा क्षेत्र में पेंटिंग कराने के निर्देश दिए। माननीय मंत्री जी ने अग्नि शमन विभाग को समस्त मेला क्षेत्र में सुरक्षा हेतु अग्निशमन संबंधी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि लगभग 150 बसे बरसाना हेतु मथुरा और वृंदावन से चलाई जाएंगे। माननीय मंत्री जी ने परिवहन विभाग को निर्देश किया कि बसों का संचालन मथुरा से छाता एवं मथुरा से कोसी होते हुए बरसाना की ओर भी किया जाए। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मिलावटी पनीर और खोया पर नजर रखे तथा कार्यवाही सुनिश्चित करे। आम जनमानस एवं दुकानदारों को फूड सेफ्टी के सम्बन्ध में जागरूक करते रहे। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता के नाम पर दुकानदारों का उत्पीड़न नहीं होना चाहिए। उन्होंने भंडारा लगाने वालों को डस्टबिन/ कूड़ादान लगाने हेतु निर्देशित करने को कहा। बैठक नगर निगम मथुरा वृंदावन के नगर आयुक्त शशांक चौधरी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व योगानंद पांडेय, उप जिलाधिकारी छाता श्वेता, उप जिलाधिकारी गोवर्धन श्रीमती नीलम श्रीवास्तव, सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन धीरेन्द्र प्रताप सिंह, परियोजना निदेशक एवं डीपीआरओ अरुण कुमार, जिला सूचना अधिकारी प्रशांत कुमार सुचारी, एसीएमओ भूदेव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# तत्काल टिकट के लिए रात से ही लाइन, सुबह मिल रही मायूसी

**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता गाजीपुर**

गाजीपुर । वाराणसी-छपरा रेल ट्रैक पर महाकुंभ, सहालग के कारण यात्रियों की भीड़ गई है। कन्फर्म टिकट नहीं मिल पाना परदेशियों की यात्रा में बाधा बन रहा है। दिल्ली, मुंबई सहित अन्य स्थानों से आने वाली ट्रेनों में नो रूम या लंबी वेटिंग चल रही है। तत्काल आरक्षण का टिकट पाने के लिए बुकिंग काउंटर पर कुछ ही सेकंडों में बुक होने से भी टिकट नहीं मिल पा रहा है। रात भर लाइन लगाकर टिकट की चाह में पहुंचने वालों को सुबह कांउटर खुलते ही सिर्फ एक-दो यात्रियों का ही टिकट बुक हो पा रहा है शेष को मायूस होकर लौटना पड़ रहा है। महाकुंभ स्नान, वैवाहिक कार्यक्रम व त्योहारों को लेकर ट्रेनों में आरक्षित कन्फर्म सीट के लिए मारामारी के हालात है। स्थिति यह है कि घर आने तथा त्योहार के बाद वापस जाने के लिए लोगों को ट्रेनों में सीट नहीं मिल रही है। ट्रैक पर संचालित ट्रेनों में दो माह पूर्व ही सीट की बुकिंग फुल हो चुकी है। जिससे यात्रियों की समस्या बढ़ गयी है। घर, परिवार या रिश्तेदारी में आयोजित वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने घर आए लोग वापस मुंबई, दिल्ली गुजरात, हैदराबाद आदि स्थानों पर लौटने की तैयारी करने वालों की राह में कन्फर्म टिकट न मिलने से परेशान हैं। रेल ट्रैक पर संचालित स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस, पवन एक्सप्रेस, सारनाथ एक्सप्रेस, सद्भावना एक्सप्रेस, सुहेलदेव एक्सप्रेस, शब्दभेदी एक्सप्रेस, गाजीपुर-बाद्रा एक्सप्रेस, गाजीपुर-वैष्णों देवी कटरा समेत अन्य ट्रेनों में लंबी वेटिंग चल रही है। कई ट्रेनों में नो रूम तक की स्थिति बनी है। तत्काल कोटे का टिकट लेने के लिए रात भर स्टेशन पर लाइन लगाने के बाद कुछ ही सेकंड में टिकट बुक होने से यहां भी रेल यात्रियों को राहत नहीं मिल पा रही है।

**एसी में न स्लीपर कोच में मिल रही जगह**

शनिवार को तत्काल टिकट के लिए लाइन में लगे लोगों को न तो एसी में जगह मिली और न ही स्लीपर कोच में। ऐसे में कई यात्री मायूस होकर लौट गए। दिल्ली में रहने वाले सारीपुर निवासी अंजनी पांडेय बताया कि तीन दिन से तत्काल कोटे का टिकट लेने के लिए परेशान हैं लेकिन, टिकट नहीं मिल पा रहा है।

सुजानपुर निवासी शफीक मुंबई में रहते हैं। बताया कि वैवहिक कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। मुंबई से मालिक का फोन आ रहा है, जाना भी जरुरी है। लेकिन कन्फर्म टिकट नहीं मिलने से लग रहा है कि अब वेटिंग के टिकट पर भीड़ में यात्राा करनी होगी। अन्य परदेशियों का भी यही हाल है। शनिवार को रेलवे स्टेशन पर एसी कोच में तत्काल टिकट के लिए 10 लोगों ने नंबर लगाया था, जिसमें अधिकांश मुंबई, गुजरात आदि क्षेत्रों के लिए जाने वाले थे। लेकिन सिर्फ तीन लोगों के ही टिकट बन सके और बाकी यात्री मायूस रहे। इसी तरह का हाल स्लीपर कोच की भी रहा। स्लीपर में तत्काल टिकट के लिए 20 लोगों ने नंबर लगाया था। इसमें आठ लोगों के ही टिकट बन पाए। स्लीपर कोच में ज्यादा मारामारी रही। अधिकांश यात्रियों को तत्काल का भी टिकट नहीं मिल पाया।

**नियमित हो रही बुकिंग**

स्टेशन मास्टर ने बताया कि तत्काल कोटे का टिकट नियमित बुक हो रहा है, लेकिन भीड़ अधिक होने तथा समिति समय में तत्काल कोटे की आरक्षित टिकट बुक हो जा रहे है। फिर भी कोशिश रहती है कि तत्काल कोटे से अधिक से अधिक यात्रियों को टिकट बुक हो सके।

## सामुदायिक शौचालय में लटक रहा ताला, लोग खुले में कर रहे शौच

**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता गाजीपुर**

गाजीपुर। स्वच्छ भारत मिशन के तहत लाखों रुपए की लागत से बनाए गए सामुदायिक शौचालय में ताला लटक रहा है। चारों तरफ गंदगी का अंबार। पानी की सुविधा नहीं, जिस कारण लोगों को खुले में शौच जाना पड़ता है। गांव के लोगों ने जिम्मेदार अधिकारियों से मांग तैनात सफाई कर्मी पर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। ग्राम पंचायत फतेहपुर सिकन्दर, रजदेपुर देहाती, शेरपुर, सहित अन्य क्षेत्रों में शौचालय का निर्माण कराया गया है। दीवारों पर रंगाई पुताई कर बड़े सुंदर स्लोगन से लिखा है। सामुदायिक शौचालय, स्नानघर एवं दिव्यांग शौचालय भी है। सामुदायिक शौचालय बनने के बाद एक दिन भी ताला नहीं खुला। दरवाजों के सामने बड़े-बड़े घास फूस अब आए हैं। पानी की व्यवस्था नहीं है। प्रदेश सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यावरण स्वच्छ रखने व खुले में शौच न जाने के लिए ग्रामपंचायत निधि से लाखों रुपए की लागत से सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया है। जिसकी देखरेख व साफ सफाई की जिम्मेदारी सहायता समूह को दी गई है। जिसके लिए ग्राम पंचायत की ओर प्रतिमाह हजारों की रकम खर्च की जा रही है। इसके लिए वित्तीय वर्ष 2020-2021 से छह लाख 50 हजार रुपए की लागत से महिला व पुरुष तथा दिव्यांग के लिए छह मीटर शौचालय बनवाया गया था। लेकिन गांव वालों का कहना है कि बने शौचालय में ताला लटकता रहता है। जिस कारण लोगों को खुले में शौच के लिए जाना पड़ता है। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान व सचिव से ताला खुलवाने की मांग की थी, लेकिन अब तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# उत्तर प्रदेश में आर्म रेसलिंग का भविष्य उज्ज्वल – मनोज



**तीसरा विकल्प न्यूज़ ब्यूरो**

मुरादाबाद। प्रिंस रोड स्थित होटल साईं पैलेस में आयोजित हुए दो दिवसीय उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय रेफरी सेमिनार एवं प्रशिक्षक प्रशिक्षण कोर्स सम्पन्न हो गया। इस सेमिनार में प्रदेश भर से लगभग 50 से अधिक खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। जिसमे मुरादाबाद, अमरोहा, बलिया, फर्रुखाबाद, बुलंदशहर, सहारनपुर, मैनपुरी, गोरखपुर, चंदौली, बिजनौर, मेरठ, बरेली, गाजियाबाद, सम्भल, सीतापुर, मुजफ्फरनगर, लखनऊ, मिर्जापुर, फिरोजाबाद, वाराणसी, आजमगढ़, कानपुर, मथुरा, गोंडा आदि जिलों के खिलाड़ी उपस्थित रहे। यह कार्यशाला भारतीय आर्म रेसलिंग महासंघ के अंतर्गत आर्म रेसलिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित कराई गई। आर्म रेसलिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष मनोज वर्मा ने बताया कि 22 और 23 फरवरी को आयोजित इस दो दिवसीय सेमिनार में आर्म रेसलिंग खेल के नियमों की बारीकियां सिखाई गई, आर्म रेसलिंग के फाउल के बारे में संपूर्ण जानकारी प्रदान की गई, आर्म रेसलिंग खेल के नियमों और टेक्नीक के बारे में भी बताया गया। सेमिनार में रेफरी का प्रशिक्षण इंडियन आर्म रेसलिंग फेडरेशन के महासचिव मनोज नायर द्वारा दिया गया। मनोज नायर महासचिव होने के साथ आर्म रेसलिंग खेल के अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं अंतराष्ट्रीय रेफरी भी हैं। पहले ही सेमिनार में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों की संख्या और उनके उत्साह को देखकर मनोज ने कहा कि उत्तर प्रदेश में आर्म रेसलिंग का भविष्य बहुत उज्ज्वल है। कार्यक्रम का समापन मुख्य अतिथि डॉ अनंत राणा व श्रुति राणा, आर्म रेसलिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश के महासचिव शाहवेज़ अली द्वारा किया गया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष अकमल खान, शुमायला खान, उत्सव शर्मा, आदित्य जायसवाल, अरविंद सिंह, शोभित भारद्वाज, रोहित आदित्य, केशव थापा, आदि उपस्थित रहे।

## खुले में बिक रहे मीट-मछली के कारण सड़क पर चलना मुश्किल, अफसर नहीं करते कार्रवाई

**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता गाजीपुर**

गाजीपुर। नगर क्षेत्र की मुख्य सड़कों व सार्वजनिक स्थानों पर खुले में मीट व मछली की दुकानें चल रही हैं, ऐसे में लोगों को इनसे उठती बदबू के बीच रहना पड़ रहा है। इस बात को लेकर लोगों ने कहा कि मीट की दुकानों को बाजार की आबादी से दूर किसी निश्चित स्थान पर प्रशासन को लगाना चाहिए व स्वास्थ्य विभाग को भी ध्यान देना चाहिए। लोगों का कहना है कि बाजार के मुख्य मार्गों पर मीट की दुर्गंध फैलती रहती है। इतना ही नहीं इन व्यवसायियों द्वारा सफाई व्यवस्था भी बिगाड़ कर रख दी गई है। दुकानदार सड़क पर गंदगी तो फैलाते ही हैं सफाई भी नहीं करते। लिहाजा सड़क पर पसरी गंदगी की बदबू से राहगीरों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। विशेष बात तो यह है कि बाजार में चल रही ज्यादातर दुकानों के तो लाइसेंस भी नहीं हैं। चिकन या मटन की बिना जांच कराये ही उसे धड़ल्ले से बेचा जा रहा है। जिससे बजार में कोई भी बड़ी बीमारी फैलने का अंदेशा बना रहता है। अगर यही हाल बजार में कुछ दिन और रहे तो शहर में बीमारी फैल सकती है

**बीच बाजार में से हटाई जानी चाहिए दुकानें**

राजीव कुमार सिंह, सुनील कुमार यादव, राम अवध, किशोर कुमार आदि बताते हैं कि बाजार से हटकर इस तरह की दुकान होनी चाहिए। समाजसेवी अरविंद नाथ राय कहते हैं कि सरकार द्वारा खुले में मांस बेचना प्रतिबंधित किया गया है फिर भी दुकानदार नियमों को ताक पर रख कर व्यवसाय कर रहे हैं इन दुकानदारों को नियम के तहत कार्य करने को लेकर प्रशासन को पहल करने की आवश्यकता है। सड़क किनारे यह उपयुक्त नहीं है। पप्पू बताते हैं कि इस तरह की दुकान सड़क किनारे होना कहीं से उपयुक्त नहीं है। इन दुकानदारों द्वारा सरकारी मापदंड का भी खुलेआम उल्लंघन किया जाता है। आवश्यकता है इन दुकानदारों को सरकारी मापदंड के अनुसार दुकान चलाने की।

## रातों में भी बढ़ने लगी गर्मी, 15 डिग्री पहुंचा न्यूनतम तापमान

**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता गाजीपुर**

गाजीपुर। जिले में समय से पहले ही न्यूनतम और अधिकतम तापमान बढ़ने लगा है। शनिवार को अधिकतम तापमान 33 डिग्री और न्यूनतम 15 डिग्री रहा। तापमान बढ़ने के कारण दिन और रात में गर्मी का एहसास होने लगा है। मौसम वैज्ञानिक अब लगातार तापमान में इजाफा होने की संभावना जता रहे हैं। पिछले कुछ दिनों से मौसम लगातार बदल रहा है। इसका असर भी जिले में दिखाई दे रहा है। इस बार समय से पहले तापमान बढ़ना शुरू हो गया तो फरवरी माह में ही गर्माहट का अहसास हो रहा है। वहीं, अब दिन और रात के तापमान में अचानक उछाल के बाद लोगों को अब दिन भर गर्मी का भी सामना करना पड़ रहा है। दिन के तापमान में उछाल के साथ रात के तापमान में भी उछाल होने की वजह से लोगों को सर्दी से राहत जरूर मिली है। हालांकि तापमान बढ़ने का सबसे अधिक असर गेहूं की फसल पर पड़ रहा है। इससे किसान चिंतित हैं। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को अधिकतम तापमान 33 और न्यूनतम 15 डिग्री सेल्सियस रहा।

**रेलवे स्टेशन पर बढ़ी पानी खपत**

गर्मी के बढ़ते असर से पानी का कारोबार काफी बढ़ गया है। सर्दी के मौसम में पानी की कम खपत की वजह से सुस्त पड़ा कारोबार फिर से तेजी पकड़ने लगा है। राहगीर सफर के दौरान पानी की बोतल खरीदते दिख रहे हैं। यही वजह है कि रेलवे स्टेशन और रोडवेज बस स्टैंड के आसपास की दुकानों में सीलबंद पानी की बोतलों की खपत बढ़ गई है। इससे दुकानदारों में खुशी देखने को मिल रही है।

## समता फाउंडेशन ने संत गाडगे को किया याद

**संवाददाता**

मथुरा। आज अखिल भारतीय समता फाउंडेशन द्वारा कृष्णा नगर बिजली घर कैंप कार्यालय पर पर पराधीन भारत में जन-जन को स्वच्छता समता समानता का संदेश देने वाले बहुजन संत महात्मा संत गाडगे के 147 वें जन्म दिवस पर पुष्पांजलि सभा का आयोजन डॉ. राजेंद्र प्रसाद लोधी की अध्यक्षता में किया गया संचालन एडवोकेट विवेक कुमार ने किया । पुष्पांजलि सभा में पार्षद वार्ड 48 लक्ष्मण सैनी एवं सपा महानगर अध्यक्ष एवं बाबा साहब वाहिनी के रमेश सैनी ने संत गाडगे के चित्र पर माल्यार्पण करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि संत गाडगे ने समाज में व्याप्त कुरीतियां, आडंम्बर, अंधविश्वास, अशिक्षा के खिलाफ जन जागरण चला कर लोगों को जागरूक किया। समता फाउंडेशन के अध्यक्ष लुकेश कुमार राही ने कहा कि संत गाडगे के विचार आज भी प्रत्येक व्यक्ति को राष्ट्र की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए प्रासंगिक है । पुष्पांजलि सभा में अंकित, सागर, आयुषी, नैतिक बाबू, रॉकी राजस्थानी, विकास कुमार, अर्जुन सिंह, सरदार महेंद्र सिंह, हरि सिंह सविता, शाहरुख खान आदि मौजूद रहे ।

## निरंकारी भक्तों ने चमकाए यमुना के घाट

**संवाददाता**

मथुरा। निरंकारी मिशन के स्वयं सेवक आज ब्रज के पौराणिक यमुना के घाटों की सफाई करने में उत्साहित होकर जुटे रहे। इन लोगों ने लगातार तीन घंटे स्वच्छ जल - स्वच्छ मन के भाव के साथ यमुना के घाटों को चमकाये। संत निरंकारी मिशन द्वारा अमृत परियोजना के तहत रविवार को यमुना के प्रसिद्ध घाटों पर चलाए गए स्वच्छता अभियान का, जो सत्गुरू माता सुदीक्षा महाराज की प्रेरणा से देशभर के लगभग 1600 जल तटीय स्थलों पर आयोजित किया गया। जिसके तहत 'आओ सवारें, यमुना किनारे' थीम पर आधारित स्वच्छता अभियान की शुरूआत मथुरा में रविवार की सुबह 7 बजे से लगातार तीन घंटे तक तीन सौ से ज्यादा निरंकारी भक्तों ने समर्पण, भक्ति और सेवा का भाव से उत्साहित होकर यमुना के मुख्य स्थल विश्राम घाट से राजा घाट, प्रयाग घाट, दाऊजी घाट, श्रंगार घाट, श्याम घाट, रामघाट, तीनदुक घाट, बल्लभ घाट, चौंचाघाट, वसुदेव घाट, बंगाली घाट, कम्पू घाट के आसपास यमुना किनारे जमी काई, कीचड़, प्लास्टिक कचरा आदि गंदगी को साफकर स्वच्छ जल स्वच्छ मन का संदेश दिया। मथुरा के जोनल इंचार्ज एच के अरोड़ा ने बताया कि अमृत परियोजना का मुख्य उद्देश्य 'जल संरक्षण' तथा इसके बचाव हेतु जल निकायों की स्वच्छता एवं स्थानीय जनता के बीच 'जागरूकता अभियान' के माध्यम से उन्हें प्रोत्साहित करना है। मीडिया प्रभारी किशोर स्वर्ण ने बताया कि निरंकारी भक्तों ने यमुना के घाटों से दस ट्रॉली से ज्यादा कचरा इक्ठठा किया, जिसे मथुरा वृंदावन नगर निगम की गाड़ियों के माध्यम से निस्तारण हेतु भिजवाया गया। इसमें वार्ड 65 के पार्षद संतोष पाठक तथा यमुना घाट इंचार्ज अरविंद चतुर्वेदी के साथ उनकी टीम का सहयोग रहा। निरंकारी मिशन ने सहयोग हेतु मथुरा वृन्दावन नगर निगम प्रशासन तथा यमुना भक्तों का धन्यवाद किया।

# मुंबई मेरिट और दिल्ली हार्ट कामाख्या क्रिकेट लीग के सेमीफाइनल में





**तीसरा विकल्प न्यूज़ ब्यूरो**

नोएडा। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ अंडमान निकोबार के तत्वाधान में चैंपियंस स्पोर्ट्स एंड एंटरटेनमेंट द्वारा नोएडा के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित कामाख्या क्रिकेट लीग में तीसरे दिन पहले मैच में चंडीगढ़ चैंपियन के कप्तान जसमीत सिंह ने टॉस जीता और पहले क्षेत्र आरक्षण करने का निर्णय लिया चंडीगढ़ चैंपियन की शानदार गेंदबाजी की बदौलत निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 124 रन ही बना सके जिसमें राहुल के 40 विजय के 36 शाहिद 14 और सनी 10 का योगदान रहा चंडीगढ़ चैंपियंस की ओर से अविनाश ने शानदार गेंदबाजी करी और चार विकेट झटके इसके अलावा अदनान जस्मीत रोहित और अरविंद ने एक-एक विकेट लिया जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी चंडीगढ़ की चैंपियंस की टीम 20 ओवर समाप्ति पर 123 रन ही बना सकी और मुंबई मेरिट ने एक रन से रोमांचक मैच जीत लिया। चंडीगढ़ चैंपियन की ओर से अरविंद 50 और अदनान 46 रन का प्रमुख योगदान रहा, मुंबई मेरिट की ओर से आयुष महाजन ने दो हिमांशु और आयुष चंद ने एक-एक विकेट लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार अविनाश कुमार को मुख्य अतिथि फिल्म जगत के सितारे जुबेर सनम खान के द्वारा दिया गया। दूसरे मैच में दिल्ली हार्ट के कप्तान अनीश ने टॉस जीता, बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। दिल्ली हार्ट की टीम 16.4 ओवरों में 107 रन बनाकर आउट हो गई जिसमें राहुल के 37 रोहित पचोरी 17 अनुराग 13 रन का प्रमुख योगदान रहा, यूपी अपर की ओर से ओसामा और दिनेश ने तीन-तीन सत्यजीत ने दो विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी यूपी अपर की टीम मात्र 20 ओवरों में 8 विकेट खेकर 94 रही बना सकी इसमें हाफिज मोहम्मद फैज ने सर्वाधिक 41 और सत्यजीत राउत ने 17 रन का योगदान दिया। दिल्ली हार्ट की ओर से अनीस राजपूत और बबलू त्यागी ने दो दो कार्तिक बैरु और संतोष राणा ने एक एक विकेट लिया मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार अनीश राजपूत को विंग कमांडर सदफ आलम के हाथों दिया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि आले इकबाल पूर्व डिप्टी मेयर दिल्ली एवं विधायक जामा मस्जिद, एसीपी दिल्ली दिनेश कुमार, शालिनी शर्मा, रितु ठाकुर महिला मोर्चा, अध्यक्ष प्रदीप बूबना छायांकन बूबना, शाहजहां खातून, बिलाल खान, एडवोकेट सुरीफा खान, शकील खान, मनोरमा शर्मा, बीजेपी लीडर नाजिया मिर्जा के अलावा कामाख्या क्रिकेट लीग के अध्यक्ष शमीम खान, कादिर खान, विकास शर्मा, पायल बलवंत, परी मैच के अंपायर जितेंद्र गुप्ता, इब्राहिम खान, मोहम्मद उस्मान, फिजियो डॉक्टर काजल गोयल, डायरेक्टर क्रिकेट ऑपरेशन उमर कमाल, कॉमेंटेटर इरफान भट्ट, शीष मोहम्मद, सपोर्टिंग स्टाफ बलवंत, आरिफ, राहुल, मोहम्मद फैजान, आलम चौधरी, हर्ष, पायल सिंह, सरोज, कोमल, अन्नू और परी सरोज आदि उपस्थित थे।

# सहादतगंज पुलिस का मानवीय चेहरा: श्रद्धालुओं के लिए लगाया सेवा स्टॉल



**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। सहादतगंज पुलिस का एक सराहनीय और मानवीय चेहरा सामने आया है। लखनऊ कमिश्नरेट की सहादतगंज पुलिस ने श्रद्धालुओं की सेवा में तत्परता दिखाते हुए स्टॉल लगाकर जलपान की व्यवस्था की। सहादतगंज थाना प्रभारी के नेतृत्व में बावली चौक प्रभारी चंद्रकांत और उनके सहयोगी कांस्टेबल मंगल ने श्रद्धालुओं को जलपान कराया। इस सेवा भाव को देखकर कांवड़ यात्रियों और श्रद्धालुओं ने पुलिस टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा की। लखनऊ कमिश्नरेट पुलिस द्वारा किए गए इस कार्य से न केवल कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी निभाने का संदेश मिलता है, बल्कि जनसेवा की भावना भी उजागर होती है। श्रद्धालुओं ने पुलिस टीम के इस कदम की सराहना करते हुए धन्यवाद प्रकट किया।

# लविवि: पांचवे दिन चेस, कैरम एवं टेबल-टेनिस प्रतियोगिताएं हुई



**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में चल रहे दस दिवसीय -इंटर हॉस्टल कॉम्पीटिशन फेस्ट-2025 के पांचवें दिन विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में चेस, कैरम एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में मुख्य अतिथि कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय और विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर राजकुमार सिंह पूर्व प्रति कुलपति रहे। चीफ प्रोवोस्ट प्रो अनूप कुमार सिंह ने बताया कि छात्रों के टेबल टेनिस प्रतियोगिता के एकल एवं डबल्स दोनों श्रेणियों में प्रथम स्थान होमी जहांगीर भाभा हास्टल को प्राप्त हुआ। जबकि महिला श्रेणी में एकल एवं डबल्स में प्रथम स्थान चन्द्रशेखर आजाद गर्ल्स हास्टल को मिला। पुरुष छात्रावास में कैरम प्रतियोगिता में फाइनल मैच सुभाष और हबीबुल्लाह के बीच खेला गया जिसमे सुभाष हॉस्टल विजयी रहा। साथ ही चेस प्रतियोगिता में कौटिल्य हास्टल प्रथम स्थान पर और आचार्य नरेंद्र देव अंतरराष्ट्रीय छात्रावास द्वितीय स्थान पर रहा। महिला छात्रावास के कैरम प्रतियोगिता में कैलाश प्रथम स्थान पर तथा निवेदिता हॉल द्वितीय स्थान पर रहा। चेस प्रतियोगिता में बीरबल साहनी की विदेशी अंतःवसियों को प्रथम स्थान तथा कैलाश छात्रावास द्वितीय स्थान पर रहा। प्रतियोगिताओं के दौरान प्रति कुलपति प्रो मनुका खन्ना अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो वी के शर्मा, अधिष्ठाता विधि संकाय प्रो बीडी सिंह आईपीपीआर निदेशक प्रो दुर्गेश श्रीवास्तव, डॉ शशि कनौजिया तथा सभी 18 छात्रावासों के अभिरक्षक एवं सह-अभिरक्षक उपस्थित थे ।

## सूली और वसूली के शिकार बन रहे शिक्षक शिक्षक के कंधों पर दर्जनों कामों की जिम्मेदारी

**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता गाजीपुर**

गाजीपुर। बच्चे स्कूल नहीं आए, शैक्षिक गुणवत्ता खराब, मिड डे मील नहीं बना, गुणवत्ता खराब, स्कूल में गंदगी, निर्माण में खामी, खाता बही का हिसाब गलत जैसी अनेक कमियों के लिए शिक्षकों को दोष दिया जाता है। बताते हैं कि जो शिक्षक सूली से बच जाते हैं, वह वसूली का शिकार बन जाते हैं।% स्कूलों में चपरासी- और क्लर्क के काम भी शिक्षक ही कर रहे है। बालगणना, स्कूल चलो अभियान, ड्रेस वितरण कराना, मिड डे मील बनवाना, निर्माण कार्य कराना, एसएमसी की बैठक कराना, पीटीए की बैठक कराना, एमटीए की बैठक कराना, ग्राम शिक्षा समिति की बैठक, रसोइयों का चयन कराना, शिक्षा समिति के खाते का प्रबंधन, एसएमसी के खाते का प्रबंधन, मिड डे मील के खाते का प्रबंधन, दूध व फल का वितरण कराना, शिक्षा निधि के खाते का प्रबंधन, बोर्ड परीक्षा में ड्यूटी करना, पोलियों कार्यक्रम में प्रतिभाग, बीएलओ ड्यूटी में प्रतिभाग, चुनाव ड्यूटी करना, जनगणना करना, संकुल की सप्ताहिक और बीआरसी की मासिक मीटिंग में भाग, विद्यालय अभिलेख तैयार करना, विद्यालय की रंगाई पुताई कराना, रैपिड सर्वे कराना, बच्चों को घरों से बुलाना, टीएलएम की व्यवस्था करना, पौधरोपण कराना, विद्यालय की सफाई कराना, जिला स्तरीय अफसरों के आदेशों का पालन अन्य शिक्षण कार्य।

# उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान ने कुंभ क्षेत्र में किया संगोष्ठी एवं काव्य पाठ का आयोजन

**तीसरा विकल्प न्यूज़ ब्यूरो**

भाषा विभाग ,उत्तर प्रदेश शासन के नियंत्रणाधीन उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान द्वारा उच्च शिक्षा निदेशालय शिविर महाकुंभ मेला, प्रयागराज में आयोजित अमृतधर्मिता का महोत्सव कुम्भ और विकास के अवसर 卐 विषयक संगोष्ठी एवं काव्यपाठ में बोलते हुये विशिष्ट अतिथि इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रो. राजेश कुमार गर्ग ने कहा कि महाकुम्भ सामाजिक समरसता और सदभाव का महाकुम्भ भी है। विशिष्ट अतिथि इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रो. मनोज कुमार जी ने कहा यह भाषाओं का भी महाकुम्भ है जिसमें अनेकानेक भाषाओं के बोलने वाले लोग आए और बिना किसी समस्या के सहभागी हुये। महाकुम्भ में हिन्दी तो केंद्रीय भूमिका में रही ही साथ में अन्य भारतीय भाषाएं भी केंद्र में रहीं ।तीर्थयात्रियों, पुलिसकर्मियों,विद्यार्थियों ने कई भाषाओं को सीखा और समझा।यूइंग क्रिश्चियन कालेज के प्रो. उमेश प्रताप सिंह जी ने कहा कि यह महाकुम्भ अमृत महोत्सव है जहां देश के कोने कोने से आकर सबका धर्म, जाति और उद्देश्य केवल एक हो जाता है । यह अवसर शारीरिक ,मानसिक ,बौद्धिक एवं आध्यात्मिक रूप से अपने को एक सीढ़ी ऊपर ले जाने का अवसर है। महाकुम्भ हमें भेदभाव मुक्ति के साथ सदाचरण में



प्रवृत्त करता है।यही वास्तविक अमृत है । भौतिक उन्नति के साथ साथ आत्मिक और आध्यात्मिक उन्नति भी जरूरी है। कार्यक्रम संयोजक उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान की डॉ. रश्मि शील जी ने महाकुम्भ को अमृत महोत्सव कहा और काव्यपाठ भी किया।उन्होंने सामाजिक, सांस्कृतिक चेतना से जुड़ने को उपलब्धि बताया। साहित्यकार डॉ. माला शिल्पकार जी ने काव्यपाठ किया।कार्यक्रम संचालन यूइंग क्रिश्चियन कालेज के डॉ. गजराज पटेल जी ने किया।उन्होंने इस अवसर पर काव्यपाठ भी किया।कार्यक्रम महाकुम्भ मेला क्षेत्र में स्थित उच्च शिक्षा निदेशालय शिविर में संपन्न हुआ।निदेशक उच्च शिक्षा प्रो. अमित भारद्वाज जी ने अतिथियों का आभार ज्ञापित किया। माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड के पूर्व सदस्य प्रो. के. सी. शर्मा जी ने इस प्रकार के आयोजनों को जरूरी बताया।इस अवसर पर बड़ी संख्या में प्राध्यापक, शोधार्थी, विद्यार्थी और सुधी श्रोता उपस्थित रहे। निदेशक श्री विनय श्रीवास्तव के निर्देशन में संयोजित इस उपक्रम की अतिथियों द्वारा खूब सराहा गया ।उनके अनुसार ये वास्तव में राष्ट्रीयता, सांस्कृतिकता, सामाजिकता की विरासत को सहेजने और आने वाली पीढ़ी को जागरूक करने का भी महाकुंभ है, यह प्रयास न केवल प्रशंसनीय है बल्कि अनुकरणीय भी है। उनके द्वारा निदेशक महोदय व कार्यकारी अध्यक्ष श्री जितेन्द्र कुमार के प्रति आभार व्यक्त किया गया। भाषा संस्थान की ओर से उपस्थित अंजू सिंह, श्री बृजेश कुमार यादव, रश्मि शील द्वारा पधारे अतिथियों का सम्मान व आभार व्यक्त किया गया।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा निकाली गई शिवजी की भव्य शोभायात्रा




**संवाददाता**

बिंदकी/फतेहपुर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा शिवजी की शोभायात्रा निकाली गई। भारीपुलिस बल की मौजूदगी में यह शोभायात्रा कस्बे के प्रमुख मार्गो में घूमि।

पुलिस क्षेत्राधिकारी ने दीप प्राजूलंकर और पूजा अर्चना कर हरी झंडी दिखाते हुए शोभायात्रा का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा लगातार कई वर्षो से चलाए जा रहे अभियान के तहत सुख और शांति मिलती है लोगों का आत्मविश्वास बढ़ता है। जीवन सफल होता है इस मिशन में काम करने वाले सभी लोग धन्यवाद के पात्र हैं। जानकारी के अनुसार बिंदकी कस्बे के ललौली रोड स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा रविवार को दिन में करीब 1:00 बजे शिवजी की शोभा यात्रा निकाली गई यह शोभा यात्रा कस्बे के प्रमुख मार्गों में पुलिस के मौजूदगी में घूमी। यात्रा का शुभारंभ पुलिस क्षेत्र अधिकारी वीर सिंह ने पूजा अर्चना कर और हरी झंडी दिखाकर किया। शोभा यात्रा के पहले कार्यक्रम का दीप प्रज्वलन करने के बाद सीओ वीर सिंह ने कहा कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम के अंतर्गत मनुष्य को आंतरिक सुख शांति एवं आनंद की प्राप्त होती है। एकाग्रता स्मरण शक्ति एवं मनोबल में वृद्धि होती है। गुण तथा विशेषताओं से आकर्षक व्यक्तित्व का निर्माण होता है ।संबंधों में मधुरता आती है मानसिक स्वास्थ्य तथा शारीरिक स्वास्थ्य की प्राप्त होती है। शोभायात्रा प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय से प्रारंभ हुई और ललौली रोड ललौली चौराहा मुगल रोड होते हुए कस्बे के विभिन्न मार्गो में घूमी। इस मौके पर क्राइम इंस्पेक्टर के अलावा सपा के पूर्व जिला अध्यक्ष रामेश्वर दयाल दयाल ब्रह्माकुमारी सीता, दिव्या, स्वाति के अलावा भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

## कोर्ट मामला विचाराधीन होने के उपरांत विवादित जमीन पर किया जा रहा है निर्माण कार्य

**- पुलिस पर एक पक्षीय कार्रवाई का लगाया आरोप**

**संवाददाता**

फतेहपुर। खखरेरू थाना क्षेत्र के जहांगीर नगर मजरे डुडियापुर के रहने वाले रामकिशोर ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि गांव के दबंग दिनेश चंद द्विवेदी के अपने घर का गंदा पानी प्रार्थी के दरवाजे के सामने से लगातार बह रहे हैं जिससे प्रार्थी के छोटे छोटे बच्चे एवं राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है जिस जगह पर पानी बहाया जा रहा है वह प्रार्थी की खुद की जमीन है जिसका मुकदमा खागा न्यायालय में विचाराधीन है इसके उपरांत दबंग दिनेश चंद्र द्विवेदी द्वारा नाली निर्माण कार्य शुरू करवाया गया जिसका प्रार्थी ने विरोध करते हुए स्थानीय पुलिस को सूचित किया पुलिस मौके पर पहुंचकर प्रार्थी को ही डराने धमकाने का कार्य करना शुरू कर दिया और विरोध करने पर झूठे मुकदमे में फसाने की धमकी दे डाली पुलिस प्रशासन के सामने ही दबंगों ने प्रार्थी के मां-बहन की गली और जान से मारने की धमकी दे डाली पुलिस की एक पक्षीय कार्रवाई से प्रार्थी थाना अध्यक्ष के चौखट पर गुहार लगाई इस संबंध में थाना अध्यक्ष बच्चे लाल प्रसाद ने बताया कि मामले की जांच कर कार्यवाही की जाएगी।





# भूमि पेडनेकर

## बोलीं- पूरी तरह से टूट चुके थे, मैं यशराज और आदी सर की जितनी भी शुक्रगुजार होऊं, कम है

भूमि पेडनेकर अपनी नई फिल्म श्मेरे हसबैंड की बीवीश् में एक पत्नी की भूमिका निभाने जा रही हैं। इस फिल्म को लेकर और रियल लाइफ में महिला और शादी के मुद्दों पर उन्होंने अपनी बात रखी है। अपने गुजरे वक्त को याद कर कहा- हम भावनात्मक रूप से टूटे हुए थे, आर्थिक रूप से टूट चुके थे। हम वाकई पूरी तरह से टूट चुके थे । भूमि पेडनेकर अपनी फिल्म मेरे हसबैंड की बीवीश् को लेकर चर्चा में हैं भूमि ने कहा-मैं यशराज और आदी सर (आदित्य चोपड़ा) की जितनी भी शुक्रगुजार होऊं, कम हैउन्होंने कहा- मैं अर्जुन को उस जमाने से जानती हूं जब मैं यशराज में असिस्टेंट कास्टिंग डायरेक्टर थी भूमि पेडनेकर इंडस्ट्री की उन अभिनेत्रियों में से हैं जिन्होंने अपने करियर में हर रंग की भूमिकाएं की हैं। अपने किरदारों के जरिए महिला मुद्दों को मुखर करने वाली भूमि कई फिल्मों में पत्नी की अलग-अलग भूमिकाओं में नजर आ चुकी हैं। इन दिनों वे खबरों में हैं अपनी नई फिल्म श्मेरे हसबैंड की बीवीश् से। इस मुलाकात में पत्नी का रोल निभाने वाली भूमि शादी, विमेन इश्यूज, अपने जीवन के मुश्किल दौर, फिल्म और अपने हीरो अर्जुन कपूर को लेकर खुल कर बातें करती हैं। शादी के लड्डू के बारे में कहा जाता है कि जो खाए वो पछताए और जो न खाए, वो भी पछताए, मगर आज के दौर में ये भी देखने मिल रहा है कि लोग शादी नहीं करना चाहते, आप मैरिज इंस्टीट्यूशन के बारे में क्या सोचती हैं? -मुझे लगता है कि आज शादी करने के रीजन अलग हो गए हैं। मैं एक लड़की के नजरिए से बता सकती हूं। ऐसा कहा जाता था कि शादी जल्दी करो क्योंकि आपका भविष्य ही शादी है। अब हुआ ये है कि कई लड़कियां आत्मनिर्भर हैं, तो अब ऐसा है कि मैं तो पहले से सेटल हूं, तो अब मुझे जो चाहिए, वो कंपैनियनशिप है। जहां तक मेरी बात है, तो मैं शादी में गहरा विश्वास करती हूं मगर मेरा मानना है कि मैं शादी कंपैनियनशिप के नजरिए से करना चाहूंगी।

क्या आप मानती हैं कि लड़कों की तुलना में लड़कियों पर शादी का प्रेशर ज्यादा होता है?

-बिलकुल। अगर आप रेशियो देखने जाएं, तो ये प्रेशर अब भी बहुत ज्यादा होता है। मेरी अपनी सहेलियां हैं, जिन्होंने अर्ली ट्वेंटीज में बहुत यंग एज में शादी कर ली। कइयों की शादियां चली भी नहीं। उन्होंने अपनी शादी में बहुत मुश्किल समय देखा। मगर कई ऐसी भी हैं, जो अपनी मैरिज में बहुत खुश हैं। कइयों ने लेट शादी भी की है और वो भी खुश हैं, तो मुझे लगता है कि इसका सही या गलत जवाब नहीं हो सकता। हर इंडिविजुअल लड़की के लिए शादी अलग हो सकती है क्योंकि हर लड़की की जिंदगी अलग है, उसके सपने अलग हैं। मेरा सिर्फये कहना है कि शादी किसी भी लड़की के लिए गले का फंदा नहीं होना चाहिए। शादी में लड़कियों को फ्रीडम मिलनी चाहिए। शादी एक ऐसी संस्था होनी चाहिए जो आपको एम्पावर करे, आपको सक्षम बनाए न कि आपको पीछे खींचे। मगर कहीं न कहीं मुझे लगता है कि आजकल की मॉडर्न लड़कियों में शादी को लेकर एक घबराहट आ गई है। मेरा मानना है कि अगर आपको सही पार्टनर मिलेगा, जो आपको बढ़ावा देगा और आपके सपने नहीं छीनेगा तो वो घबराहट भी चली जाएगी।

महिला मुद्दों की बात करूं, तो आपने हमेशा अपनी फिल्मों में विमेन इश्यूज को अपनी आवाज दी है, आपको असल जिंदगी में महिलाओं से जुड़ी कौन-सी बातें परेशान करती हैं?

-इसका जवाब बहुत जटिल है। हाल ही में हम एक साहित्य सम्मेलन में थे और मैंने वहां सआदत हसन मंटो साहब की कहानी श्खोल दोश् पढ़ी थी। बंटवारे के दौरान औरतों पर जो बीती, उसमें से श्खोल दोश् एक कहानी है। (कहानी में सकीना नामक लड़की अनेकों बार बलात्कार की शिकार होती है) आज भी जब मैं औरतों के साथ होने वाले पाशविक बर्ताव की खबरें पढ़ती हूं, तो मुझे लगता है कि वो कहानी मंटो साहब ने अस्सी साल पहले लिखी थी, मगर वो सिचुएशन आज भी है। हमारे पास डेवलपमेंट आ गई है और टेक्नॉलजी में हम काफी संपन्न हुए हैं। हमारे पास भयंकर बीमारियों का इलाज हैं, कई तरह के वैक्सीन आ गए हैं, मगर हमारे समाज की जो मूलभूत समस्या है, वो जस की तस है। हम आधुनिक और उन्नत हुए हैं, मगर महिलाओं के शोषण का जो सिलसिला है, वो गैप दूसरी चीजों की तरह तेजी से कम नहीं हुआ है। बहरहाल इस पर तो बहुत लंबी चर्चा हो सकती है क्योंकि आप जानती हैं कि मेरे व्यू काफी स्ट्रॉन्ग रहे हैं। मुझे मेरी फिल्मों ने जरिया दिया कि मैं अपने विभिन्न किरदारों के माध्यम से उन विचारों को मुखर कर सकूं। मैं अपने महिला पात्रों के जरिए दर्शकों पर एक अलग छाप छोड़ने में यकीन करती हूं और ये सिलसिला आगे भी चलता रहेगा।

आपके लिए अब तक का सबसे मुश्किल दौर कौन-सा था?

-मुझे लगता है मेरे लिए उससे ज्यादा मुश्किल दौर कोई नहीं हो सकता, जब मैंने अपने पिता को खोया था। ऐसा कठिन वक्त मैं अपनी जिंदगी में दोबारा नहीं देखना चाहूंगी। मेरे पिता कैंसर से चल बसे थे और वो वक्त हमारे परिवार के लिए बहुत ही चुनौतीपूर्ण था, क्योंकि हम भावनात्मक रूप से टूटे हुए थे, आर्थिक रूप से टूट चुके थे। हम वाकई पूरी तरह से टूट चुके थे और ऐसा होता है, जब परिवार के एक सदस्य को किसी ऐसे असाध्य रोग से गुजरना पड़े। हम तब काफी यंग थे। मगर फिर एक खूबसूरत चीज ये हुई कि मुझे यशराज में नौकरी(असिस्टैंट कास्टिंग डायरेक्टर) मिल गई और उस एक नौकरी ने मेरी जिंदगी बदल दी। उसके लिए मैं यशराज और आदी सर (फिल्मकार आदित्य चोपड़ा) की जितनी भी शुक्रगुजार होऊं, कम है। आज जब पलट कर देखती हूं, तो लगता है कि अगर तब वो नौकरी मेरे पास नहीं होती, तो मैं आज यहां नहीं होती।

नए साल की शुरुआत में बॉक्स ऑफिस पर फिल्में अपना दमखम नहीं दिखा पाई हैं। आपकी फिल्म श्मेरे हसबैंड की बीवीश् एक थिएट्रिकल रिलीज है, तो इस बात को लेकर किसी तरह की घबराहट है?

-देखिए, श्छावाश् चल रही है। श्स्काई फोर्सश् भी चली है और सनम तेरी कसम अपनी री रिलीज में अच्छा-खासा बिजनेस कर रही है। मुझे लगता है, साल का दूसरा महीना चल रहा है और फिल्में चल रही हैं, तो इन फिल्मों से एक ऐसा माहौल बन गया है कि लोग थिएटर आकर फिल्में देख रहे हैं। मैं तो बस यही दुआ करूंगी कि लोग हमारी फिल्म देखने भी आएं। फिल्म के बारे में यही कहूंगी कि यह एक मजेदार एंटेरटेनिंग फिल्म है और इसमें दर्शकों को मजा जरूर आएगा।

अर्जुन कपूर का साथ कैसा रहा?

-बहुत ही यादगार। मैं अर्जुन को उस जमाने से जानती हूं जब मैं यशराज में असिस्टेंट कास्टिंग डायरेक्टर थी। उस वक्त अर्जुन श्इश्कजादेश् में काम कर रहे थे। उसके बाद जब वे बड़े स्टार बने, तब भी वे जमीन से जुड़े रहे। तकरीबन 13 सालों से मैं उन्हें जानती हूं। वे बहुत ही सहयोगी और खयाल रखने वाले एक्टर हैं। वे अपने साथी कलाकारों ही नहीं बल्कि सेट पर मौजूद हर किसी की इज्जत करते हैं।

## कृति और कबीर की शादी की अफवाहें झूठी



कृति सेनन काफी दिनों से अपने रिलेशनशिप को लेकर चर्चा में हैं। अफवाह है कि एक्ट्रेस बिजनेसमैन कबीर बहिया को डेट कर रही हैं। दोनों के जल्द ही शादी करने की अफवाह भी सामने आई थी। हालांकि शादी की अफवाह झूठी साबित हुई हैं। साल 2025 में शादी नहीं करेंगी कृति इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, कृति और कबीर साल 2025 में शादी नहीं करेंगे। इसकी वजह एक्ट्रेस का बिजी वर्क शेड्यूल बताया जा रहा है। एक्ट्रेस 15 फरवरी को रूमर्ड बॉयफ्रेंड के साथ नई दिल्ली एयरपोर्ट पर नजर आई थीं। जिससे ये अनुमान लगाया जा रहा था कि वो कबीर के पेरेंट्स से मिलने के लिए दिल्ली पहुंची थी। अब कृति के दिल्ली जाने की असल वजह सामने आई है। एक्ट्रेस अपनी अपकमिंग फिल्म तेरे इश्क में की शूटिंग शुरू करने के लिए दिल्ली गई थीं। रूमर्ड बॉयफ्रेंड कबीर के साथ दिखीं कृति 15 फरवरी को दोनों दिल्ली एयरपोर्ट पर साथ दिखे। जिसके बाद दोनों का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ। एक्ट्रेस के रूमर्ड बॉयफ्रेंड कबीर दिल्ली के रहने वाले हैं। ऐसे में सोशल मीडिया यूजर्स कयास लगाने लगे थे कि कृति, कबीर के पेरेंट्स से मिलने के लिए दिल्ली पहुंची थीं।दोनों ने न्यू ईयर साथ सेलिब्रेट किया कृति सेनन और बिजनेसमैन कबीर बहिया अक्सर साथ नजर आते हैं। दोनों ने न्यू ईयर और क्रिसमस भी साथ में सेलिब्रेट किया था। दोनों को राहत फतेह अली खान के कॉन्सर्ट में साथ देखा गया था। एक्ट्रेस की बहन नूपुर सेनन ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर कॉन्सर्ट की कुछ इंस्टाग्राम स्टोरीज शेयर की थीं। ऐसा माना जा रहा था कि कृति सेनन न्यू ईयर सेलिब्रेशन के लिए दुबई गई हुई थीं। कृति और कबीर की कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हैं। बिजनेसमैन हैं कबीर बहिया हालांकि, कृति और कबीर ने अब तक अपने रिश्ते को ऑफिशियली एक्सेप्ट नहीं किया है। कबीर बहिया वर्ल्डवाइड एविएशन एंड टूरिज्म लिमिटेड के संस्थापक हैं। उनके पिता साउथॉल ट्रैवल के मालिक हैं, जो ब्रिटेन की एक ट्रैवल एजेंसी है। जल्द ही फिल्म तेरे इश्क में नजर आएंगी कृति कृति सेनन जल्द ही धनुष के साथ फिल्म तेरे इश्क में नजर आएंगी। फिल्म मेकर्स ने हाल ही में फिल्म का टीजर रिलीज किया। फिल्म की शूटिंग पूरी करने के लिए कृति दिल्ली में हैं। एक्ट्रेस ने इससे पहले साल 2024 में तीन बड़ी फिल्मों में काम किया। शाहिद कपूर के साथ फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया में दिखाई दी थीं। वहीं, करीना कपूर खान और तब्बू के साथ फिल्म क्रू में भी नजर आई थी। साथ ही फिल्म दो पत्ती में कृति ने एक्टिंग के साथ फिल्म का प्रोडक्शन भी किया था।

## डिलीट नहीं हुए हैं उर्वशी के सीन




नंदमुरी बालकृष्ण की फिल्म डाकू महाराज के ओटीटी पर रिलीज होने का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे थे. ये फिल्म 12 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और अब ओटीटी पर भी दस्तक दे चुकी है. डाकू महाराज आर नेटफ्लिक्स पर कई भाषाओं में रिलीज हुई है. फिल्म के ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने से कई खबरे आ रही थीं कि ओटीटी वर्जन से उर्वशी रौतेला के सीन हटा दिए गए हैं. इस पर उर्वशी ने चुप्पी साधी हुई थी. अब फिल्म रिलीज हो गई है और इस अफवाह पर विराम लग गया है. नहीं डिलीट हुए हैं सीन्स बता दें नेटफ्लिक्स वर्जन से उर्वशी रौतेला का एक भी सीन डिलीट नहीं हुआ है. उनका गाना दबिडी दिब्बी भी वैसा ही है जैसा रिलीज हुआ था. उर्वशी के सीन्स डिलीट होने की अफवाह तब शुरू हुई थी जब नेटफ्लिक्स ने सोशल मीडिया पर फिल्म के ओटीटी रिलीज की अनाउंसमेंट की थी और उसमें उर्वशी रौतेला नजर नहीं आई थीं. नेटफ्लिक्स का ये पोस्ट हुआ था वायरल नेटफ्लिक्स ने डाकू महाराज का सोशल मीडिया पर पोस्टर शेयर किया था. जिसमें उर्वशी नहीं थी. हालांकि जब उर्वशी को लेकर अफवाह उड़ने लगी तो नेटफ्लिक्स ने एक पोस्ट शेयर किया था जिसमें एक्ट्रेस की कई सारी फोटोज थी. अब भी नेटफ्लिक्स ने एक पोस्ट शेयर किया है. जिसमें लिखा है- डाकू महाराज आ गए हैं. तूफान शुरू हो गया है. डाकू महाराज को अब नेटफ्लिक्स पर तेलुगु, तमिल, कन्नड़, मलयालम और हिंदी में देखें! फिल्म की बात करें तो डाकू महाराज एक एक्शन ड्रामा फिल्म है जिसे बॉबी कोल्ली ने डायरेक्ट किया है. फिल्म में नंदमुरी बालकृष्ण के साथ उर्वशी रौतेला, बॉबी देओल, प्रज्ञा जयसवाल अहम किरदार निभाते नजर आए हैं. फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छी कमाई की है. अब ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी ये फिल्म लोगों का दिल जीत रही है.

# भारत का जीत के साथ आगाज, बांग्लादेश को 6 विकेट से चटाई धूल



चौंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत का जीत का खाता खुल गया है। टीम इंडिया ने अपने पहले मैच में बांग्लादेश को 6 विकेट से हराया। इस जीत के साथ ही भारत को 2 अंक मिले। भारत ने बांग्लादेश के द्वारा दिए गए 229 रन के लक्ष्य को 4 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया।

आईसीसी चौंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत का जीत का खाता खुल गया है। टीम इंडिया ने अपने पहले मैच में बांग्लादेश को 6 विकेट से हराया। इस जीत के साथ ही भारत को 2 अंक मिले। भारत ने बांग्लादेश के द्वारा दिए गए 229 रन के लक्ष्य को 4 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। टीम इंडिया की जीत में तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी, अक्षर पटेल, रोहित शर्मा, शुभमन गिल और केएल राहुल का अहम योगदान है। गिल ने वनडे करियर का आठवां शतक भी जड़ा। वहीं अब भारत का अगला मुकाबला अपने चिर प्रतिद्वंद्वी टीम पाकिस्तान से रविवार, 23 फरवरी को दुबई में ही खेला जाएगा। भारत ने 229 रन के टारगेट को 46.3 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया था। रोहित शर्मा और शुभमन गिल ने भारत को अर्धशतकीय शुरुआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 69 रन की साझेदारी की। इस दौरान रोहित ने 41 रन बनाए और आउट हो गए। साथ ही उन्होंने अपने वनडे करियर में 11000 रन भी पूरे किए। विराट कोहली 22 रन बनाकर पवेलियन लौटे, जबकि श्रेयस अय्यर ने 15 रन का योगदान दिया। अक्षर पटेल पांचवें नंबर पर उतरे और महज 8 रन बनाकर आउट हो गए। गिल ने वनडे करियर का आठवां शतक ठोका। उन्होंने 129 गेंदों पर नाबाद 101 रन बनाए। इस दौरान गिल ने 9 चौके और दो छक्के जड़े। केएल राहुल 47 गेंदों में 41 रन बनाकर नाबाद लौटे। इस दौरान बांग्लादेश के रिशाद हुसैन ने सबसे ज्यादा 2 विकेट झटके। वहीं बांग्लादेश के लिए तौहीद ह्रदोय ने 118 गेंद पर 100 रन बनाए। जेकर अली ने 114 गेंद पर 68 रन बनाए। तंजिद हसन ने 25 रन बनाए। रिशाद हुसैन ने 18 रन बनाए। सौम्य सरकार, नजमुल हसन शांतो, मुस्तफिज़ुर रहीम और तंजिम हसन साकिब बैगर खाता खोले आउट हुए। वहीं मुस्तफिज़ुर रहमान बिना खाता खोले ही पवेलियन लौटे। जबकि भारत के लिए मोहम्मद शमी ने 5 विकेट झटके। हर्षित राणा ने 3 और अक्षर पटेल ने 2 विकेट लिए।

### महामुकाबले से पहले मोहसिन नकवी का पाकिस्तान टीम को सख्त निर्देश

# मुझे किसी भी कीमत पर जीत चाहिए




**दुबई।** मोहम्मद रिजवान की अगुआई वाली टीम ने शनिवार को अभ्यास किया। इस दौरान स्टार बल्लेबाज बाबर आजम नहीं दिखे। वह पाकिस्तान के स्क्वॉड से एकमात्र ऐसे खिलाड़ी थे जिन्होंने अभ्यास नहीं किया। ऐसे में अटकले लगाई जा रही हैं कि वह भारत के खिलाफ महामुकाबले में बाहर हो सकते हैं। अभ्यास सत्र में पीसीबी प्रमुख नकवी भी मौजूद थे। भारत और पाकिस्तान की टीमें रविवार को आमने-सामने होंगी। यह मुकाबला दुबई के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में दोपहर 2रू30 बजे से खेला जाएगा। इस मैच के लिए दोनों टीमें तैयार हैं। महामुकाबले से पहले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के प्रमुख मोहसिन नकवी ने पाकिस्तान टीम से भारत को हराने के लिए सख्त निर्देश दिए हैं। बाबर आजम ने नहीं किया अभ्यास मोहम्मद रिजवान की अगुआई वाली टीम ने शनिवार को अभ्यास किया। इस दौरान स्टार बल्लेबाज बाबर आजम नहीं दिखे। वह पाकिस्तान के स्क्वॉड से एकमात्र ऐसे खिलाड़ी थे जिन्होंने अभ्यास नहीं किया। ऐसे में अटकले लगाई जा रही हैं कि वह भारत के खिलाफ महामुकाबले में बाहर हो सकते हैं। अभ्यास सत्र में पीसीबी प्रमुख नकवी भी मौजूद थे। अभ्यास के बाद पीसीबी चीफ ने की खिलाड़ियों से मुलाकात अभ्यास के बाद पाकिस्तान क्रिकेट टीम से मुलाकात की और उनसे रविवार को भारत के खिलाफ होने वाले अहम मैच को श्किसी भी कीमत परश् जीतने का आग्रह किया ताकि आलोचकों का मुंह बंद हो जाए। अगर पाकिस्तान यह मैच हार जाता है तो वह टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगा। श्भारत को किसी भी कीमत पर हराओश् समाचार एजेंसी पीटीआई ने सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के आधार पर बताया कि, उन्होंने (मोहसिन नकवी) कप्तान, कोच और खिलाड़ियों से भारत के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने और मैच जीतने का आग्रह किया ताकि आलोचकों को मुंहतोड़ जवाब दिया जा सके। इस दौरान नकवी को तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी और हारिस रऊफ के साथ लंबी बातचीत करते देखा गया। श्हमारी टीम पूरी तरह तैयार हैश् नकवी ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा- यह शानदार मैच होगा और हमारी टीम पूरी तरह से तैयार है और मेरे विचार से वे फॉर्म में हैं। हम अपनी टीम के साथ हैं, चाहे वे जीतें या हारें। जब उनसे पूछा गया कि चौंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करने के बावजूद पाकिस्तान को यहां भारत के साथ खेलना पड़ रहा है, तो उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा, आपको यह भारतीयों से पूछना चाहिए कि अगर उनके साथ भी ऐसा ही होता तो उन्हें कैसा लगता? उल्लेखनीय है कि भारत ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए पाकिस्तान जाने से इनकार कर दिया था और चौंपियंस ट्रॉफी के अपने मैच दुबई में खेल रहा है। अगर भारत आगे बढ़ता है तो टूर्नामेंट का फाइनल भी दुबई में ही होगा।

# पाकिस्तान के खिलाफकितना स्कोर रहेगा काफी, उपकप्तान शुभमन गिल ने रखी राय, मैच पर भी दिया बयान




**दुबई।** भारत का आईसीसी टूर्नामेंटों में पाकिस्तान पर हमेशा दबदबा रहा है और दोनों के बीच मुकाबलों को लेकर काफी हाइप रहती है। भारत और पाकिस्तान की टीमें रविवार को होने वाले चौंपियंस ट्रॉफी के मुकाबले के लिए तैयार हैं। इस महामुकाबले से पहले भारतीय उपकप्तान शुभमन गिल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की और तैयारियों तथा मैच को लेकर अपनी राय रखी। गिल ने बताया कि दुबई में ओस नहीं होने से बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीम पर अधिक दबाव होगा और 300 से अधिक का स्कोर काफी अच्छा रहेगा। भारत का आईसीसी टूर्नामेंटों में पाकिस्तान पर हमेशा दबदबा रहा है और दोनों के बीच मुकाबलों को लेकर काफी हाइप रहती है। गिल ने मैच की पूर्व संध्या पर कहा, हम सकारात्मक और आक्रामक क्रिकेट खेलेंगे। 300 से 305 का स्कोर इस विकेट पर अच्छा रहेगा। बीच के ओवरों में अच्छी बल्लेबाजी करने वाली टीम के जीतने की संभावना अधिक होगी। टॉस से उतना फर्क नहीं पड़ेगा क्योंकि ओस नहीं है। बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीम पर दबाव रहेगा। भारत–पाकिस्तान मैच की हाइप पर क्या बोले उपकप्तान? गिल से पूछा गया कि क्या भारत और पाकिस्तान के बीच मैच को लेकर अत्याधिक हाइप रहती है। इस पर उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता कि इसे लेकर अत्याधिक हाइप रहती है या नहीं। दोनों टीमों के बीच प्रतिद्वंद्विता का लंबा इतिहास रहा है और करोड़ा लोग हैं जो इस मैच को देखना पसंद करते हैं। इसलिए यह कहने वाला मैं कोई नहीं हूं कि इसे लेकर ओवरहाइप रहती है या नहीं। भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला बड़ा है, लेकिन चौंपियंस ट्रॉफी का फाइनल उससे भी बड़ा है। हमने अच्छी क्रिकेट खेली है, लेकिन हम पाकिस्तान को हल्के में नहीं ले सकते। श्रोहित के साथ बल्लेबाजी का आनंद लेता हूंश् गिल ने कहा कि कप्तान रोहित शर्मा के आक्रामक शुरुआत करने से उन पर प्रभाव नहीं पड़ता है। उन्होंने कहा, इससे मुझ पर प्रभाव नहीं पड़ता है। रोहित भाई का अपना तरीका है। इससे मुझे खुद में सुधार करने का मौका मिलता है। उनके साथ बल्लेबाजी करना शानदार है और मैं रोहित के साथ बल्लेबाजी करने का आनंद लेता हूं। अगर रोहित आक्रामक शुरुआत करते हैं तो इससे मुझे मैच में ढलने का मौका मिलता है।

गिल बोले – बुमराह का नहीं होना झटका भारत इस टूर्नामेंट में स्टार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बिना उतरा है जो चोट के कारण इसका हिस्सा नहीं हैं। गिल ने कहा कि बुमराह की अनुपस्थिति टीम के लिए झटका है। गिल ने बुमराह को लेकर कहा, जाहिर है कि उनका ना होना हमें प्रभावित कर रहा है। बुमराह भारत के लिए लंबे समय से खेल रहे हैं और बुमराह का नहीं होना हमारे लिए झटका है। इस कारण एक टीम के रूप में हम काफी निराश हैं। लेकिन हमें अपने सर्वश्रेष्ठ विकल्पों का चयन करना है और हर्षित राणा ने अच्छी गेंदबाजी की है।

# दक्षिण अफ्रीका को कड़ी टक्कर देने के लिए तैयार अफगानिस्तान

चौंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट का तीसरा मुकाबला अफगानिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के बीच आज खेला जाएगा। पाकिस्तान के कराची स्टेडियम में यह मैच खेला जाएगा। जिसकी शुरुआत 2.30 बजे से होगी। यह काफी रोमांचक मुकाबला होगा। अफगानिस्तान के स्पिनर और साउथ अफ्रीका के बल्लेबाजों के बीच जंग देखने को मिल सकती है।

आईसीसी चौंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट का तीसरा मुकाबला अफगानिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के बीच आज खेला जाएगा। पाकिस्तान के कराची स्टेडियम में यह मैच खेला जाएगा। जिसकी शुरुआत 2.30 बजे से होगी। यह काफी रोमांचक मुकाबला होगा। अफगानिस्तान के स्पिनर और साउथ अफ्रीका के बल्लेबाजों के बीच जंग देखने को मिल सकती है। हाल के कुछ समय में दक्षिण अफ्रीका ने प्ब्ब् इवेंट्स में अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने पिछले साल टी20 विश्व कप फाइनल के लिए क्वालीफाई करने से पहले 2023 वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। दोनों मौकों पर हारने के बाद दक्षिण अफ्रीका चौंपियंस ट्रॉफी में खुद को फिर से साबित करने उतरेगा।

कराची में छाये रहेंगे बादल

आज दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अफगानिस्तान के चौंपियंस ट्रॉफी मुकाबले के दौरान कराची में बादल छाए रहेंगे। हालांकि, इस मैच में बारिश की संभावना तीन प्रतिशत कम है। दिन में तापमान 30 डिग्री सेल्सियस और रात में 17 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। तो वहीं, हवा की गति 10 से 15 किमीध्घंटा के बीच रहेगी और अधिकतम आर्द्रता का स्तर 48 प्रतिशत रहेगा।

कैसा रहेगा पिच का मिजाज

कराची की नेशनल बैंक स्टेडियम की क्रिकेट पिच बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों के लिए अनुकूल है। पिच के अच्छे उछाल का फायदा उठाकर बल्लेबाज आसानी से अपने स्ट्रोक खेल सकते हैं। मैच में खेल के आगे बढ़ने के साथ ही बल्लेबाजी के लिए परिस्थितियाँ बेहतर होती जाती हैं। दूसरी ओर जब नई गेंद आती है तो तेज गेंदबाजों को थोड़ी मदद मिलती है। कराची में पहली पारी का औसत स्कोर 246 रन है, लेकिन हाल के खेलों में उच्च स्कोरिंग मामले देखे गए हैं। इस स्थान पर लक्ष्य का पीछा करने वाली टीमों को आमतौर पर पहले बल्लेबाजी करने वाली टीमों पर थोड़ा फायदा होता है।

साउथ अफ्रीका को कड़ी टक्कर देगी अफगानिस्तान

एशियाई टीम वनडे क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के बाद अफगानिस्तान दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चौंपियंस ट्रॉफी में पदार्पण करने के लिए तैयार है। हसमतुल्लाह शाहिदी की अगुवाई वाली टीम ने अपने पिछले चार वनडे दौरों में सीरीज जीत भी हासिल की है। इस दौरान अफगानिस्तान की टीम ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ भी जीत हासिल की है। अपने हालिया प्रदर्शन को देखते हुए अफगानिस्तान अपने पहले मैच में आत्मविश्वास से भरा होगा। वे अपने अभियान में कुछ टीमों को आश्चर्यचकित करना चाहेंगे।

## भारत की जीत के बाद देखें पॉइंट्स टेबल का हाल

आईसीसी चौंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत ने अपना पहला मुकाबला बांग्लादेश के खिलाफखेला जिसे उसने 6 विकेट से जीत लिया। इससे पहले पाकिस्तान और न्यूजीलैंड मैच से टूर्नामेंट का आगाज हुआ था। फिलहाल, अभी तक ग्रुप ए की टीमों के बीच मुकाबले हुए। साउथ अफ्रीका और अफगानिस्तान के अलावा ग्रुप–बी में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड है। जबकि ग्रुप–ए में भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश और न्यूजीलैंड है। इस समय पॉइंट्स टेबल में कौन सी टीमें कहां हैं? रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम की बांग्लादेश के खिलाफजीत के बाद पॉइंट्स टेबल कितना बदला है? दरअसल, भारतीय टीम बांग्लादेश के खिलाफधमाकेदार जीत के बावजूद पॉइंट्स टेबल में दूसरे नंबर पर है। वहीं टॉम लेथम की अगुवआई वाली न्यूजीलैंड टॉप पर काबिज है। हालांकि, भारत और न्यूजीलैंड के बराबर 2–2 पॉइंट्स हैं, लेकिन कीवी टीम का नेट रन रेट न्यूजीलैंड से बेहतर है। न्यूजीलैंड का नेट रन रेट 1.200 है, जबकि भारत का नेट रन रेट 0.0408 हैं। वहीं इस ग्रुप में बांग्लादेश की टीम पॉइंट्स टेबल में तीसरे नंबर पर काबिज है। जबकि मोहम्मद रिजवान की कप्तानी वाली पाकिस्तान पॉइंट्स टेबल में चौथे नंबर पर है। बहरहाल, आज ग्रुप–बी की 2 टीमें आमने–सामने होंगी। जबकि शनिवार को ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड का आमना–सामना होगा। बताते चलें कि इस टूर्नामेंट में कुल 8 टीमें खेल रही हैं। इन 8 टीमों को 2 ग्रुपों में बांटा गया है। भारत के अलावा पाकिस्तान, न्यूजीलैंड और बांग्लादेश को ग्रुप–ए में रखा गया है। जबकि साउथ अफ्रीका और अफगानिस्तान के अलावा ग्रुप–बी में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड है।

## रणजी ट्रॉफी में भी मचा कन्कशन को लेकर बवाल, रवि बिश्नोई की जगह मैदान पर उतरा ऑलराउंडर

कुछ समय पहले भारत और इंग्लैंड के बीच खेली गई टी20 सीरीज के दौरान कन्कशन का मुद्दा काफी चर्चा में था। इसके कुछ लोगों ने सही बताया था तो इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने इसकी आलोचना की थी। वहीं अब भारतीय घरेलू क्रिकेट में भी कन्कशन के मुद्दे पर बवाल मच गया है। दरअसल, केरल और गुजरात के बीच रणजी ट्रॉफी का पहला सेमीफाइनल अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस मैच में रवि बिश्नोई के कन्कशन रिप्लेसमेंट को लेकर बवाल मचा। बता दें कि, केरल और गुजरात मैच के दौरान रवि बिश्नोई चोटिल हो गए जिसके बाद गुजरात ने उनके रिप्लेसमेंट के रूप में किसी स्पिनर को नहीं बल्कि बॉलिंग ऑलराउंडर हेमंग पटेल को मैदान पर उतारा। गुजरात के इस फैसले से केरल के जलज सक्सेना नाराज नजर आए। केरल ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 457 रन बोर्ड पर लगाए, जब गुजरात की टीम बुधवार को बढ़त हासिल करने के लिए बैटिंग कर रही थी तो उन्होंने रवि बिश्नोई के रिप्लेसमेंट की जानकारी केरल को दी। बता दें कि, बिश्नोई के चेहरे पर चोट लग गई और फील्डिंग के दौरान उनकी नाक से खून बहने लगा, जिसके बाद उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा। केरल की टीम को उस समय झटका लगा जब बिश्नोई के रिप्लेसमेंट हेमंग टीम के टॉप स्कोरर जयमीत पटेल और कप्तान चिंतन गजा के ऊपर पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए। केरल तो ये बर्दाश्त कर गया था कि गुजरात ने एक स्पिनर की जगह एक तेज गेदंबाजी ऑलराउंडर को चुना है, लेकिन बिश्नोई नंबर–10 या 11 पर बैटिंग करते हैं, लेकिन हेमंग को 5वें नंबर पर उतरता देख केरल की टीम गुस्से में नजर आई। इस कारण जलज सक्सेना को मैदान पर मौजूद अंपायर के साथ हेमांग के पांचवें नंबर पर आने पर बहस करते देखा गया। जलज ने कहा कि, रवि बिश्नोई एक गेंदबाज हैं और वह आमतौर पर अपनी टीम के लिए 9 या 10 नंबर पर बल्लेबाजी करते हैं। फिर एक कन्कशन खिलाड़ी के रूप में, आपको एक ऐसा खिलाड़ी मिल रहा है जो वास्तव में अच्छी बल्लेबाजी करता है और उसे 5वें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा जाता है। मुझे लगता है कि हमारे लिए अनुचित था और ये बात मैं अंपायर से कह रहा था। कम से कम, अगर आपने उनकी जगह एक बल्लेबाज लिया है तो उसे 11वें नंबर पर खेलने दें।

## विराट-गिल नहीं बल्कि इस खिलाड़ी को मिला पहला बेस्ट फील्डर का मेडल

चौंपियंस ट्रॉफी 2025 में टीम इंडिया का विजयी आगाज रहा। बांग्लादेश को पहले मुकाबले में 6 विकेट से हराया। भारत की जीत में मोहम्मद शमी के साथ शुभमन गिल का भी अहम योगदान रहा। शमी ने जहां 5 विकेट हॉल लेकर गेंदबाजी में कहर बरपाया, वहीं बल्ले से गिल ने कमाल दिखाया और अपने वनडे करियर का 8वां शतक जड़ा। बांग्लादेश ने भारत के सामने 229 रनों का टारगेट रखा था, जिसे टीम इंडिया ने 47वें ओवर में ही चेज कर लिया। मैच के बाद भारतीय ड्रेसिंग रूम में बेस्ट फील्डर के लिए मेडेल सेरेमनी हुई जिसमें विराट कोहली, शुभमन गिल और केएल राहुल के नाम शॉर्टलिस्ट हुए। शुभमन गिल ने स्लिप में मेहदी हसन मिराज का शानदार कैच लपका, वहीं विराट कोहली ने भी दो लाजवाब कैच पकड़ अपना योगदान दिया। हालांकि, इन दोनों को पछाड़ते हुए केएल राहुल ने चौंपियंस ट्रॉफी में पहला बेस्ट फील्डर का मेडल अपने नाम किया। राहुलने शानदार विकेट कीपिंग के साथ कुल तीन कैच लपके, जिसका उन्हें मेडल के रूप में ईनाम मिला। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी, महज 35 के स्कोर पर आधी टीम पवेलियन लौट गई थी।

## 2025 से बाहर होने पर फूट-फूटकर रोए फखर जमान

पाकिस्तान की हालत बेहद बुरी है, भारत के खिलाफ मैच उसके लिए करो या मरो का होगा। साथ ही स्लो ओवर रेट के चलते आईसीसी ने पाकिस्तान पर जुर्माना भी लगाया है।

# सबसे कम गेंदों पर 200 वनडे विकेट पूरे करने वाले गेंदबाज बने शमी, स्टार्क को पीछे छोड़ा




दुबई। शमी ने इस मामले में ऑस्ट्रेलिया के स्टार तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क को पीछे छोड़ा जिन्होंने 5240 गेंदों पर 200 वनडे विकेट पूरे किए थे। इस सूची में तीसरे स्थान पर सकलेन मुश्ताक हैं जिन्होंने 5451 गेंदों पर यह उपलब्धि हासिल की थी। भारतीय टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने बांग्लादेश के खिलाफ चौंपियंस ट्रॉफी के मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया। शमी टीम के अनुभवी गेंदबाज हैं और उनसे इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद थी। शमी ने इस दौरान एक खास उपलब्धि अपने नाम कर ली। वह सबसे कम गेंदों पर वनडे में 200 विकेट पूरे करने वाले गेंदबाज बन गए हैं। शमी ने यह उपलब्धि 5126 वनडे गेंदों पर हासिल की। दिग्गजों को पीछे छोड़ने में सफल रहे शमी शमी ने इस मामले में ऑस्ट्रेलिया के स्टार तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क को पीछे छोड़ा जिन्होंने 5240 गेंदों पर 200 वनडे विकेट पूरे किए थे। इस सूची में तीसरे स्थान पर सकलेन मुश्ताक हैं जिन्होंने 5451 गेंदों पर यह उपलब्धि हासिल की थी, जबकि ब्रेट ली और न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने क्रमशः 5640 और 5783 गेंदों पर 200 विकेट पूरे किए थे। मुश्ताक की बराबरी पर पहुंचे शमी गेंद के मामले में भले ही शमी सबसे तेजी से 200 विकेट पूरे करने वाले गेंदबाज बने, लेकिन मैच के मामले में स्टार्क सभी से आगे हैं।






स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, श्रीमती विजय लक्ष्मी शर्मा द्वारा त्रिपाठी प्रिंटिंग प्रेस 12/29, पुराना किला, कैण्ट रोड, लखनऊ 2261 (उ.प्र.) से मुद्रित कराकर 1372/12 न्यू गुडौरा बेहसा शहीदपथ लखनऊ 2268 (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक–अनूप सिंह
आरएनआई न० UPHIN/2023/87118 मोबाइल नं. 7952898 65,9839177 72 Email- tvnews1979@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ ही मान्य होगा।